आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 157, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका 15
कुबेर में रश्मिका का ऑफिशियल लुक आया सामने 16







# हाथरस पहुंचे योगी, जांच आयोग गठित

- मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती घायलों का लिया हाल, एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट
- हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोग का गठन
- मौतों की संख्या 121 हुई, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बनेगी एसओपी

**भगदड़ मामला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हाथरस

**अमृत विचार** : राज्य सरकार ने हाथरस भगदड़ हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है। जिसमें रिटायर्ड आईएएस हेमंत राव और रिटायर्ड आईपीएस भावेश कुमार सदस्य बनाए गए हैं। आयोग दो माह में जांच पूरी करेगा। एक एसओपी भी तैयार की जाएगी, जिसे आगे इस प्रकार के आयोजनों में लागू किया जाएगा।

इस बीच पूरे घटनाक्रम के लिए एडीजी आगरा की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने प्रारंभिक रिपोर्ट बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। हालांकि मुख्यमंत्री ने एसआईटी को इस घटना के तह में जाने के लिए कहा है। भोले बाबा के खिलाफ एफआईआर नहीं होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रथम दृष्टया एफआईआर उन पर होती है जिन्होंने कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। इसके बाद इसका दायरा बढ़ता है। निश्चित रूप से जो लोग भी इस घटना के जिम्मेदार होंगे वो सभी इसके दायरे में आएंगे। मंगलवार को हाथरस जिले के सिकंदराराऊ तहसील के एक गांव में भोले बाबा नामक एक प्रवचनकर्ता के सत्संग कार्यक्रम में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी जहां भगदड़ में 121 लोंगों की मौत हो गई थी।



हाथरस के जिला अस्पताल में भगदड़ की घटना में घायल महिला का हाल जानते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### कोई दोषी बचेगा नहीं, जिम्मेदारों को दिलाएंगे सजा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि हाथरस हादसे में जो भी लोग जिम्मेदार हैं उन्हें उनकी सजा दिलाई जाएगी। कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। हाथरस में घटनास्थल का मुआयना और समीक्षा करने के साथ-साथ अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद योगी ने प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने कहा कि बहुत सारे ऐसे पहलू हैं, जिन पर जांच होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पूरे आयोजन में अंदर की व्यवस्था आयोजन से जुड़े सेवादारों की थी, जबकि प्रशासन द्वारा बाहर पुलिस की व्यवस्था की गई थी, लेकिन हादसा होने के तुरंत बाद सेवादार वहां से भाग निकले। यहां तक कि उन्होंने हादसे के बाद लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की। योगी ने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों ने बातचीत में बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कार्यक्रम के बाद कथावाचक का काफिला जीटी रोड पर आया तो उन्हें छूने के लिए महिलाओं का एक दल उधर बढ़ गया। उनके पीछे-पीछे भीड़ गई और इसी के बाद वो एक-दूसरे के ऊपर चढ़ते गए। सेवादार भी लोगों को धक्का देते गए, जिसके चलते जीटी रोड के दोनों ओर ये हादसा घटित हुआ। इसका सबसे दुखद पहलू ये था कि इस तरह के कार्यक्रम के दौरान जो सेवादार प्रशासन को अंदर घुसने नहीं देते, दुर्घटना होने के तत्काल बाद उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किया। लेकिन जब प्रशासन घायलों को अस्पताल ले जाने में जुटा तो उनमें से ज्यादातर सेवादार वहां से भाग गए।

### मुख्य सेवादार व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हाथरस।** हाथरस जिले के सिकंदराराऊ इलाके में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में पुलिस ने 'मुख्य सेवादार' और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पोरा पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश पांडे की तहरीर पर मंगलवार देर रात सिकंदराराऊ थाने में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य सेवादारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### उप्र. के 17 जिलों समेत 3 राज्यों के लोगों की गई जान

**लखनऊ।** हाथरस हादसे में मारे गए लोगों में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालु भी शामिल हैं। प्रदेश के 17 जिलों के श्रद्धालुओं की भी मृत्यु हुई है। इन सभी मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार सहायता राशि प्रदान करेगी। वहीं, स्थानीय प्रशासन से जारी मृतकों की सूची में 6 अन्य राज्यों से हैं। इनमें मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक, हरियाणा के पलवल से एक और फरीदाबाद से 3, जबकि राजस्थान के डीग से 1 श्रद्धालु है। उत्तर प्रदेश के मृतकों में सर्वाधिक 22 हाथरस से हैं, जबकि आगरा से 17, अलीगढ़ से 15,एटा से 10, कासगंज और मथुरा से 8-8,बदायूं से 6, शाहजहांपुर और बुलंदशहर से 5-5, औरैया और संभल से 2-2, जबकि ललितपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और उन्नाव से एक-एक श्रद्धालु की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश से बाहर के 6 और अन्य राज्य के 106 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कुल 121 में से अब तक 112 की शिनाख्त हुई है। इनमें से 113 महिलाएं, 6 बच्चे व 2 पुरुष शामिल हैं। घायलों में 31 का इलाज हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में चल रहा है।

## एक नजर

### आडवाणी की तबीयत बिगड़ी, अपोलो में भर्ती



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता नेता लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार रात यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ दिन पहले पूर्व उपप्रधानमंत्री (96) को एम्स ले जाया गया था। उन्हें न्यूरोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विनीत सूरी की निगरानी में रखा गया है और हालत स्थिर है।

### मोदी को लोस से बर्खास्त करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा से बर्खास्त करने संबंधी याचिका बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि आरोप मनगढ़ंत हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि वह एकल न्यायाधीश के फैसले से सहमत है। एकल न्यायाधीश ने पहले ही याचिका खारिज कर दी थी।

### 80 हजारी हुआ सेंसेक्स निफ्टी भी नई ऊंचाई पर

**मुंबई।** सेंसेक्स बुधवार को कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचने के बाद थोड़ा नीचे बंद हुआ। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545 .35 अंक उछलकर 79,986 .80 पर बंद हुआ। एक समय यह 80,074 .30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। निफ्टी 162 .65 अंक चढ़कर 24,286 .50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ।

## बिहार में एक और पुल ढहा 15 दिनों में सातवीं घटना

- सिवान जिले में गंडकी नदी पर बना है यह पुल

सिवान (बिहार), एजेंसी

बिहार के सिवान जिले में गंडकी नदी पर बने पुल का एक हिस्सा बुधवार सुबह ढह गया। यह पिछले 15 दिन में राज्य में ऐसी सातवीं घटना है। जिले के देवरिया ब्लॉक में स्थित यह छोटा पुल कई गांवों को महाराजगंज से जोड़ता है। इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। पिछले 11 दिन में सिवान में पुल ढहने की यह दूसरी घटना है। उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि पुल गिरने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि देवरिया ब्लॉक में बुधवार सुबह पुल का एक हिस्सा गिर गया। यह घटना तड़के करीब पांच बजे हुई। पुल का निर्माण 1982-83 में हुआ था। कुछ दिनों से पुल की मरम्मत का काम चल रहा था। 11 दिन पहले ही सिवान में एक पुल ढहा था। इन घटनाओं ने बिहार में बुनियादी ढांचे की स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। दरौंदा इलाके में 22 जून को पुल का एक हिस्सा ढह गया था। हाल में मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं।

## जल्द घोषित होंगे सीयूईटी-यूजी परीक्षा के परिणाम

- यूजीसी प्रमुख ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने बुधवार को कहा कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम घोषित करने की तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा सीयूईटी-यूजी के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाने थे। हालांकि, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच एजेंसियों को ईमानदार कार्रवाई की खुली छूट : मोदी

**राज्यसभा में बोले प्रधानमंत्री, मणिपुर को भड़काने वाले हरकतें छोड़ें**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और आर्थिक-सामाजिक विकास को सरकार का मिशन बताते हुए बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश के मतदाता कांग्रेस की भ्रमित करने और झूठी कहानी गढ़ने वाली नकारात्मक राजनीति को पहचान चुके हैं। मतदाताओं ने भारत को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए राजग को तीसरी बार जनादेश दिया है। मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में 21 घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए संविधान पर संकट, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर विपक्ष की अवसरवादी चुप्पी, मणिपुर हिंसा और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार का खुलकर पक्ष रखा।

भ्रष्टाचार से मुक्ति को सरकार का मिशन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने जांच एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है। सरकार कहीं टांग नहीं अड़ाएगी। एजेंसियां ईमानदारी से काम करें और यह मेरी गारंटी है कि कोई भी भ्रष्टाचारी कानून से बचकर नहीं निकल पाएगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले में दोहरा मापदंड अपनाती है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर उन्होंने कहा कि शराब घोटाला करे आप, पानी घोटाला करे आप, शिकायत करे कांग्रेस और कार्रवाई हो तो गाली खाए मोदी।

प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों की गैर मौजूदगी में ही सदन ने धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा को कांग्रेस द्वारा बड़ा मुद्दा बनाए जाने का जवाब देते हुए मोदी ने कांग्रेस को संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि यदि यह वास्तव में चुनाव का मुद्दा था तो जनता ने संविधान की रक्षा की जिम्मेदारी हमें दी है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा उसके आधार पर आचरण करने से होती है, न कि संविधान की पुस्तक लहराने से।



### मणिपुर की आग में घी डालने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मणिपुर में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है, लेकिन वहां आग में घी डालने का काम करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि मणिपुर के संबंध में पिछले सत्र में विस्तार से बात की गई थी और वहां स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। 11 हजार से अधिक प्राथमिकी दर्ज की गई है और पांच सौ से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं। वहां हिंसा की घटनाएं कम हो रही हैं।

### छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक को एक बड़ी समस्या बताते हुए राज्यसभा में कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी ने कहा कि पेपर लीक एक बड़ी समस्या है और सभी दलों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर एक साथ आकर बात करनी चाहिए थी, लेकिन युवाओं के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे को भी राजनीति की भेंट चढ़ा दिया गया। नौजवानों के साथ खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

- पेपर लीक को लेकर भी विपक्ष को घेरा, युवाओं को किया आश्वस्त
- प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान विपक्ष का राज्यसभा से वॉकआउट

**राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित :** राज्यसभा में बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

### प्रधानमंत्री ने गलतबयानी की, इसलिए किया सदन से वॉकआउट : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए गलतबयानी की, जिसके विरोध में विपक्ष को सदन से वॉकआउट करना पड़ा। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना और लोगों को भ्रमित करना प्रधानमंत्री मोदी की आदत बन गई है। खरगे के साथ कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के नेता भी थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि हम सबने इसलिए वॉकआउट किया, क्योंकि प्रधानमंत्री ने कुछ गलत बातें सदन में रखीं। झूठ बोलना, लोगों को भ्रमित करना उनकी आदत है।

## सीएमओ हत्याकांड में आनंद प्रकाश को उम्रकैद

**14 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा**

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचारः** पूर्व सीएमओ, परिवार कल्याण विभाग डॉक्टर बीपी सिंह व पूर्व सीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार आर्य हत्याकांड में 14 साल बाद कोर्ट का फैसला आया। सीबीआई कोर्ट के विशेष जज ने दोनों हत्याओं में आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

करीब 6 हजार करोड़ के एनएचआरएम घोटाले से जुड़े डा. विनोद कुमार आर्य की हत्या 27 अक्टूबर 2010 को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने कर दी थी। इस घटना की रिपोर्ट विनोद कुमार की पत्नी डॉ. शशि कुमारी ने विकास नगर थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि घटना वाले दिन सुबह उसके पति कुत्ते के साथ टहलने गए थे तभी अज्ञात हमलावरों ने उनके पति को गोली मार दी थी। डा. विनोद की हत्या के 6 माह के अंदर सीएमओ बीपी सिंह की हत्या गोमती नगर थाना क्षेत्र में कर दी गई थी। डा. बीपी सिंह की हत्या की रिपोर्ट उनके चचेरे भाई इंद्र प्रताप सिंह ने 2 अप्रैल 2011 को गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके चचेरे भाई बीपी सिंह लखनऊ में सीएमओ परिवार कल्याण विभाग के पद पर कार्यरत थे। उन्हें घटना वाले दिन सुबह 6 बजे जब वह टहलने गए थे, तभी दो अज्ञात लोगों ने घर से 500 मीटर की दूरी पर मकान नंबर 3/107 विशेष खंड गोमती नगर के सामने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना के समय उनके साथ डा. पीके सिंह भी टहल रहे थे तथा इस घटना को उनके अलावा कई लोगों ने देखा था। पुलिस ने दोनों हत्याओं की साजिश में डिप्टी सीएमओ वाईएस सचान को गिरफ्तार किया था। कुछ समय बाद जेल में सचान की भी हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जांच में पुलिस के हाथ वो सुराग लगे जिसने डॉ बीके सिंह और डॉ वीके आर्या की हत्या की परतें खोल दी। लेकिन कई बड़े लोगों की संलिप्तता सामने आने और सीएमओ स्तर के अधिकारियों एवं परिवार कल्याण विभाग से जुड़ी होने के कारण आगे की विवेचना सीबीआई को सौंप दी गई थी। अदालत के समक्ष सीबीआई के एसपीओ दीप नारायण ने कहा कि दोनों की हत्या के आरोपी को मृत्युदंड से दंडित किया जाए। सुनवाई के उपरांत सीबीआई कोर्ट के विशेष जज अनुरोध मिश्रा ने आरोपी आनंद प्रकाश तिवारी को उम्र कैद की सजा से सुनाई, 58 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## युवती व भाई पर फेंका तेजाब, झुलसे

- एक बाइक से पहुंचे थे दोनों आरोपी, पीछे बैठे युवक ने दिया घटना को अंजाम
- केजीएमयू में चल रहा दोनों का इलाज, लोहिया पार्क के पास सुबह की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ (ठाकुरगंज)

"तेजाब से झुलसी युवती व उसके भाई का इलाज प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। युवती का चेहरा व दोनों बांह, उसके भाई की पीठ व दायां बांह तेजाब से झुलस गया है। दो डाक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। -**डॉ. सुधीर सिंह**, प्रवक्ता केजीएमयू

**अमृत विचार** : चौक क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब आठ बजे बाइक सवार युवकों ने एक युवती व उसके मौसेरे भाई पर तेजाब फेंक दिया। जिससे दोनों झुलस गए। पुलिस ने भाई-बहन को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज प्लास्टिक सर्जरी विभाग में चल रहा है। पीड़िता के पिता ने अमन नामक युवक पर बेटी से दोस्ती करने का दबाव बनाने व फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 124(1),78(1) में एफआईआर दर्ज की है। वहीं, देर रात आरोपी के पुलिस मुठभेड़ में घायल होने की सूचना है । युवक के पैर में गोली लगने की बात की जा रही है।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने प्रार्थना-पत्र दिया है जिसमें बताया है कि वे व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं, चौक क्षेत्र में व्यवसाय करते हैं। उनकी बेटी (22) स्नातक है। पठन-पाठन को लेकर उसका घर से बाहर जाना होता है। कुछ दिनों से चौपटिया निवासी अमन नामक युवक उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। वह उस पर दोस्ती करने का दबाव बनाने के लिए फोन पर धमकी भी देता था। लेकिन, बेटी इसे नजरअंदाज करती रही। बुधवार को बेटी मड़ियांव क्षेत्र निवासी व केजीएमयू में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र मौसेरे भाई की काउंसिलिंग के लिए घर से निकली थी। करीब आठ बजे चौक क्षेत्र में लोहिया पार्क के पास दोनों खड़े होकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। पीछे बैठे युवक ने बेटी के चेहरे को निशाना बनाते हुए तेजाब फेंक दिया। उसे बचाने के प्रयास में भाई की पीठ पर भी तेजाब गिरा, जिससे दोनों झुलस गए। एसीपी चौक राजकुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**सुनवाई** दुष्कर्म के एक मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के रवैये पर सुप्रीम कोर्ट ने जतायी अप्रसन्नता

## न्यायालय के आदेश मनोरंजन के लिए नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने यौन उत्पीड़न के एक मामले में नाबालिग पीड़िता से पूछताछ करने संबंधी उसके आदेश का पालन न करने के लिए यूपी सरकार से बुधवार को अप्रसन्नता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि अदालत मनोरंजन के लिए कोई आदेश पारित नहीं करती।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने अभियोजन पक्ष को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामले में पीड़िता से पूछताछ करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया और चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय के भीतर ऐसा नहीं किया गया तो वह राज्य के अपर मुख्य सचिव(गृह) को तलब करेगी। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने उप्र. सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद से कहा कि हमारा आदेश अनिवार्य था, इसका अक्षरशः पालन किया जाना था। हम महज मनोरंजन के लिए कोई आदेश पारित नहीं कर रहे हैं।



- पीठ ने कहा,सरकारी वकील हमारे आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे

### क्या था मामला

दरअसल, एक शख्स पर 16 वर्षीय लड़की के साथ कथित बलात्कार और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने पिछले साल 30 नवंबर को उसकी जमानत याचिका खारिज करने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार नाबालिग का छह महीने से अधिक समय तक कई बार यौन शोषण करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ 19 सितंबर, 2023 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट लड़की से दुष्कर्म के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था। नाराज पीठ ने कहा कि हम ऐसा दिन-प्रतिदिन घटित होते देख रहे हैं। सरकारी वकील हमारे आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। यदि एक सप्ताह के अंदर ऐसा नहीं हुआ तो हम आपके अपर मुख्य सचिव(गृह) को यहां बुलाएंगे। ये सब होने देने में हम ही दोषी हैं। गलती हमारी ही है। पीठ ने कहा कि राज्य के वकील का रवैया बहुत लापरवाही भरा है। इसने कहा कि चूंकि यह एक 'अनिवार्य आदेश' था, इसलिए अभियोजन पक्ष को समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर करनी चाहिए थी। पीठ ने प्रसाद से कहा, 'अदालत में बहुत सावधान रहें। अब हम इस पर गंभीरता से विचार करने जा रहे हैं। समय बढ़ाने के लिए उचित आवेदन दायर करना आपका कर्तव्य था।'

## हेमंत सोरेन फिर होंगे झारखंड के मुख्यमंत्री

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने यहां चंपाई सोरेन के आवास पर एक बैठक में सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। इसी के साथ हेमंत का एक बार फिर मुख्यमंत्री बनना तय हो गया। चंपई सोरेन ने राजभवन से बाहर आने के बाद कहा कि मैंने झामुमो नेतृत्व वाले गठबंधन के फैसले के अनुसार इस्तीफा दे दिया है। हमारा गठबंधन मजबूत है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ था।



डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

बारिश होने की संभावना है और तापमान कम रहेगा।

| 30.0° | 27.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज

- कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के पास सुमन वाटिका लॉन में लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन का 14वां स्थापना दिवस- 7:00 बजे।
- अलीगंज स्थित पंचायती राज निदेशालय के लोहिया भवन में ओडीएफ प्लस का काकोरी व मोहनलालगंज के प्रधान व सचिव को प्रशिक्षण- 9:00 बजे।
- राजाजीपुरम के देश भारती पब्लिक इंटर कालेज में मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन समारोह- 12:00 बजे।
- गांधी भवन में गुलजारी लाल नंदा की जयंती पर भारत रथ गुलजारी लाल नंदा स्मृति कल्प स्मारिका का लोकार्पण- 5:00 बजे।

# एक ही पिस्टल से की गई थी दोनों सीएमओ की हत्या

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्व सीएमओ डॉ वीके आर्या और डॉ बीपी सिंह की हत्या में एक ही पिस्टल का प्रयोग किया गया था।

प्रदेश के चर्चित सीएमओ हत्याकांड की तहकीकात करने वाले तत्कालीन एडीजी और मौजूदा राज्यसभा सांसद बृजलाल ने बताया कि वारदात का तरीका भी एक था। इसके पीछे डिप्टी सीएमओ डॉ. सचान का हाथ था। पूरी साजिश एक आला अधिकारी के कमरे में रची गई। लेकिन जेल में हुई हत्या की जांच में ऐसे सुराग हाथ लगे जो दोनों सीएमओ की हत्याओं का खुलासा करने में मददगार हुए।

उन्होंने बताया कि लखनऊ पुलिस ने सीतापुर के हिस्ट्रीशीटर सुधाकर और मौजूदा सपा विधायक अभय सिंह को फर्जी नामजद किया था। पुलिस ने डॉ. सचान के करीबी आरके वर्मा को उठाया तो दोनों सीएमओ की हत्या करने वाला आनंद प्रकाश तिवारी और उसका साथी पकड़ा गया। इसके बाद अभय सिंह और सुधारकर को केस से बाहर किया गया।



डॉ वीके आर्या



डॉ बीपी सिंह

### पिस्टल से निकलीं 5 बुलेट से पकड़े गए थे शूटर

बृजलाल ने बताया कि डॉ. आर्या की हत्या में एक ही पिस्टल से 5 गोली दागी गई थी। इनके खोखे मौके से बरामद हुए थे। 6 महीने बाद बीपी सिंह की हत्या में तीन पिस्टल से 13 बुलेट दागे गए। इसमें 5 खोखे उसी पिस्टल के थे, जो डॉ. आर्य की हत्या में इस्तेमाल हुई थी। फॉरेंसिक लैब में इनके मिलान के बाद शूटरों को पकड़ा गया था। इनके पास से बिहार के भागलपुर में बनी दो पिस्टल मिली थीं। तीसरी पिस्टल आरके वर्मा ने फेंक दी थी।

### पूर्वांचल के बाहुबली के इशारे पर रची गई थी साजिश

बृजलाल के मुताबिक डॉ सचान की जेल में हुई हत्या को आत्महत्या में बदलने की झूठी कहानी तत्कालीन कैबिनेट सेक्रेटरी शशांक शेखर सिंह के कमरे में गढ़ी गई थी। इसमें तत्कालीन डीजीपी कर्मवीर सिंह के साथ कई अफसर थे। मीटिंग में तय हुआ था कि डीजी जेल बीके सिंह मीडिया को बयान देंगे। इसके बाद बीके सिंह ने बिना किसी जांच-पड़ताल के सचान की मौत को आत्महत्या बता दिया। सारी कवायद पूर्वांचल के एक बाहुबली को बचाने के लिए हो रही थी। उसी बाहुबली के पास एनआरएचएम के सारे ठेके थे। उसी के इशारे पर बैक टू बैक तीन डॉक्टरों की हत्या हुई थी।

### आरोपी की भी हत्या

अक्टूबर, 2010 में सीएमओ डॉ. विनोद आर्य और अप्रैल 2011 में डॉ. बीपी सिंह की हत्या हुई थी। खुलासा होने से पहले डॉ. सचान एनएचएम घोटाले में जेल जा चुके थे। शूटरों की गिरफ्तारी के बाद उनकी रिमांड ली गई। जिस दिन उन्हें पूछताछ के लिए लाया जाना था, उससे पहले जून 2011 को उनकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद जेल प्रशासन ने एक नोट दिखाया, जिसे डॉ. सचान का सुसाइड नोट बताया गया। जब जांच शुरू हुई, तो ये नोट केस डायरी से गायब हो गया।

### बैरक से शौचालय तक नहीं थे पैरों के निशान



डॉ वाई एस सचान।

केस की एनालिसिस के लिए मेडिको लीगल एक्सपर्ट्स की टीम लगाई गई। इसमें डॉ. वाईके पाठक, डॉ. सुरेश चंद मित्तल और डॉ. बलजीत सिंह अरोड़ा थे। डॉ. पाठक टीम को लीड कर रहे थे। डॉ. सुरेश चंद मित्तल ने बताया सचान का शव बैरक के टॉयलेट में कमोड पर मिला था। मगर, टॉयलेट तक जाने के उनके फुटप्रिंट नहीं थे, बस गले में बेल्ट लिपटा था। इस आधार पर सुसाइड का दावा किया जा रहा था। मगर, बेल्ट की लंबाई करीब तीन फीट थी। कमोड से उस खिड़की की दूरी तीन फीट से ज्यादा थी, जिसमें बेल्ट बांधकर लटकने का दावा किया गया था।

### कोर्ट ने खारिज कर दी थी सीबीआई की चार्जशीट

डॉ. वाईके पाठक की रिपोर्ट से सचान के हत्या की पुष्टि होते देख उन्हें जांच टीम से हटा दिया गया था। डॉ. मित्तल और डॉ. अरोड़ा ने भी वही रिपोर्ट दी जो डॉ. पाठक ने तैयार की थी। डॉ. मित्तल ने अपने बयान में कहा कि ये कॉर्पोरेट मर्डर है। यानी सुनियोजित तरीके से जेल के बाहर ले जाकर की गई हत्या। इसके बावजूद सीबीआई ने सारी रिपोर्ट दरकिनार करते हुए आत्महत्या की चार्जशीट दाखिल कर दी। सीबीआई की इस चार्जशीट को खारिज करते हुए 2022 में कोर्ट ने डॉ सचान की मौत को हत्या करार दिया।

### सचान के शव पर मिले थे 9 घाव

डॉ. सचान की बॉडी का पोस्टमार्टम केजीएमयू के 5 डॉक्टरों के पैनल ने किया। इसमें एक महिला डॉक्टर भी थी। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी हुई। पोस्टमार्टम में सचान के शरीर पर कुल 9 घाव थे। इसमें दोनों हाथों पर चार कट थे। जांघों पर दो गहरे घाव थे। दाईं जांघ का कट इतना गहरा था कि धमनी कट गई थी। 9वीं चोट गले पर मिला कसाव का निशान का था। यह लिगेचर मार्क यानी मौत के बाद का था।

# जाम में फंसे एडीजी तो बनी यातायात प्रबंधन की रणनीति

## छह जोन में एसीपी स्तर के अफसरों को सौंपी गई जिम्मेदारी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** नवागत एडीजी यातायात के. सत्यनारायण मंगलवार को कानपुर रोड पर लगे जाम में स्वयं फंस गए। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब जाम खत्म नहीं हुआ, तो तत्काल फोन कर यातायात विभाग के अफसरों को मौके पर ही तलब कर लिया।

इस दौरान उन्होंने न सिर्फ बैठक की और स्कूटर इंडिया चौराहे पर हो रहे जाम का स्थाई निदान भी कराया। इसी जाम से उन्होंने राजधानी में लगने वाले जाम का भी अंदाजा लगा लिया। उन्होंने जाम को पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर लेते हुए जाम मुक्त राजधानी का अभियान शुरू किया।

कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे को डिवाइडर लगाकर बंद कर दिया गया है। अब यहां वाहन क्रास नहीं हो रहे हैं। बल्कि आ-जा रहे वाहन अतिरिक्त दूरी तय करके मुड़ रहे हैं। ऐसे में यहां पर लंबे समय तक वाहन नहीं रुक रहे हैं। इसी तरह पॉलिटेक्निक चौराहे पर लगने वाले जाम का स्वयं एडीजी ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और कई अवरोधकों को खोल दिया गया है, जिससे यहां भी जाम से मुक्ति मिली है। तीसरा अभियान चारबाग रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चल रहा है। एडीजी के मुताबिक यहां मेहनत अधिक करनी पड़ेगी, लेकिन जाम से निजात दिलाएंगे। अभी छोटे वाहनों के रुकने पर विराम लगाया जा रहा है और अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं।



हलवासिया से हजरतगंज चौराहे तक लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

- कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे पर घंटों फंसे रहे एडीजी यातायात के. सत्यनारायण
- जाम मुक्त राजधानी का अभियान शुरू, वाहनों की बेतरतीब आवाजाही पर लगेगा अंकुश

### कम जाम पर भी किया जाएगा कार्य: एडीजी

एडीजी यातायात के. सत्यनारायण ने बताया कि स्कूटर इंडिया चौराहे पर लगे जाम को वहीं पर ठीक करने के साथ साथ स्थाई व्यवस्था भी की गई है। शहर में लगने वाले जाम के प्रत्येक स्थल और चौराहों को चिन्हित कर लिया गया है। वहां पर परिवर्तन के साथ साथ अफसरों की भी जिम्मेदारी तय कर दी गई है। इन चौराहों को जाम मुक्त करने के बाद अब लखनऊ-अयोध्या मार्ग, लखनऊ-कानपुर मार्ग, लखनऊ-हरदोई मार्ग, लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर लगने वाले छोटे-छोटे जाम पर भी कार्य किया जाएगा। कुछ स्थानों पर बड़े परिवर्तन होने है, जिसके लिए संबंधित संस्थाओं से सहयोग लिया जाएगा।

### जाम वाले चौराहे चयनित

| पायलेट प्रोजेक्ट स्थल का नाम | जिम्मेदार अफसर |
|---|---|
| चारबाग स्टेशन एवं बसअड्डा | अजय कुमार (एडीसीपी) |
| कमता, तेलीबाग, हुसड़िया चौराहा | इंद्रपाल सिंह (एसीपी) |
| अवध चौराहा, दुबग्गा, पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज | सुबोध जायसवाल (एसीपी) |
| अहिमामऊ, शहीदपथ मोड़, स्कूटर इंडिया चौराहा | शिवाजी सिंह (एसीपी) |
| कैसरबाग चौराहा, निशातगंज और चिरैया तिराहा | जेएन आस्थाना |

### एक नजर

#### डॉ. आकाश पीसीआई के सदस्य नामित

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के प्रोफेसर डॉ. आकाश वेद को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की केंद्रीय परिषद में सदस्य नामित किया गया है। डॉ. आकाश पीसीआई में यूजीसी द्वारा नामित सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।



डॉ. आकाश

#### महेश कुमार बने भाषा विवि के कुलसचिव

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नए कुलसचिव महेश कुमार ने बुधवार को कार्यभार सम्भाला। इसके बाद अपने कार्यालय से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। इससे पहले वह कुमार राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ में कुलसचिव थे। पूर्व में भाषा विश्वविद्यालय में कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा द्वारा निर्वाहन किया जा रहा था।



महेश कुमार

### सेवायोजन कार्यालय में खुलेगा कौशल प्रशिक्षण केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जिला कौशल विकास योजना के पुनरीक्षण एवं जिला कौशल समिति की भूमिका पर बुधवार को जिला कौशल समिति के सदस्यों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने सेवायोजन कार्यालय में कौशल प्रशिक्षण के लिए हाईब्रिड प्रशिक्षण केंद्र खोलने के सेवायोजन अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही सिक्योरिटी गार्ड संस्थाओं के साथ बैठक करके आवश्यकतानुसार कर्मचारियों को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए विचार-विमर्श करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला श्रमायुक्त अधिकारी को श्रम विभाग में पंजीकृत लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए सेवायोजित कराने को कहा। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने ब्यूटी एण्ड वेलनेस, कारपेन्टर, इलेक्ट्रानिक व जरदोजी सेक्टर में प्रशिक्षण कार्य कराने में रुचि व्यक्त की।

# कनेक्शन दिया नहीं, भेजा 35 हजार का बिल

## वर्ष 2014 में लेसा के शिविर में 2000 रुपये जमा कर किया था आवेदन


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 10 वर्ष पहले बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन किया। छह वर्ष तक चक्कर लगाए। कनेक्शन तो मिला नहीं लेकिन वर्ष 2020 में विभाग ने करीब 35 हजार का बिल भेज दिया। पिछले सप्ताह चेयरमैन डॉ आशीष गोयल के पास मामला पहुंचा, तब उन्होंने जांच कर कनेक्शन देने, बिल समायोजन के साथ जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई के आदेश दिए।

मोहिबुल्लापुर निवासी सुनील कुमार ने बताया कि अगस्त 2014 में लेसा के शिविर में नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। इसके साथ 2000 रुपये शुल्क भी जमा कर दिया था। वर्ष 2020 तक वह कनेक्शन के लिए जीएसआई उपकेंद्र से लेकर एक्सईएन कार्यालय तक के चक्कर लगाते रहे, लेकिन उनका कनेक्शन नहीं हुआ। नवंबर 2020 को सुनील के 34670 रुपये का बिजली बिल भेज दिया। तब से सुनील बिजली विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।

पिछले सप्ताह पावर कारपोरेशन चेयरमैन से शिकायत की तो उन्होंने जांच, कार्रवाई और बिल के समायोजन के आदेश दिए। इससे अब सुनील को कनेक्शन मिलने की आस जगी है।

**सोलर पैनल से जला रहे बिजली :** सुनील कुमार के घर सौर ऊर्जा से बिजली का उपयोग किया जा रहा है। पैनल छोटा है, इससे उनकी सभी जरूरतें पूरी नहीं होती हैं। इस कारण उन्होंने कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। बेटी अंकिता ने सौर ऊर्जा की रोशनी में ही आठवीं से स्नातक तक की पढ़ाई पूरी की।



कनेक्शन आवेदन की शुल्क रशीद।



बिजली विभाग से जारी बिल।

- पिछले सप्ताह शिकायत पर चेयरमैन ने दिए जांच के आदेश

# 62 निजी स्कूलों पर हो सकती है एफआईआर

## आरटीई के तहत एक भी बच्चे को नहीं दिया प्रवेश, जिलाधिकारी ने दी एक हफ्ते की मोहलत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नये शैक्षिक सत्र में राजधानी के 62 निजी स्कूलों ने अभी तक आरटीई के तहत चयनित बच्चों को निशुल्क प्रवेश नहीं दिया है। बुधवार को समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इन सभी स्कूलों को एक सप्ताह की मोहलत देते हुए नियमानुसार प्रवेश नहीं देने पर आरटीई अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है। विद्यालय का संचालन भी बंद कराया जा सकता है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश व उनकी टीम के साथ समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी को पता चला कि नये सत्र में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश के लिए चार चरणों में करीब 18 हजार बच्चों का चयन हुआ लेकिन सिर्फ 6535 बच्चों को ही प्रवेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आरटीई योजना के तहत कोई भी शुल्क जो कि विद्यालय के शुल्क प्रारूप में है, वह नहीं लिया जाएगा। बच्चे को लाने व ले जाने के लिए विद्यालय की बस का प्रयोग करने पर विद्यालय को ही ट्रांसपोर्ट फीस का वहन करना होगा।





आरटीई को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

### इन विद्यालयों के प्रबंधकों को दी गई चेतावनी

लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेन्ट मैरी इंटर कॉलेज, सेन्ट जोसेफ इंटर कॉलेज, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, राजकुमार एकेडमी इण्टर कालेज, बाल विद्या मन्दिर चार बाग, सिटी मांटेसरी स्कूल, सेन्ट्रल एकेडमी, कमल दिल्ली पब्लिक इंटर कालेज।


महंगाई — बरसात के कारण बेंगलुरू से आमद थमने से चढ़ने लगे भाव

# बारिश में टमाटर हुआ 'लाल', प्याज भी रुलाने लगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बारिश के कारण बेंगलुरू और नासिक से आने वाले टमाटर की आपूर्ति बाधित होने से कीमतों ने तेज उछाल भरी है। प्याज भी समय से पहले ही आंखों में आंसू लाने लगा है।

आढ़तियों की मानें तो अगर एक दो दिन में बेंगलुरू से आने वाली टमाटर की आपूर्ति सामान्य न हुई तो फुटकर मंडी में भाव 120 रुपये किलो के पार निकलने में देर नहीं लगेगी। टमाटर का मौजूदा भाव 90 से 100 रुपये किलो है। वहीं बारिश के चलते प्याज की आपूर्ति भी सामान्य नहीं है। चंद दिनों पहले 40 रुपये किलो बिक रहा प्याज 60 रुपये किलो हो गया है।





**फुटकर मंडी** (कीमत रुपये प्रति किलो)

| सब्जी | पहले | अब |
|---|---|---|
| टमाटर | 60 से 70 | 90 से 100 |
| प्याज | 30 से 40 | 55 से 60 |
| लहसुन | 175 से 180 | 180 से 200 |
| अदरख | 120 – 150 | 175 से 200 |
| हरी धनिया | 100 से 120 | 180 से 200 |
| शिमला मिर्च | 80 से 100 | 120 से 130 |
| नींबू | 100 से 120 | 150 से 200 |
| हरी मिर्च | 30 से 40 | 80 से 100 |

### थोक मंडी में 1,700 रुपये की कैरेट

सीतापुर रोड स्थित नवीन सब्जी मंडी के आढ़ती रिंकू सोनकर ने बताया कि बारिश के चलते बेंगलुरू से टमाटर की आवक काफी कम हो गई है। हाइब्रिड सस्ता है लेकिन उसे लोग पसंद नहीं करते हैं। आधे से कम माल मंडी पहुंच रहा है। ऐसे में खपत के सापेक्ष आपूर्ति काफी कम है। थोक मंडी में अव्वल टमाटर की कैरेट 1,700 रुपये में बिकी है। एक कैरेट में करीब 27 किलो टमाटर होता है। यानी थोक मंडी में ही टमाटर करीब 63 रुपये किलो पड़ रहा है। वहीं प्याज 35 से 40 रुपये किलो के बीच पड़ रहा है। इसमें लेबर और तौल भी शामिल है।

### फुटकर मंडी में 100 के पार टमाटर व 60 रुपये में प्याज

टिकैतगंज के फुटकर सब्जी विक्रेता अमित भगत ने बताया कि थोक मंडी से टमाटर, प्याज महंगा मिल रहा है। बेंगलुरू से आने वाला अव्वल टमाटर काफी महंगा है। हाइब्रिड इससे सस्ता है। लेकिन उसे पसंद कम नहीं किया जाता है। सलाद वगैरह में इसका प्रयोग ज्यादा होता है। देशी लुक वाला बेंगलुरू टमाटर खानपान में स्वाद के कारण पसंद किया जाता है। माल की आवक कम है। इससे थोक मंडी में ही माल की कमी है। ऐसे में टमाटर और प्याज ऊंचे भाव में मिलना स्वाभाविक है। थोक मंडी के भाव को ही आधार मान लिया जाए तो दोनों ही आइटम काफी महंगे हो गए हैं।

### एलडीए लगाएगा दो लाख पौधे, मिलेगी ऑक्सीजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए अपनी योजनाओं में दो लाख पौधे लगाएगा। प्राधिकरण ने वन विभाग से पौधे मांगे हैं। इस माह होने वाले पौधरोपण अभियान में एलडीए को एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। इसके अलावा कुकरैल रिवर फ्रंट में एक लाख पौधे और लगाएगा।

एलडीए ने वन विभाग से पौधे मांगे हैं। कुकरैल रिवर फ्रंट के पौधे भी इस अभियान का हिस्सा होंगे। जो लोगों के सहयोग से लगाए जाएंगे। बसंतकुंज में 70 हजार पौधे व सीजी सिटी में पांच हजार पौधे लगेंगे। शेष अन्य योजना, डिवाइड व सड़क के दोनों तरफ रोपे जाएंगे। पौधे मिलते ही पहले योजनाओं में लगाए जाएंगे। इसके बाद करीब 10 दिनों में अकबर नगर का मलबा हटने के बाद कुकरैल रिवर फ्रंट को हराभरा किया जाएगा।


JOB OPPORTUNITY
Medhavi Foundation
Scan for Apply

*Applications are invited for eligible candidates for the deployment of Vocational Trainers in the schools Uttar Pradesh under NSQF Project.*

**Consumer Energy Meter Technician:** Total Positions- 57 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Diploma, B.Tech, B.E., B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/ 5.0 year teaching experience.

**Assistant Beauty Wellness Consultant:** Total Positions- 08 (In Multiple Districts of UP), Qualification- Graduate (Any) from a recognized Institute /University, with at least 3.0 year work/1.0 teaching experience.

**Assistant Plumber General:** Total Positions- 14 (In Multiple Districts of UP), Qualification- B.E./B.Tech, Diploma, I.T.I, B.E./B.Tech, Diploma, CITS from a recognized Institute/University, with at least 5.0 year work/1.0 year teaching experience.

**Four-Wheeler Service Assistant:** Total Positions- 9 (In Multiple Districts of UP), Qualification- I.T.I, Diploma, I.T.I, Diploma, from a recognized Institute/University, with at least 4.0 year work/1.0 teaching experience.

**Minimum Competency:** Domain Knowledge, Effective Communication Skills, Soft skills. Age Limit-18-37 years (As on 1st Jan 2024). Only shortlisted candidates will be called for written test and interviews.

**Gross Honorarium - RS. 15,000/- Per Month Fixed For all the post's**

How to apply- Apply and upload documents at https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScDINzPePzEgQzbKeXybletQsOUdEmLo0N4KTWhqIxdtS86cA/viewform link or Scan the QR code by 05/07/2024 till 5 PM.

For any query, please contact on +91 7408080855 All positions are purely on contractual basis and selection process is strictly based on Written test Interview and Merit. Do not use any unfair means.

## एक नजर

### एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य ने संभाला कार्यभार


विजय प्रताप

अमृत विचार, लखनऊ : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) के सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया। यह जानकारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आयुक्त के आदेश पर उनका 30 जून को कानपुर से लखनऊ स्थानांतरण हुआ है। लखनऊ में तैनात रहे सहायक आयुक्त खाद्य डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह का बाराबंकी तबादला हो गया है।

### नर्सिंग अफसर ने लगाया नियमों की अनदेखी का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की सीनियर नर्सिंग अफसर व नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष सीमा शुक्ला ने संस्थान प्रशासन पर नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। साथ ही सीएमएस पर भी मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। संस्थान के निदेशक को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई न होने पर धरने पर बैठने की बात कही है। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन का कहना है मामले की जांच कराई जा रही है।

# कीचड़ भरी सड़क पर धरने पर बैठे भाजपा पार्षद

## जलभराव की समस्या का दो महीने से नहीं हो रहा था निस्तारण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ


चौपटिया में खेत गली के बाहर क्षेत्रीय निवासियों के साथ सड़क पर कीचड़ में धरने पर बैठे भाजपा पार्षद मनीष रस्तोगी। अमृत विचार

अमृत विचार : जनसमस्याओं के निस्तारण के प्रति नगर निगम के अधिकारी बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं। सत्ताधारी पार्षद तक की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अधिकारियों की मनमानी से परेशान आचार्य नरेंद्र देव वार्ड से भाजपा पार्षद मनीष रस्तोगी बुधवार शाम 6 बजे स्थानीय लोगों के साथ कीचड़ भरी सड़क पर धरने पर बैठ गए। इसके बाद आधे घंटे में ही नगर निगम अधिकारी जेसीबी लेकर पहुंचे और काम शुरू करा दिया।

पार्षद मनीष रस्तोगी ने बताया कि जोन छह के आचार्य नरेंद्र वार्ड स्थित चौपटिया में खेत गली के बाहर दो महीने से जलभराव की समस्या थी। शिकायत के बाद कर्मचारी पानी निकालकर चले जाते थे। जोनल अधिकारी मनोज यादव से स्थायी रूप से समाधान कराने की कई बार मांग की। उन्होंने जिम्मेदारी नगर अभियंता पर डाल दी। इसके बाद नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को भी समस्या बताई, लेकिन निस्तारण नहीं

- जोनल अधिकारी से नगर आयुक्त तक को बताई थी समस्या
- धरने पर बैठने के आधे घंटे में ही पहुंच गया निगम का अमला

हुआ। क्षेत्रीय निवासियों की नाराजगी झेलनी पड़ रही थी। सात जुलाई को जगन्नाथ यात्रा निकलनी है। धरने में लक्ष्मीकांत पांडे, श्यामू मिश्र, संकेत मिश्र, रिद्धि किशोर गौड़, संजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, शिवनारायण अग्रवाल आदि क्षेत्रीय निवासी शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगा दी निस्तारण की फर्जी रिपोर्ट

खेत गली में पानी की बोरिंग खराब हो जाने से एक महीने से पेयजल की समस्या है। नई बोरिंग होनी है लेकिन अधिकारियों के टालू रवैये से एक महीने से काम शुरू नहीं हो पाया है। इसके अलावा जलभराव की समस्या भी बनी हुई थी। जिसे लेकर क्षेत्रीय निवासी संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने निस्तारण के बिना ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर आख्या लगा दी।


प्रदर्शन करते प्रियदर्शिनी वार्ड के लोग। अमृत विचार

## जनसमस्याओं को लेकर हिंदू समाज पार्टी ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रियदर्शिनी वार्ड के जरहरा सुगामऊ में सड़कें, स्ट्रीट लाइटें खराब होने और जलभराव की समस्या की समस्या दूर न होने पर हिन्दू समाज पार्टी ने वार्ड में प्रदर्शन कर नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन पार्षद राम कुमार वर्मा को सौंपा।

- हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन
- नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन क्षेत्रीय पार्षद को सौंपा

हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहित मिश्रा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। गौरव ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही से 700 परिवार परेशान हैं।

आरोप लगाया कि योगी सरकार का स्मार्ट सिटी प्लान खोखला साबित हुआ है, सिर्फ पोस्टर बाजी की जा रही है। नगर आयुक्त और मेयर सुषमा खर्कवाल दावे भी झूठे हैं। प्रदर्शन में मनीष साहू, प्रशांत कुमार, कृपा शंकर अवस्थी, अंजुल चौधरी, संदीप पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## 25 से 30 हजार रुपये मानदेय बढ़ने पर तदर्थ शिक्षक नाराज

अमृत विचार, लखनऊ : कैबिनेट के फैसले के बाद 25 से 30 हजार रुपये मानदेय बढ़ने पर तदर्थ शिक्षकों ने नाराजगी जताई। तदर्थ शिक्षकों ने कहा कि मुख्यमंत्री से इस तरह की उम्मीद नहीं थी कि जिस विद्यालय में हम सभी शिक्षक सम्मान के साथ 25 से 30 वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। वहीं अब उसी विद्यालय में चपरासी के नीचे हमको काम करने के लिए मजबूर कर दिया जाएगा। यह हमारा अपमान है।

माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति के अध्यक्ष रविंद्र सिंह का कहा कि 53 दिन की याचना कार्यक्रम में उच्च अधिकारियों से यह बातें हो गई थी कि तत्कालीन अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला की अध्यक्षता में शिक्षा निदेशक सरिता तिवारी द्वारा बनाए गए तीनो प्रस्ताव में से एक प्रस्ताव में सहमति बनी थी।

**सूचना**

मेरे पुत्र शिवांश शुक्ला के आधार में उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 18–11–2014 हो गयी है जबकि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 18–11–2013 है। **शालू शुक्ला, अरुण कुमार शुक्ला**

**सूचना**

मेरे पुत्र सत्यम शुक्ला के आधार में उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 26–08–2012 हो गयी है जबकि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 26–08–2011 है। **शालू शुक्ला, अरुण कुमार शुक्ला**

**सूचना**

सर्व को सूचित हो कि मै रूकय्या खातून उम्र 24वर्ष (पूर्व नाम) धर्मातरण 03/07/ 2024 के बाद काजल आर्य कर लिया है । यह कि मैंने अजय कुमार से 03/07/ 2024 को आर्य समाज चिनहट गोमती नगर में विवाह किया है जिसमें किसी का जोर दबाव नही है। अतः भविष्य में मुझे सभी अभिलेखों में काजल आर्य के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1511315 और इंटरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1058344 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका कुछ पता नहीं चल सका है। **शिवेंद्र सिंह पुत्र राकेश कुमार सिंह निवासी ग्राम चकगौर, पोस्ट छिवलहा, थाना सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली**

# बिना धुआं नगर निगम मारेगा मच्छर

## मशीन में पानी के साथ केमिकल मिलाकर किया जाएगा छिड़काव

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम अब बिना धुआं मच्छर मारेगा। फॉगिंग पर आने वाले खर्च को कम करने के लिए नगर निगम ने पानी से फॉगिंग करने वाली 36 हैंड कम्प्रेशन स्प्रेयर मशीनें खरीदी हैं। एक मशीन की कीमत लगभग 26 हजार रुपये है। इनसे घर के अंदर और बाहर फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा।

नगर निगम ने 18 कोल्ड फॉग फॉगिंग मशीनें भी खरीदी हैं। इनकी कीमत लगभग 85 हजार रुपये और रेंज 13 मीटर है। इनका इस्तेमाल एंटी लार्वा छिड़काव के लिए किया जाएगा। इन मशीनों में डीजल की जगह पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। स्टार्टिंग के लिए पेट्रोल की जरूरत पड़ेगी। इन मशीनों से धुआं भी नहीं निकलेगा और मच्छर भी मर जाएंगे। इससे नगर निगम का फॉगिंग पर खर्च काफी कम हो जाएगा।

**एक मशीन में पांच लीटर डीजल बचेगा :** अभी तक नगर निगम फॉगिंग के लिए जो मैन माउंटेड और साइकिल माउंटेड मशीनें इस्तेमाल करता था उनमें पांच लीटर डीजल और केमिकल मिलाकर फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाता था। बारिश के मौसम में मच्छर मारने के लिए प्रतिदिन लगभग 110 मशीनों का फॉगिंग के लिए प्रयोग होता था। डीजल पर ही नगर निगम का लगभग 50 हजार रुपये खर्च होते हैं।


नगर निगम में रखीं मशीनें।

- नगर निगम ने 36 हैंड कम्प्रेशन स्प्रेयर व 18 कोल्ड फॉग फॉगिंग मशीनें खरीदीं
- फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव पर खर्च होगा कम

### मशीनों के इस्तेमाल का बताया तरीका

मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोपी लाल, जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव एवं मलेरिया इंस्पेक्टर तथा नगर निगम के समस्त जोनल सेनेटरी अधिकारी एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक और स्टोर इंचार्ज आशीष शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में मशीनों का प्रदर्शन और इस्तेमाल का तरीका बताया गया।

> नगर निगम कोल्ड फॉगिंग पर जोर देगा। इसमें धुआं नहीं दिखेगा और डीजल भी बचेगा। अभी प्रयोग के तौर पर 36 हैंड कम्प्रेशन स्प्रेयर मशीनें और 18 कोल्फ फॉग फॉगिंग मशीनें खरीदी गयी हैं। जलभराव इलाकों में अभी एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। जरूरत के हिसाब से और मशीनें खरीदी जाएंगी।
>
> –ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम


कैसरबाग में ऑफिसर्स कालोनी में नाली के बाहर पड़ी सिल्ट।

# नालियों की सफाई के बाद नहीं उठाई जा रही सिल्ट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर विकास मंत्री के निरीक्षण के बाद भी नालों के साथ नालियों की सफाई में नगर निगम के अधिकारी जमकर लापरवाही कर रहे हैं। शहर के कई इलाकों में आनन-फानन नालियों की सफाई शुरू हुई लेकिन सिल्ट नहीं उठाई। बुधवार को बारिश से सड़क पर पड़ी सिल्ट दोबारा नालियों में पहुंच गई। कैसरबाग क्षेत्र में ऑफिसर्स कालोनी के ठीक सामने सड़क के किनारे पड़ी सिल्ट बुधवार को बारिश से नाली में बह गई। शहर के अधिकांश इलाकों का यह हाल है। इस लापरवाही से बारिश के दौरान शहर के कई इलाकों में जलभराव होना तय है।

- कैसरबाग में ऑफिसर्स कालोनी के सामने पड़ी सिल्ट नाली में पहुंची

### जोन छह के फतेहगंज में सड़क से नहीं उठी सिल्ट

नगर निगम के जोन छह का और बुरा हाल है। मध्य विधानसभा के मौलवीगंज वार्ड में फतेहगंज में नालियों की सफाई करके सिल्ट सड़क पर छोड़ दी लेकिन उठाया नहीं। बारिश से आधी सिल्ट बह चुकी है। बची सिल्ट सूखने से पहले नहीं उठ पाएगी। बाकी सिल्ट बारिश के दौरान नाली में पहुंच जाएगी।

## एयरपोर्ट के पीछे बन रही कॉलोनी पर चला बुलडोजर

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनी नगर में एयरपोर्ट के पीछे ग्राम-रहीमाबाद में लगभग 15 बीघा में बनाई जा रही कॉलोनी के अब तक हुए निर्माण को एलडीए ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। वहीं गोमती नगर व चिनहट में नियमविरुद्ध बनाए जा रहे तीन भवन सील कर दिए।

एलडीए के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सरोजनीनगर में कालोनी के विकासकर्ता प्रवीण अगवाल व अन्य ने प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया था। ऐसे में एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने बाउंड्रीवाल, साइट आफिस, सड़क, नाली, गेट आदि तोड़ दिए।

इसके अलावा जोन-1 में जोनल अधिकारी वंदना पांडेय के नेतृत्व में गोमती नगर विस्तार के खरगापुर के गणपति विहार में हिमांशु मिश्रा व अन्य द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बनाया जा रहा चार मंजिल शॉपिंग कॉम्पलेक्स सील किया गया। वहीं सेक्टर-5 में आवासीय मानचित्र की स्वीकृत करा कर व्यावसायिक निर्माण कराने पर भवन सील किया गया। इसी तरह चिनहट कोतवाली रोड पर पक्का तालाब के पास प्रमोद कुमार गौतम व अन्य द्वारा बनाई जा रहीं दुकानें व हॉल आदि का निर्माण सील किया गया।

## आरडीएसओ में वर्कशॉप का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ: अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ में भारतीय रेलवे के होटल लोड कन्वर्टर के रिलाइबिलिटी से सम्बन्धित वर्कशॉप का बुधवार को आयोजन किया गया। इसमें यात्री गाड़ियों में पॉवर फेलियर की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण के लिए होटल लोड की रिलाइबिलिटी और क्षमता बढ़ाने के विभिन्न उपायों के साथ अनुरक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। वरिष्ठ अधिकारी, उत्पादन यूनिट के अधिकारी और आरडीएसओ के अधिकारियों व विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे बोर्ड के महानिदेशक सुरक्षा बृजमोहन अग्रवाल ने की। बोर्ड के एडिशन मेम्बर ट्रैक्शन विजय प्रताप सिंह, उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ आदि शामिल रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुधा सागर शर्मा पत्नी रामसीता शर्मा, निवासी– मु0 राम चबूतरा, कस्बा व तहसील कालपी, जि0 –जालौन,** मेरा अभिकर्ता अधिकार पत्र संख्या 166 वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **वसीउल्ला अंसारी पुत्र दयामुउल्ला, निवासी– 6/303 ई0एब्लू0एस कालोनी सेक्टर–6 गोमती नगर विस्तार लखनऊ** मेरा एलाटमेंन्ट लेटर जिसका नं0–2952/01 दिनांक 16/09/2009 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अखिलेश शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा, निवासी– ईडब्लूएस –563/697, रतनपुर कालोनी, पनकी, कानपुर,** मेरा मूल प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 35033314231998 वर्ष 2015 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SHAHNAZ BANO URF CHANDA था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAHNAZ BANO रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: MOHAMMAD JAMEEL, R/O, 462/118, RAMGANJ HUSAINABAD CHOWK LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मो0 रफीक पुत्र स्व0 हजारा, निवासी–174/65, पीर जलील घोसियाना, उत्तरी, जिला लखनऊ, उ0प्र0** मेरा पुत्र साजिद अली व उनकी पत्नी शैबुन पत्नी साजिद अली मुझे व मेरे परिवार से आये दिन मारपीट, लड़ाई झगड़ा करती हैं और दहेज प्रथा में बन्द करवाने की धमकी दे रही है, मेरा व मेरे परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है, इसलिए मैंने अपने पुत्र साजिद अली व उनकी पत्नी शैबुन को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके किसी भी कार्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अय्यूब पुत्र गुलाम व जुबेदा खातून पत्नी अय्यूब, निवासीगण– ग्राम बसारा परगना व तहसील फतेहपुर जनपद बाराबंकी** मैने अपने दूसरे नम्बर के पुत्र तौकीर पुत्र अय्यूब के गलत चाल–चलन के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा कोई कृत्य, वाद–विवाद, लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नही है।

**कार्यालयः–अधिशासी अभियन्ता जोन–6**
**बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रकः 287 / ई0ई0–6/ एल0जे0एस0, 2024–25 दिनांक 03/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन–6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 10.07.24 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 10.07.24 को जलकल विभाग जोन–6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन–6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनु0 धन0 | अर्नेस्टमनी | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 8 nag at Ward Gadi Peer Khan, Haiderganj IIIrd and Acharya Narendra Dev. | रु 208885.00 | रु 4200 | रु 250 | 7 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–6**
**जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –**
**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

## एक नजर

### 15 तक छात्रों को मिला चैलेंज मूल्यांकन का अवसर

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की 9 जनवरी से 9 फरवरी 2024 के बीच आयोजित विषम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा चुका है। इस परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को चैलेंज मूल्यांकन का अवसर दिया गया है। छात्रों के ईआरपी लॉगइन पर कॉपी उपलब्ध करा दी गयी है। चैलेंज मूल्यांकन कराने के इच्छुक छात्र 15 जुलाई तक 2500 रुपये प्रति विषय का शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### नवयुग की पूर्व छात्रा को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसएससी के माध्यम से दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल मिनिस्ट्रियल पद पर चयनित नवयुग कन्या महाविद्यालय की पूर्व छात्रा व एनसीसी कैडेट को महाविद्यालय में सम्मानित किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि पल्लवी मिश्रा दिल्ली पुलिस अकादमी में चार माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर पासिंग आउट परेड में प्रतिभाग करने के बाद लखनऊ वापस लौटी हैं। उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए पल्लवी को कॉलेज परिसर में नगर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### बीटेक कंप्यूटर साइंस के 35 छात्रों को मिली नौकरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के बीटेक कंप्यूटर साइंस के 35 मेधावी छात्रों ने कंपनी एडब्ल्यूएस अमेजन के लिए टेलीपरफॉर्मेंस ग्लोबल प्राइवेट इंडिया लिमिटेड में अच्छे पैकेज पर नौकरी प्राप्त की। भाषा विवि के इंजीनियरिंग के प्रभारी निदेशक प्रो. हैदर अली ने बताया कि विवि में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। जिसमें बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

### टीजी टू कर्मचारी निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई उपकेंद्र पर तैनात टीजी टू कर्मचारी वीर बहादुर को ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन करने का दोषी पाए जाने पर बुधवार को निलंबित कर दिया गया। अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्र ने बताया कि 2 जुलाई को वायरल वीडियों में कर्मचारियों को शराब के नशे में होने और लॉग रजिस्टर पर पैर रखकर सोते हुए देखा गया। वीडियो का संज्ञान लेकर पूरे मामले की जांच कराई गई। जिसमे कर्मचारी को दोषी पाए जाने के बाद उसे तत्काल प्रभाव से निलबिंत कर कार्यालय विद्ययुत वितरण खंड वृंदावन से अटैच कर दिया गया है।

# छात्रों को शिक्षा के साथ बेहतर नागरिक भी बनाएगा एमिटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



एमओयू के दौरान पद्मश्री अनूप जलोटा व उप प्रति कुलपति डॉ. अनिल तिवारी।

**▸▸ एमिटी विवि ने हेल्प यू एजूकेशनल एंड चैरेटेबल ट्रस्ट के साथ किया एमओयू**

**अमृत विचार :** विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ एक बेहतरीन नागरिक बनाने के उद्देश्य से एमिटी विश्वविद्यालय ने हेल्प यू एजूकेशनल एंड चैरेटेबल ट्रस्ट के साथ समझौता (एमओयू) किया।

एमिटी विवि की ओर से उप प्रति कुलपति सेवानिवृत्त विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी और हेल्प यू के संरक्षक के तौर पर भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पद्मश्री ने कहा कि इस सहमति के माध्यम से विवि के विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा। ताकि एक अच्छे समाज की स्थापना की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान एमिटी विवि की डीन छात्र कल्याण प्रो. डॉ. मंजू अग्रवाल, हेल्प यू एजूकेशनल एंड चैरेटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी हर्षवर्धन अग्रवाल और ट्रस्टी रूपल अग्रवाल सहित एमिटी विवि के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पद्मश्री ने सुनाया ऐसी लागी लगन

पद्मश्री अनूप जलोटा ने छात्रों के बीच भजन ऐसी लागी लगन सुनाया। उन्होंने कहा कि वे चाहते तो कॅरियर के दौरान वेस्टर्न गानें गा सकते थे। लेकिन संतों की वाणी को चुना और उसे आगे बढ़ाया। संबोधन के दौरान पद्मश्री ने छात्रों की संस्कृत और संस्कृति को लेकर प्रोत्साहित किया।

# एडेड कॉलेजों में गणित व विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सहायता प्राप्त यूपी बोर्ड के इंटर कॉलेजों में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जबकि यूपी बोर्ड के नये सत्र के क्रम में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। शिक्षकों की कमी दूर नहीं हुई तो इन अहम विषयों में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

कॉलेजों में शिक्षकों की कमी के प्रमुख दो कारण बताए जा रहे हैं। पहला पिछले 12 वर्षों में शिक्षक सेवानिवृत्त होते गए लेकिन उनकी जगह पर कोई नई भर्ती नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर राजधानी सहित प्रदेश भर में कई ऐसे कॉलेज मिले,



**▸▸ नए सत्र में भी समस्या बरकरार सरप्लस शिक्षकों को दूसरे स्कूल में भेजना बड़ी चुनौती**

जहां पर शिक्षको की संख्या अधिक है। ऐसे शिक्षकों को दूसरे कॉलेजों में भेजने की जरूरत है। लेकिन इस प्रक्रिया में नियमावली अड़ंगा बन रही है।

अफसरों के मुताबिक, सरप्लस शिक्षकों के लिए समायोजन नीति को यूपी बोर्ड ने पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार किया था। इसमें सबसे पहले कक्षाओं में विषयवार छात्रों की संख्या देख कर शिक्षकों को हटाया जाना था। अलग-अलग स्कूलों की छात्र संख्या देखकर शिक्षक ज्यादा होने पर दूसरे स्कूलों में भेजा जाना था लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव का कहना है कि सभी खाली पदों की संख्या एडेड कॉलेजों से मांगी गई है, जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री डॉ. आरपी मिश्रा का कहना है कि सरकार को खाली पड़े पदों पर भर्ती करना होगा।

# लविवि : स्नातक में आवेदन के लिए एक दिन का समय

## 565 महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक (यूजी) में आवेदन को लेकर मात्र एक दिन शेष बचा हैं। ऐसे में प्रवेश परीक्षा को लेकर विवि से संबद्ध 565 महाविद्यालयों में प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। प्रपत्रों की स्क्रीनिंग भी शुरू हो गई है।

लखनऊ विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि 11 जुलाई को लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें यूजी और पीजी कोर्स से जुड़े विद्यार्थी शामिल होंगे। कुल 565 महाविद्यालयों में प्रपत्रों की स्क्रीनिंग शुरू हो चुकी है। बता दें कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई थी।

**इन विषयों में हो रहे आवेदन :** बीए योगा, बीए नैप, बीकॉम, पीजेएमसी, बीएससी, बीवीए, एलएलबी, बीईएलएड, डीफार्मा, पीजी प्रोग्राम, एमबीए, एमएड, बीए आनर्स विद रिसर्च, एलएलबी इंटीग्रेटेड।



**▸▸ 11 को लविवि व उससे संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा का किया जाएगा आयोजन**

**नवयुग में सबसे अधिक बीकॉम में आवेदन :** नवयुग कन्या महाविद्यालय में सबसे अधिक आवेदन बीकॉम में हुए। यहां सीटों की संख्या 240 है। बीए में 700 सीटें है। बीएससी में 100 सीट हैं। बीएससी पीसीएम और एसपीएम में 90 सीटें है। वहीं एमकॉम में 60 हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय का कहना है कि महाविद्यालय में बीएड की सुविधा भी रेगुलर दी गई है।

**शिया कॉलेज में पूरी हुई प्रपत्रों की जांच :** शिया पीजी कॉलेज में भरे गए आवेदनों के प्रपत्रों की जांच लगभग पूरी हो गई है। प्राचार्य डॉ. एस शबीहे रजा का कहना है कि विद्यार्थियों द्वारा भरे गए आवेदनों और प्रपत्रों की जांच की जा रही है। प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है।

### आईआईआईटी में हुआ सीटों का आवंटन

अमृत विचार : इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटें निर्धारित की गई है। आवेदनों के बाद काउंसलिंग भी की जाएगी। आईआईआईटी में एमटेक, एमआर्क और एमप्लान पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए गेट सीसीएमटी 2024 काउंसलिंग राउंड सीटों का आवंटन जारी कर दिया गया है। सीट स्वीकृति शुल्क भुगतान, दस्तावेज अपलोडिंग (ऑनलाइन) और वापसी की अंतिम तिथि गुरुवार शाम 5 :30 बजे तक निर्धारित है। आईआईटी जैम 2024 पांचवीं प्रवेश सूची बुधवार को जारी हो गई है। इस सत्र में पाठ्यकमों को भी विस्तार दिया जा रहा है।

### स्नातकोत्तर डिप्लोमा को मिल रही वरीयता

आईआईआईटी यूजी, पीजी, पीजीडी और डॉक्टरेट कार्यक्रम प्रदान करता है। इस बार बीटेक, एमटेक, एमबीए (डिजिटल बिजनेस) और स्नातकोत्तर डिप्लोमा को वरीयता दी जा रही है। आईटी, सीएस, सीएसएआई, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लैंग्वेज डोमेन में पीएचडी की भी व्यवस्था में सम्मिलित है।

# दो दर्जन से अधिक छात्रों को मुख्य न्यायाधीश देंगे मेडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 13 जुलाई को विधि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ दो दर्जन से अधिक छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। समारोह में कुल 1900 से अधिक छात्र-छात्राओं को डिग्रियां और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. हिमांशु शेखर का कहना है कि करीब 1900 छात्रों को डिग्रियां मिलेंगी। दो दर्जन से अधिक छात्रों को मुख्य न्यायाधीश स्वर्ण पदक देंगे। समारोह में 1450 बीए एलएलबी के छात्रों को प्रमाण पत्र मिलेंगे। 200 एलएलएम के छात्र व 180 डिप्लोमाधारी भी शामिल हैं। वहीं 60 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य गणमान्य



**▸▸ 13 को होगा विधि विवि का दीक्षांत समारोह**

**▸▸ मुख्यमंत्री समेत अन्य गणमान्य हस्तियां भी होंगी शामिल**

हस्तियां शामिल होंगी।

**इनकों मिलेगा स्वर्ण :** प्रीति सिंह, प्रियमवदा प्रियदर्शिनी, सुरभि, रितिका जुनेजा, हिमांशी तिवारी, दीक्षा गुप्ता, सूर्यांश वर्मा, मिलिंद राज रत्नम, दीपाली यादव, रिशी मिश्रा, प्राची वर्मा, सिद्वांत शंकर पाण्डेय, हिमांशी तिवारी, दीक्षा गुप्ता, रोहन भार्गव, रक्षित सी वाजपेयी, अदिति बांगर, कृतिका, विनय, राजमोहन गुप्ता, स्मृति, श्रुति गुप्ता, आस्था भट्ट, दीपिका कचोलिया, रूपल जायसवाल, हर्षित यादव को मुख्य न्यायधीश द्वारा स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

## रैगिंग हुई तो होगी कठोर कार्रवाई : कुलपति

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र में आयोजित ओरियंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति ने कहा कि रैगिंग के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। यदि किसी भी तरह की कोई शिकायत मिली तो आरोपी छात्रों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कुलपति बीए एलएलबी और एलएलएम के नए प्रवेश पाए छात्रों को संबोधित कर रहे थे। विधि विवि में आयोजित कार्यक्रम की खास बात यह रही कि छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। कुलपति ने कहा कि विवि में किसी भी तरह की रैगिंग नहीं होगी। यदि ऐसा करता हुआ कोई मिला तो उसे कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. बलराज चौहान ने छात्रों को विधि के क्षेत्र में अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को नए कानूनों का परिचय दिया। बताया कि विश्वविद्यालय की नियमित कक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं।



विधि विवि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति। अमृत विचार

**▸▸ बीए एलएलबी व एलएलएम में प्रवेश पाए छात्रों को कुलपति ने किया संबोधित**

# ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में दिव्यांगों को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ पुनर्वास विवि ऑटोमोबाइल बीमा क्षेत्र में पहली बार शुरू करने जा रहा है कोर्स**

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ऑटोमोबाइल बीमा क्षेत्र में पहली बार कोर्स शुरू करने जा रहा है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता का कहना है कि नए कोर्स में किसी अनुभव की आवश्यकता नहीं है। इसके माध्यम से चंद माह के भीतर छात्र रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

विवि प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय का कहना है कि यह कोर्स प्रदेश में पहली बार शुरू किया गया है। इस कोर्स के लिए कोई पूर्व अनुभव की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि न्यूनतम योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा या समकक्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश अकादमिक योग्यता और विश्वविद्यालय के वेटेज के आधार पर होता है। सर्टिफिकेट कोर्स केवल तीन माह का है।

**कोर्स के अंत में छात्रों को मिलेंगे प्रमाण पत्र :** डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि कोर्स में वास्तविक परिदृश्यों और उद्योग विशेषज्ञों के माध्यम से व्यावहारिक कौशल और ऑटोमोबाइल बीमा की जानकारी दी जाएगी। उम्मीदवार को पाठ्यक्रम के सफल समापन पर एक मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

**पाठ्यक्रमों में इन विषयों को किया गया है शामिल :** छह मॉड्यूल कार्यक्रम में बीमा के इतिहास, कानून और विनियामक ढांचे, विभिन्न प्रकार की मोटर बीमा पॉलिसियों और दावा प्रक्रिया सहित कई विषयों को शामिल किया गया है। प्रतिभागियों को अंडरराइटिंग विचारों, विपणन और वितरण चैनलों और आधुनिक बीमा परिदृश्य में प्रौद्योगिकी की भूमिका के बारे में बताया जाएगा।

**इस पर करें आवेदन :** विश्वविद्यालय की वेबसाइट (https://dsmnru.ac.in) पर आवेदन कर सकते हैं।


## लखनऊ नगर निगम
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
e-tender portal : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: D-1168/CE(E/M) दिनांक : 03.07.2024

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अल्पकालिक निविदा सूचना**

लखनऊ नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जलभराव की समस्या के निदान तथा जनहित में विभिन्न क्षमता वाले De-Watering-Pump की आपूर्ति हेतु ई-निविदाए एकल ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, उक्त निविदाओं हेतु जमानत धनराशि एवं निविदा शुल्क की धनराशि RTGS/NEFT/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 04.07.2024 से 10.07.2024 अपरान्ह 15.00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 10.07.2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्ते यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

मुख्य अभियन्ता (वि./यॉ.)


# वी-लॉग : छात्रों को सिखाई गई बोलने की शैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित वी-लॉग कार्यशाला के तीसरे दिन विशेषज्ञों की ओर से प्रतिभागियों को न्यूज चैनल में बोलने की शैली से अवगत कराया। छात्रों को अभ्यास भी कराया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्कृत न्यूज एंकर डॉ. नारायण दत्त मिश्र ने ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया, जर्मनी आदि देशों में अपने सांस्कृतिक धरोहर को चिह्नित करते हुए छात्रों के बीच साझा किया। उन्होंने कहा कि हमें पारंपरिक विद्याओं को तकनीकी से जोड़ने की आवश्यकता है।




कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति और उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

**▸▸ छात्रों को सिखाई गईं डिजिटल कैमरे की बारीकियां**

नेशनल अवॉर्ड विजेता विकास शर्मा ने छात्रों को डिजिटल कैमरे के सामान्य एवं विशेष स्वरूप की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कैमरे की कुछ विशेषताएं मोबाइल फोन में भी देखने को मिलती हैं। कार्यशाला के दौरान परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने सुदूर क्षेत्रों से आए छात्रों के बीच तकनीकी जानकारियां भी साझा कीं।

# अंतरराष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में छात्रा लवीना सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार कैम्पस में कैम्ब्रिज इंटरनेशनल की कक्षा-12 की छात्रा लवीना रामचंदानी को लेखन व रचनात्मक वैश्विक दृष्टिकोण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। लवीना ने कैम्ब्रिज री-थिंक निबंध प्रतियोगिता 'बियोंड क्लाइमेट चेन्जः सेविंग द फ्यूचर' विषय पर लिखित निबंध में आदर्श विश्व व्यवस्था की रूपरेखा व पर्यावरण जैसी वैश्विक समस्याओं के रचनात्मक समाधान सुझाए। जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक देशों के 4200 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।


## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 24.07.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | 05902024 दिनांक 02.07.2024 |
| 1 | कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वित्य लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर रायबरैली और सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अनुभाग में दोहरीकरण कार्य के दौरान निर्माण संगठन के बचे हुए कार्य के संबंध में रबरयुक्त सतह के साथ विभिन्न लेवल क्रॉसिंग का सतही सुधार का कार्य। | |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 34941933.24 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 3,24,700.00 |
| 4 | कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह |
| 4 | निविदा डालने का प्रारंभ | 10.07.2024 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 24.07.2024 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2000/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अगस्त माह में बच्चे दिख सकेंगे फुल यूनिफॉर्म में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे पूरी तरह से यूनिफॉर्म में अगस्त माह तक दिख पाएंगे।

बच्चों के अभिभावकों के खाते में निशुल्क यूनिफॉर्म का बजट भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन इसमें 1 लाख अभिभावकों के ऐसे भी बैंक खाते सामने आएं हैं जो अपडेट नहीं है, इस कारण से उसमें बजट नहीं जा पा रहा है। खाता अपडेट न होने की मुख्य वजह ये बताई जा रही है कि अभिभावकों ने पिछले एक वर्ष से कोई लेन देन ही उसमें नहीं किया है।

कई अभिभावकों के ऐसे भी खाते हैं जो शून्य हैं। इस स्थिति में यदि 1200 रुपये का बजट



**▸▸ 1 लाख अभिभावकों का खाता अपडेट न होने के कारण नहीं पहुंच पा रहा यूनीफॉर्म का बजट**

**▸▸ प्रधानाध्यापकों को सौंपी गई खाता अपडेट कराने की जिम्मेदारी**

पहुंचेगा भी तो बैंक अपना शुल्क पहले कटौती कर लेंगे, शेष राशि ही अभिभावकों को मिल सकेगी। ऐसे में खाता अपडेट कराने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापकों को सौंपी गई है। लेकिन शिक्षकों का कहना है कि खाता अपडेट कराने में पूरा जुलाई माह बीत जाएगा। इस स्थिति में यूनिफॉर्म बच्चों को अगस्त में ही मिल पाएगी।

# ताइक्वांडो में गौरव को ग्रैंड मास्टर उपाधि से किया गया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से गौरव सिंह चौहान को ग्रैंड मास्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो हॉल ऑफ फेम इंडिया-2024 के अवसर पर उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह उपाधि उन्हें प्रदान की। उन्होंने कहा कि गौरव ने भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 450,000 से अधिक महिलाओं और बच्चों को प्रशिक्षित किया।



गौरव सिंह

ये सक्रियता पिछले तीन दशकों से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों और मार्शल आर्ट के माध्यम से लगातार दिखा रहे हैं। इस समारोह में सीतापुर के एमएलसी पवन सिंह चौहान, भारत में ताइक्वांडो के जनक और संस्थापक ग्रैंड मास्टर डॉ. जिमी आर. जगतियानी मौजूद थे।

# रोहिन राज पहुंचे सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दूसरी वरीयता प्राप्त रोहिन राज ने कृष्णा सिंह की चुनौती को 6-1, 6-0 से तोड़ते हुए अंडर-14 आइटा टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एकल वर्ग के अन्य मुकाबलों के तहत शीर्ष वरीय अर्जुन शर्मा, अविनाश राय और सिद्धांत चौधरी ने जीत दर्ज करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई।

ला-मार्टीनियर कॉलेज प्रांगण स्थित एसडीएस टेनिस अकादमी में बुधवार को बारिश के चलते काफी कम मैच खेले जा सके। प्रतियोगिता में बालक एकल वर्ग में सभी मुकाबले एकतरफा रहे। पहले क्वार्टर फाइनल में रोहिन ने तेज सर्विस और दमदार ग्राउंड स्ट्रोक का प्रदर्शन करते हुए कृष्णा को एक भी मौका नहीं दिया। मुकाबला 6-1, 6-0 से अपने नाम कर लिया।

उधर, दूसरे बालक एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय अर्जुन शर्मा ने अयान यादव को 6-2, 6-4 से हराते हुए अंतिम चार का टिकट पक्का किया। प्रतियोगिता में तीसरे और चौथे क्वार्टर फाइनल मुकाबले अप्रत्याशित रहे। इसके अंतर्गत गैर वरीय अविनाश राय ने 5वीं वरीयता प्राप्त वैभव सरोज को 7-6 (1), 6-3 से हराते हुए बाहर का रास्ता दिखाया। इसके अलावा छठीं वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ चौधरी ने चौथी वरीयता प्राप्त मो. आरिश को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-0 से मात देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के बालक युगल वर्ग में तीन क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। इसके अंतर्गत सानिध्य द्विवेदी- शुभ श्रीवास्तव ने हारिस खान-अच्युत जायसवाल को 6-0, 6-4, वैभव सरोज-अयान यादव ने ध्रुव सिंह-तनिष पाटिल को 7-5, 6-2 और युवराज सिंह-सात्विक सिंह ने अमोघ सिंह-सुभ्रांशु सिंह को 6-1, 4-6, 10-4 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### शहर के वीर और दिव्यांश होंगे शीर्ष वरीय खिलाड़ी

अमृत विचार : शहर के इंटीग्रल विश्वविद्यालय नए टेबल टेनिस एरीना में यूपी राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। चार दिवसीय प्रतियोगिता में लखनऊ के वीर वाल्मिकी को तीन और दिव्यांश श्रीवास्तव, साक्षी तिवारी और लक्ष्य कुमार को एक-एक कैटेगिरी में प्रथम वरीयता मिली है।


## कार्यालयः-अधिशासी अभियन्ता जोन-6
बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रकः 288 / ई0ई0-6/ एल0जे0एस0, 2024-25 दिनांक 03/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य / आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 10/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 10/7/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन 6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of 1.50 HP submersible pump at Bhouhar Ganv in Mandir parisar, Kanhiya Madhopur II Ward, Lko. | 3300.00 | Rs- 200 | 7 दिवस |
| 2 | Reboring of 1.50 HP submersible pump at Mathu Gadhiya, Wazeerbagh, Amberganj Ward, Lko. | 3300.00 | Rs- 200 | 7 दिवस |
| 3 | Repairing of 04 Nos submersible pump at different places of Maulana Kalbey Abid I Ward, LKo. | 2200.00 | Rs- 150 | 7 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**
**जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

## एक नजर

### सीएनजी पंप के कर्मी ने आटो ड्राइवर को झाड़ से पीटा

अमृत विचार, लखनऊ: आईआईएम रोड स्थित सीएनजी पम्प पर बुधवार सुबह कर्मचारियों और ऑटो ड्राइवर के बीच मारपीट हुई। कर्मचारी ने झाड़ू से ड्राइवर पर हमला कर दिया। ड्राइवरों ने वीडियो रिकार्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि पम्प पर बुधवार को सीएनजी भरवाने वालों की भीड़ थी। वाहनों को लाइन लगवा कर सीएनजी दी जा रही थी। तभी पहुंचे एक ऑटो ड्राइवर की कर्मचारी से कहासुनी होने लगी। ड्राइवर का आरोप था कि बाद में आए लोगों को पहले सीएनजी दी गई है। इससे भड़के कर्मचारी ने झाड़ू से ड्राइवर पर हमला कर दिया। कर्मचारी का दावा है कि ड्राइवर पहले सीएनजी डलवाना चाहता था। मना करने पर पम्प में आग लगाने की धमकी देते हुए गाली देने लगा। इसके बाद झगड़ा शुरू हुआ।

### घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला

अमृत विचार, मलिहाबाद : क्षेत्र में घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। गंभीर घायल युवक को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया है। नगर पंचायत के ग्राम फरीदीपुर निवासी मुंशीलाल ने बुधवार को पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया बेटा रात करीब साढ़े 9 बजे घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव निवासी पिंटू लाठी डंडे व धारदार हथियार से लैस होकर गालियां देने लगा। मुंशीलाल घर में घुसा तो पिंटू ने अंदर घुसकर पिटाई कर दी। इससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कुएं में गिरा मवेशी, ग्रामीणों ने निकाला

अमृत विचार, बीकेटी: क्षेत्र के शिवपुरी गांव के प्रधान राम बिलास की भैंस का बच्चा मंगलवार रात कुएं में गिर गया। ग्रामीणों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कुएं में उतरने से मना कर दिया। कहा कि हम लोग कुएं में उतरते नहीं आए हैं। कहा कि कोई ग्रामीण कुएं में उतरे तभी मवेशी निकल पाएगा। इसके बाद ग्रामीण के भतीजे ने कुएं में उतरकर मवेशी को बाहर निकाला। दमकल कर्मियों के इस व्यवहार से ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि रेस्क्यू टीम मूकदर्शक बनी रही।

### सिक्योरिटी गार्ड पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर कोतवाली में पारा के चंद्रोदय नगर निवासी विपिन शुक्ला ने वेयरहाउस में तैनात सिक्योरिटी गार्ड सूरज कुमार यादव के खिलाफ लाखों का तांबे का केबल चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विपिन का कहना है कि कंपनी ने वेयरहाउस की सुरक्षा के लिये गार्ड सूरज कुमार यादव और उमेश कुमार की नियुक्त कर रखा है। सूरज ने 17 जून को वेयरहाउस के रिस्ट्रिक्टेड एरिया में घुसकर तांबे की करीब 10 लाख की केबल चोरी कर ली। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से चोरी की जानकारी हुई। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# मौसेरा भाई बना ढाल फिर भी एसिड हमले से नहीं बच सकी युवती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहले से तैयारी करके आया था आरोपी, डांट कर भगाने पर बैग से बोतल निकालकर फेंका तेजाब
- सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर पीछे बैठा आरोपी कर रहा हमला

**अमृत विचार :** बीते कई दिन से फोन पर परेशान करने वाला युवक एसिड अटैक की पूरी तैयारी से आया था। युवती से बात करने की कोशिश करने पर उसके मौसेरे भाई ने डांट कर भगाया तो कुछ देर बाद लौटकर उसने तेजाब फेंक दिया। इस पर मौसेरा भाई ढाल बनकर बीच में आ गया लेकिन फिर भी तेजाब को युवती के चेहरे पर गिरने से नहीं बचा सका। युवती के चेहरे का कुछ हिस्सा तेजाब से झुलस गया।

बताया जा रहा है कि युवती मड़ियांव के भिठौली निवासी एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले मौसेरे भाई से मिलने घर से निकली थी। ई-रिक्शा से चौक स्टेडियम के पास उतरी। जहां भाई पहले से मौजूदा था। दोनों सड़क किनारे खड़े होकर बात करने लगे। तभी काले रंग की ट्रीशर्ट पहने अमन नामक युवक पहुंचा। वह युवती से बात करने का प्रयास करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर भाई ने आरोपी को डांट कर भगा दिया। इसके बाद दोनों स्टेडियम से लोहिया पार्क की तरफ चल दिए। इसी बीच कुछ ही देर में आरोपी बाइक सवार युवक के साथ लौटा। वह पीछे बैठा था, उसके पास काले रंग का बैग था। किसी को कुछ समझ आता, इससे पहले ही वह बोतल निकाल कर युवती की तरफ दौड़ा। उसे निशाना बनाते हुए एसिड फेंका। बहन पर हमला होते देख उसे बचाने के लिये भाई ढाल बन गया। इससे फेंका गया तेजाब युवक की पीठ पर जा गिरा। भाई की शर्ट जल गई और पीठ झुलस गई लेकिन तेजाब युवती के चेहरे और हाथ पर भी गिरा जिससे वह झुलस गई। अगर भाई बीच में नहीं आता तो पूरा तेजाब युवती के चेहरे पर गिरता और उसकी हालत नाजुक हो सकती थी।



सीसीटीवी फुटेज में युवती पर एसिड फेंकते दिखे आरोपी। अमृत विचार

**युवती को हमले का नहीं था अंदेशा :** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी कई दिनों से उसे परेशान कर रहा था। लेकिन उसने परिवार वालों से नहीं बताया। वह अक्सर उसका पीछा भी किया करता था। वह उसे लगातार नजरअंदाज कर रही थी। उसे इस बात का एहसास नहीं था कि आरोपी यह कदम उठा लेगा।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए आरोपी

पुलिस टीमों को घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज मिली है। इसमें दोनों आरोपी दिख रहे हैं। आरोपी का नाम अमन वर्मा बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी पहचान कर ली है। फुटेज के आधार पर दूसरे आरोपी का भी पता लगाया जा रहा है।

**वायरल हुई तस्वीरें :** एसिड अटैक की घटना के बाद सोशल मीडिया पर युवती और उसके भाई की तस्वीरें तेजी से वायरल हुईं। यूजर्स भी हमलावरों पर सख्त कार्रवाई मांग की प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

**मौसेरे भाई की काउंसिलिंग में गवाही देने जा रही थी युवती:** युवती के रिश्तेदार ने बताया कुछ महीने पहले मेडिकल कॉलेज में रैगिंग से परेशान एक छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। इसके चलते मेडिकल कॉलेज प्रशासन सभी छात्रों की काउंसिलिंग करा रहा है। बुधवार को मौसेरे भाई की काउंसिलिंग होनी थी। इसमें छात्रा काउंसिलिंग में भाई के लिए गवाही देने जा रही थी।


**ट्रू कॉलर में पवन नाम दिखा था :** बताया जा रहा है कि आरोपी ने करीब तीन दिन पहले युवती के मोबाइल नंबर पर काल की थी। इस दौरान अपना नाम अमन बताया था। लेकिन ट्रूकॉलर में युवक का नाम पवन लिख कर आ रहा था।

### राहगीर पकड़ने दौड़े, तब तक लापता हो गए आरोपी

तेजाब पड़ते ही भाई-बहन बुरी तरह चीखने लगे। वहीं बाइक सवार भागे राहगीरों ने मामला समझकर हमलावरों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन तब तक आरोपी गलियों से होकर भाग निकले।

## नहाते समय युवक डूबा, तीन साथी बाल-बाल बचे

**अमृत विचार, ठाकुरगंज :** ठाकुरगंज इलाके में नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। वह तीन दोस्तों के साथ नहाने गया था। पुलिस के मुताबिक, ठाकुरगंज कोतवाली के पीछे रहने वाला फैजान (17) पुत्र मोहम्मद इकराम बुधवार को दोस्त प्रिंस गौतम, अमान कादिर और राज शर्मा के साथ गऊघाट नया पुल डेम पर नहाने गया था। चारों दोस्त नदी में मौज मस्ती कर रहे थे। तभी तेज बहाव के कारण चारों डूबने लगे। किसी तरह तीन दोस्त एक दूसरे की मदद से बाहर आ गए, लेकिन फैजान डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से फैजान को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



फैजान

# चलती सिटी बस में लगी आग सवारियों ने कूद कर बचाई जान

## ठाकुरगंज में चरक अस्पताल के सामने हुई घटना, एमडी ने मांगी जांच रिपोर्ट

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत चरक अस्पताल के पास चलती (महानगर परिवहन सेवा) सिटी बस में बुधवार को आग लग गई। चालक ने सतर्कता दिखाते हुये आनन-फानन बस रोक दी। इससे यात्रियों ने कूदकर जान बचाई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। एमडी ने मामले की जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

बताया जा रहा है दोपहर करीब 1 बजे सीएनजी की महानगर परिवहन बस यात्रियों को लेकर चरक अस्पताल के सामने से गुजर रही थी। इसी बीच बस में धुआं भरने लगा। यह देख चालक ने बस रोक दी। इसके बाद भयभीत यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस काफी पुरानी प्रतीत हो रही थी। शॉक एब्जॉर्बर टूटकर गिर गया। जिसके रगड़ने से चिंगारी भड़क गई और बस बीच सड़क पर धू-धूकर जलने लगी। सूचना मिलते ही चौक फायर स्टेशन से दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। एफएसओ चौक ने बताया कि प्रथम दृष्टया में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। इस घटना में जनहानि की सूचना नहीं है।



चरक हॉस्पिटल के सामने आग से धू-धूकर जलती बस। अमृत विचार

### शॉक एब्जॉर्बर के टूटने से लगी आग

रोडवेज के एक अधिकारी ने बताया- बस पुरानी थी। शॉक एब्जॉर्बर टूट कर गिरा। उसके रगड़ने से आग लग गई। इससे पहिया डैमेज हो गया। कोई हताहत नहीं हुआ है। यात्रियों को दूसरी बस में शिफ्ट कर दिया गया। आग बुझने के बाद बस डिपो में भेज दी गई।

**18,000**

लोग रोज सफर करते हैं सिटी बसों में

## 2017 में हटनी थी, रंग-रोगन कर चलाई जा रही सीएनजी बस

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूं तो सीएनजी नगर बसों की उम्र साल 2017 में ही पूरी हो चुकी है। इन बसों को तय अवधि में मार्गों से हट भी जाना चाहिए था। लेकिन यह उम्रदराज बसें आज भी रंग-रोगन कर दौड़ायी जा रही हैं। जिम्मेदार कह रहे हैं कि जल्द ही नई बसें मिलने की उम्मीद है। उसके बाद इन्हें मार्गों से हटा दिया जाएगा। लेकिन, कब? यह बताने के लिए कोई तैयार नहीं।

राजधानी में गोमती नगर व दुबग्गा डिपो से सिटी बसों का संचालन किया जाता है। 140 इलेक्ट्रिक बसें दुबग्गा डिपो से चलाई जा रही हैं। इसके अलावा 52 सीएनजी बसों का भी संचालन इस डिपो से किया जा रहा है। जबकि गोमती नगर डिपो के पास 55 सीएनजी बसें हैं। यह सभी बसें 2010 में खरीदी गई थीं और इनका अधिकतम संचालन 2017 तक ही किया जाना था। इसके बाद भी इन बसों को कंडम घोषित करने के बजाय मरम्मत कर दौड़ाया जा रहा है।

> नगर की सीएनजी बसें अपनी समय सीमा पूरी कर चुकी हैं। नई बसें जल्द मिलने वाली हैं। ऐसे में जरूरतमंद यात्रियों को मिल रही 107 बसों की इस सुविधा से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसलिए बसों का रखरखाव कर संचालित किया जा रहा है। फिटनेस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा। बस में नीचे लगा साफ्ट घिस कर अचानक टूट गया और गर्मी की वजह से चिंगारी भड़की।
>
> –आरके त्रिपाठी, प्रबंध निदेशक, लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड

कहने को तो कागजों पर यह सीएनजी नगर बसें फिट हैं। अधिकारियों के मुताबिक इनका फिटनेस है। लेकिन असलियत कुछ अलग है। बसों की बॉडी जर्जर होकर एक तरफ को लटक गई है। टायर घिस चुके हैं। शीशे टूटे हुए हैं और सीट रस्सियों से बंधी है। इनमें सफर करना अब खतरे से खाली नहीं है।

## महिला ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** क्षेत्र निवासी विवाहिता ने हरियाणा के यमुनानगर निवासी पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी, ननद और ननदोई के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता ने बताया 21 अप्रैल 2022 को शादी हुई थी। ससुराल वाले 5 लाख दहेज में मांग रहे थे। मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। इस बीच जबरन गर्भपात करा दिया। पति जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। ससुर ने भी अकेली देख दुष्कर्म का प्रयास किया। पति से शिकायत करने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म, छत से कूदकर भागा आरोपी

संवाददाता, मलिहाबाद

- आरोपी के परिजन ने युवक को छत से फेंकने का लगाया आरोप
- रहीमाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की दुष्कर्म की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** रहीमाबाद क्षेत्र में नाबालिक से दुष्कर्म कर आरोपी युवक छत से छलांग लगाकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस के मुताबिक, रहीमाबाद थाना क्षेत्र निवासी चचेरे भाई ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया मंगलवार रात नाबालिग भतीजी बरामदे में अकेली सो रही थी। रात करीब 12 बजे कारिब दीवार फांदकर घर में घुसा। भतीजी ने शोर मचाने का प्रयास किया तो मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। किसी तरह भतीजी आरोपी के चंगुल से निकलकर परिजन को घटना बताई। परिजन पहुंचते तब तक आरोपी छत से छलांग लगाकर भाग निकला। वहीं युवक के परिजन का आरोप है कि नाबालिग के घर वालों ने घात लगाकर उसे पीटा। इसके बाद छत से फेंक दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज किया है। घायल आरोपी का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।



अस्पताल में भर्ती दुष्कर्म का आरोपी।

# डॉक्टर से छेड़छाड़ कर भागे दो युवक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीबीडी क्षेत्र के एक आयुर्वेदिक कॉलेज में घुस कर महिला डॉक्टर से युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक, आयुर्वेदिक कॉलेज में तैनात महिला डॉक्टर ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया एक जुलाई की दोपहर वह अस्पताल में ड्यूटी पर थी। ओपीडी खत्म होने के बाद चौकीदार लंच करने गया था। इसी दौरान उनके केबिन में दो अज्ञात युवक पहुंचे। दोनों ने बताया कि क्षेत्र के एक निजी हॉस्पिटल से आए हैं। आपसे कुछ बात करनी है। वह कुछ समझ पातीं इससे पहले ही दोनों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले।

- पीड़िता ने बीबीडी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### छात्रा का पीछा कर छेड़छाड़ करने का आरोप

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना क्षेत्र निवासी छात्रा का पीछा कर युवक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। आशियाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उसकी नाबालिग बेटी को घर के सामने ही रहने वाला शोहदा आये दिन आते-जाते रास्ते में परेशान करता है। बुधवार दोपहर पुत्री स्कूल से घर लौट रही थी। आरोपी ने किला चौराहे से पीछा शुरू कर दिया। डरी सहमी बेटी ने घर पहुंच आपबीती बताई। मां आरोपी के घर परिजन से शिकायत करनी पहुंची तो झगड़े पर अमादा हो गये। इसके साथ ही धमकी देने लगे। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया।

# पांच वकीलों के चेंबर जले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से पाया आग पर काबू

**अमृत विचार:** कैसरबाग में पुरानी जिला जज कोर्ट के पीछे बुधवार सुबह अधिवक्ता सुनील कुमार श्रीवास्तव के चैंबर में आग लग गई। जिसने पड़ोस के अन्य चेंबर भी चपेट में ले लिये। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल ने आग पर काबू पाया।

हजरतगंज फायर स्टेशन से एफएसओ राम कुमार रावत के मुताबिक, दो गाड़ियां लेकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब घंटे भर की मशक्त के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से सुनील कुमार श्रीवास्तव समेत पांच अधिवक्ताओं के चैंबर में रखा फर्नीचर, दस्तावेज और अन्य सामान जल गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा और महामंत्री अमरेश पाल सिंह ने एक प्रार्थना-पत्र लिखा। उन्होंने न्यायाधीश, मख्य न्यायिक दंडाधिकारी, मंडलायुक्त समेत अन्य से अपील की कि अग्निकांड में आवश्यक दस्तावेज और फाइलें जल गई हैं। ऐसी स्थिति में बुधवार को किसी भी अधिवक्ता/वादकारी की अनुपस्थिति में एक पक्षीय अथवा विपरीत आदेश पारित न किया जाए।

## युवती से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना क्षेत्र में कपड़ा शोरूम के मैनेजर द्वारा शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शादी से मुकरने पर पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सुल्तानपुर की रहने वाली युवती ने बताया रुचिखंड स्थित कपड़े के शोरूम में काम करती थी। जिसमें आशियाना निवासी संतोष मौर्या मैनेजर तैनात था। संतोष ने युवती से दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसा लिया। मिलने के बहाने बुलाकर संबंध बनाए। विरोध करने पर शादी का वादा किया।

# नहर में मिला काकोरी के दीवान का शव

संवाददाता, काकोरी

- शराब के नशे में पुलिया से गिरकर डूबने की आशंका



**अमृत विचार :** काकोरी कोतवाली में तैनात दीवान राधेश्याम का शव बुधवार सुबह कोतवाली के पीछे नहर में पड़ा मिला। नहर की तरफ पहुंचे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। फिलहाल परिजन ने आरोप नहीं लगाया है। आशंका है कि नशे में पुलिया से गिरकर डूबने से मौत हुई है।

इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक, लखीमपुर जनपद के गोला निवासी राधेश्याम दीवान थे। वह करीब चार वर्ष से कोतवाली में तैनात थे। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने कोतवाली के पीछे स्थित दुर्गागंज नहर की पुलिया के पास पानी में शव पड़ा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव बाहर निकाला। सिर में चोट के निशान थे। पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि राधेश्याम मंगलवार रात नहर पुलिया पर बैठे थे। आशंका है कि नीचे नहर में गिरने से सिर में चोट लगी है। रात भर पानी में पड़े रहने से मौत होने की आशंका है। बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राधेश्याम के परिवार में पीछे पांच बच्चे व पत्नी हैं। सूचना पर पहुंचे परिजन का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। उन्होंने घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों से जानकारी ली। आसपास के लोग दबी जुबान कह रहे थे कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे दीवान ने शराब पी रखी थी। इससे वह नहर में गिरे थे। तब ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मी उन्हें निकाल कर ले गये थे। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### चालक के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** गौतम पल्ली के मानस नगर निवासी लखनऊ एयरपोर्ट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड प्रदीप यादव ने ई रिक्शा चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया। मंगलवार को वह फ्लाईओवर के पास ड्यूटी पर था। चालक ई रिक्शा में डीजीसीए ऑफिस रोड के पास सवारी बिठाकर पहुंचा। उसने टोकन कटवाने को कहा तो चालक मारपीट करने लगा। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

### चोरों ने दो घरों के ताले तोड़ गहने व नकदी चोरी की

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर क्षेत्र में मंगलवार को चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाया। ताले तोड़कर नकदी और गहने समेत लाखों का सामान पार कर दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है। सरोजनीनगर के मंगलम सिटी, गौरी निवासी निजी अस्पताल के ड्राइवर सूरज कुमार ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया मंगलवार को वह और उनकी पत्नी मकान में ताला बंद कर ड्यूटी पर चले गए थे। बेटा आर्यन स्कूल गया था। शाम करीब 5 बजे आर्यन लौटा तो मकान के दरवाजे व कमरों के ताले टूटे मिले। फोन पर उसने घटना बताई। मौके पर पहुंच कर देखा तो अलमारी में रखे चार लाख के गहने व 12 हजार रुपये की नकदी चोरी होने का पता चला। उधर, इसी थाना क्षेत्र के मुरली विहार कॉलोनी निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया मंगलवार दोपहर घर में ताला बंद कर बाजार गए थे। बाजार से लौटे तो ताला टूटा मिला। अलमारी में रखे गहने और 40 हजार रुपये नकदी भी गायब मिली। पुलिस दोनों मामले दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने में चार पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ:** आबकारी टीम ने मंगलवार देर रात में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसके अन्तर्गत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सघन चेकिंग के लिए तीन टीमें गठित की हैं। इन टीमों ने हजरतगंज, बर्लिंगटन चौराहे के आस-पास, राणा प्रताप चौराहा, पान दरीबा, नाका, चारबाग, मिठाई चौराहा गोमती नगर, कमता तिराहे के आस पास देर रात तक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शराब की दुकान के आस पास लगे ठेले, ढाबे, बस स्टेशन को भी चेक किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### बच्ची चुराकर भाग रही महिला को रंगेहाथ पकड़ा

**अमृत विचार, आलमबाग :** आलमबाग क्षेत्र में एक घर में ट्यूशन पढ़ा रही शिक्षिका की डेढ़ वर्षीया बच्ची चुराकर भाग रही महिला को लोगों ने रंगेहाथ दबोच लिया। आरोपी पश्चिमी बंगाल की रहने वाली है। लोगों ने पिटाई के बाद आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस महिला को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर एसएस महादेवन के मुताबिक, बाजारखाला थाना क्षेत्र के गुलजारनगर निवासी सुल्ताना पत्नी शाकिर ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह कई घरों में जाकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती हैं। रोज की तरह मंगलवार शाम करीब 5 बजे गढ़ी कनौरा स्थित घर में डेढ़ वर्षीया पुत्री उमरा को लेकर ट्यूशन पढ़ाने गईं थी। बच्ची को पड़ोस में सहेली के पास छोड़कर ट्यूशन पढ़ा रहीं थी। इसी दौरान घर में घुसी एक महिला बच्ची को उठाकर बाहर भागते दिखी। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने दौड़ाकर महिला को दबोच कर बच्ची छीन ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

**ठगी** | जालसाज ने खुद को बताया मुख्य सचिव का संबंधी

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 2 .20 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजीपुर क्षेत्र निवासी सरकारी सेवानिवृत्त बुजुर्ग से जालसाज ने खुद को मुख्य सचिव का संबंधी बता सचिवालय में नौकरी के नाम पर 2.20 लाख ठग लिये। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक सेक्टर-16 इंदिरा नगर के निवासी आरपीएस श्रीवास्तव ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह बेटी अल्पना श्रीवास्तव और दामाद मोहित वर्मा के साथ रहते हैं। कुछ माह पहले उनकी मुलाकात प्रतापगढ़ के कुंडा निवासी चंद्रेश कुमार श्रीवास्तव से हुई थी। चंद्रेश ने खुद को सचिवालय में समीक्षा अधिकारी व मुख्य सचिव का संबंधी बताया। कहा कि वह उनकी बेटी और दामाद की सचिवालय में समीक्षा अधिकारी की नौकरी लगवा देगा। इसके लिये 2.20 लाख रुपये मुख्य सचिव को देने होंगे। झांसे में आकर पीड़ित ने रुपये दे दिए। कुछ दिन बाद जालसाज ने उन्हें अधिकारी की मुहर लगे ज्वाइनिंग लेटर व सचिवालय का गेट पास थमा दिये। कहा कि लोकसभा इलेक्शन के बाद नौकरी ज्वाइन करनी है। जब पीड़ित अपने दामाद व बेटी के साथ सचिवालय पहुंचे तो पता चला कि गेट पास जाली है। समीक्षा अधिकारी रेवेन्यू के पद पर चंद्रेश कुमार नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

- पीड़ित बुजुर्ग ने गाजीपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### व्यापार के नाम पर परिचित ने हड़पे चार लाख

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना क्षेत्र निवासी व्यापारी ने परिचित पर उधारी के चार लाख रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, मूलत: अमेठी निवासी मुकेश सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि वह आलमबाग में किराये पर रहकर व्यापार करते हैं। जनवरी 2018 में उनकी मुलाकात ग्राम देवसिया, थाना लार, जिला देवरिया निवासी अनुज सिंह से हुई थी। अनुज सिंह ने उनसे गोसाईगंज में आंखों की जांच के लिये क्लीनिक खोलने की बात कही। मशीन दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये ले लिये। जब काफी समय क्लीनिक नहीं खोला तो पीड़ित ने रुपये लौटाने को कहा। इस पर आरोपी टाल मटोल करते रहा। दबाव बनाने पर आरोपी ने रुपये लेने पहाड़ नगर टिकरिया गांव के पास नहर पटरी पर बुलाया। वहां पहुंचा तो वह नहीं था। उसके मोबाइल नंबर पर फोन किया तो रुपये लौटाने से मना करते हुये जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# निगोहां क्षेत्र में चोरों ने फिर दो घरों को बनाया निशाना

संवाददाता, निगोहां

- पीड़ित बोले- नकदी सहित लाखों के गहने चुरा ले गये

**अमृत विचार:** निगोहां क्षेत्र में चोरी की घटनाएं जारी हैं। मंगलवार रात चोरों ने बरवलिया गांव में स्कूल प्रबंधक समेत दो घरों को निशाना बनाया।

पुलिस के मुताबिक, बरवलिया निवासी शैल बाजपेयी ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि मंगलवार रात वह कमरे में सोईं थी। बुधवार सुबह उठीं तो कमरे में रखी दो अलमारियों के लॉकर टूटे मिले और पर्स से रखे 50 हजार रुपये व लगभग दो लाख के गहने चोरी होने की जानकारी हुई। चोरों ने इसी गांव निवासी सज्जन लाल के घर को निशाना बनाया। चोर खिड़की की सरिया को काट अंदर से दरवाजा खोला दाखिल हुए। बुधवार सुबह परिजन जागे तो तो अलमारी का लॉकर टूटा मिला और उसमें रखे आठ लाख के गहने समेत दो बक्से और 45 हजार नकदी गायब थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य इकत्रित किये। डाग सज्जन के घर के पीछे से करीब 300 मीटर दूर खेत में पड़े बक्सों के पास पहुंचा। इसके बाद 100 मीटर दूर सई नदी के किनारे जाकर रुक गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।



संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीक रंगशाला में बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। अमृत विचार

## कथक की नवोदित प्रतिभाओं ने दी नृत्य प्रस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिरजू महाराज कथक संस्थान की ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह बुधवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित किया गया। इस आयोजन में संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय और विशेष सचिव संस्कृति रवीन्द्र कुमार की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

आकांक्षा पाण्डेय और मीशा रतन के निर्देशन में प्रतिभागियों ने प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीहरि विष्णु पर आधारित भजन के साथ हुई। वंदना के बाद प्रतिभागियों ने विभिन्न कथक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कला का प्रदर्शन


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

| निविदा सं | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|
| 96245568 | 01.08.2024 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशनिंग एंड परीक्षण आफ स्ट्रीम बॉयलर। | 02 नं. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक: Sr.DMM/NR/TENDER/AT/LKO/2024-25 दिनांक: 03.06.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2014/24



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**अनुरक्षण खण्ड नं0–2 (सिविल),**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

पत्रांक :1520/ई–टेन्डर/2024–25 दिनांक : 26.06.2024

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड–2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी–ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

2.

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनो में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास –4 रायल होटल स्थित ब्लाक सं0–01 एवं 02 के विभिन्न आवासों में सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 1.60 | 16000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | विधायक निवास –4 रायल होटल स्थित ब्लाक सं0–01 एवं 04 के विभिन्न आवासों में रंगाई पुताई का कार्य। | 1.95 | 19500.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | दारूलषफा कम्पाउण्ड स्थित नवनिर्मित विधायक निवास के प्रथम तल से दसवें तल के विभिन्न आवासों में रंगाई पुताई का कार्य। | 1.90 | 19000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | दारूलषफा कम्पाउण्ड स्थित डबल स्टोरी एवं मल्टी स्टोरी एवं कम्पाउण्ड के विभिन्न आवासों में सिविल अनुरक्षण एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 1.95 | 19500.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | विधायक निवास –4 रायल होटल स्थित ब्लाक सं0–03 एवं 04 के विभिन्न आवासों में सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 1.90 | 19000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 6 | लखनऊ | दारूलषफा कम्पाउण्ड स्थित नवनिर्मित विधायक निवास के छठें तल से दसवें तल के विभिन्न आवासों में सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 1.75 | 17500.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 7 | लखनऊ | दारूलषफा कम्पाउण्ड स्थित मन्दिर लेन एवं मुष्ताक लेन एवं कम्पाउण्ड के विभिन्न आवासों में सिविल अनुरक्षण एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 1.90 | 19000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 8 | लखनऊ | दारूलषफा कम्पाउण्ड स्थित नवनिर्मित विधायक निवास के विभिन्न आवासों प्रथम तल से पंचम तल में सिविल अनुरक्षण का कार्य। | 1.75 | 17500.00 | 680.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 06.07.2024 से 12.07.2024 तक उपलब्ध है जो दिनांक 12.07.2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक 12.07.2024 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 06.07.2024 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP – 216943 **दिनांक** 02/07/2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड–2 (सिविल),**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**
ई–मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com


## एक नजर

### लद्दाख के सांसद हाजी मो. हनीफा आज शहर में

**अमृत विचार, लखनऊ :** लद्दाख से नवनिर्वाचित सांसद हाजी मोहम्मद



हनीफा 4 जुलाई को लखनऊ में रहेंगे। वह यहां तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा करेंगे। नमाज के बाद शहर के बुद्धिजीवी उनका स्वागत करेंगे। दिलदार अली गुफरानमआब फाउंडेशन के सचिव ने बताया कि सैफ अब्बास की इमामत में लद्दाख के सांसद हाजी मोहम्मद हनीफा नमाज अदा करेंगे। नमाज के बाद नवनिर्वाचित सांसद के साथ समाज और देश की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### इस्कान की जगन्नाथ रथयात्रा 7 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) की ओर से 7 जुलाई को रवीन्द्रालय चारबाग से जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस्कान मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने सभी श्रद्धालुओं को इस यात्रा में आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से रवीन्द्रालय में शुरू होगा। हरि नाम संकीर्तन, नाटक, कथा व महाआरती के बाद दोपहर 2 बजे रथयात्रा शुरू होगी। रथयात्रा रवीन्द्रालय से बांसमंडी चौराहा, हीवेट रोड होते हुए नूर मंजिल, नावेल्टी चौराहा, अटल चौक, हलवासिया मार्केट होते हुए डीएम आवास के बगल में जहांगीराबाद पैलेस में समाप्त होगी।

### मोहर्रम को लेकर हुई इदारा-ए-तहफ्फुजे मर्सियाख्वानी की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** इदारा–ए–तहफ्फुजे मर्सियाख्वानी की एक बैठक संस्था के उपाध्यक्ष फैज बाकर के दरगाह हजरत अब्बास स्थित आवास पर हुई। मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास की अध्यक्षता में हुई बैठक की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। बैठक में पहली से नवीं मोहर्रम तक इमामबाड़ा नाजिम साहब में होने वाली मर्सियाख़्वानी की मजलिस की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। मर्सियाख्वानी की मजलिस के आयोजन को और बेहतर बनाने के मकसद से तैयारी समिति में सदस्यों की संख्या बधाई गई है। बैठक में आबिद शमीम, काजिम अबरार, कासिम रजा, अली औन, मौलाना मिर्जा. एजाज अतहर, मौलाना अबू तालिब मेहदी, डॉ. सरवत तकी, कामिल रिज़वी, असद रिज़वी, इमदाद इमाम और अली अब्बास ने अपने विचार व्यक्त किए।

# नीट में धांधली के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन

## विधानसभा के रास्ते पर पुलिस से नोकझोंक, हिरासत में लेकर अस्थायी जेल भेजे गए प्रदर्शनकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नीट रद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते एनएसयूआई के सदस्य और प्रदर्शनकारी को उठाकर ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नीट रद करने और केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को राजधानी में प्रदर्शन किया। विधानसभा की ओर जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते में रोक लिया। इस पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर ईको गार्डन में बनाई गई अस्थायी जेल भेज दिया।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) मध्यजोन के अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय पर इकट्ठा हुए।

यहां से नीट रद्द करो, धर्मेन्द प्रधान इस्तीफा दो, एनटीए को बैन करो के नारे लगाते हुए विधानसभा की ओर कूच किया। कांग्रेस मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इससे आक्रोशित एनएसयूआई कार्यकर्ता वहीं बैठ गए और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और दूसरी ओर फांदने की कोशिश की। पुलिस ने रोका तो प्रदर्शनकारियों की उनसे नोकझोंक होने लगी। पुलिस ने उन्हें पकड़कर बस में बैठाया और अस्थाई जेल ईको गार्डेन भेज दिया।

अनस ने कहा कि नीट में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। कई छात्र अवसाद में हैं। कांग्रेस की पांच न्याय गारंटियों में युवा न्याय में पर्चा लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाने की बात कही गई थी। हम युवाओं के प्रति किए गए वादों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। परीक्षार्थियों को न्याय मिलने और दोषियों को सजा मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी। प्रदर्शन में पूर्वी जोन के अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय, आकाश अवस्थी, आर्यन मिश्रा, सौरभ सिंह, दिव्यांश, राशि साहू, अजय बागी, राणा सुधांशु सिंह सहित भारी संख्या में एनएसयूआई के युवा शामिल रहे।


संगीत नाटक अकादमी में थर्ड विंग संस्था की ओर से सुदामा नाटक का मंचन करते कलाकार।

# भक्ति, ज्ञान और कर्मयोग का संदेश दे गया नाटक सुदामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अभिनय करने वाली सभी महिलाएं थीं सामान्य गृहणियां**

**अमृत विचार :** नाट्य संस्था थर्ड विंग ने बुधवार की शाम को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक सुदामा का मंचन किया। पुनीत अस्थाना और केशव पंडित के निर्देशन में मंचित नाटक में भक्ति, ज्ञान और कर्मयोग का संदेश दिया गया। नाटक में नृत्य पक्ष का निर्देशन आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया। नाटक का लेखन और संगीत सरोज अग्रवाल का था।

नाटक सुदामा कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा है। नाटक की सबसे खास बात यह रही कि इसमें सभी भूमिकाएं महिलाओं ने निभाईं, यहां तक कि कृष्ण और सुदामा की भूमिका भी। अभिनय करने वाली महिलाएं सामान्य गृहणियां थीं। कोई भी रंगमंच का दक्ष कलाकार नहीं था।

सूत्रधार की भूमिका में केशव पंडित थे। सुदामा की भूमिका आनंदी अग्रवाल, कृष्ण की भूमिका अलका सिंह, धनीराम की भूमिका शालिनी अग्रवाल ने निभायी। नाटक में दृश्यबंध परिकल्पना आनंद अस्थाना की थी जबकि प्रकाश व्यवस्था देवाशीष मिश्रा ने की।

# भुगतान की समय सीमा बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **व्यापारियों ने 43 बी (एच) कानून पर जताई नाराजगी**
- **समय सीमा 45 दिन के बजाए 90 दिन करने की मांग उठाई**
- **भुगतान का नियम स्टेशनरी कारोबारियों को भी कर देगा चौपट**

**अमृत विचार :** एमएसएमई में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 45 दिनों में भुगतान की बाध्यता के लिए लागू किए गए 43 बी (एच) प्रावधान से कारोबारी परेशान हैं। उन्होंने समय सीमा बढ़ाकर 90 दिन करने की मांग करते हुए वित्त मंत्री को पत्र भेजा है।

उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का कहना है कि 45 दिन में भुगतान की बाध्यता व्यापारियों की कमर तोड़ने वाला है। रिटेल कारोबारी समय से पेमेंट नहीं करता है। बजट में इस पर विचार किया जाना चाहिए।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र का कहना है कि जबरन थोपा गया यह कानून ठीक नहीं है। भुगतान की अवधि 45 दिन से बढ़ाकर 90 दिन किया जाए जिससे व्यापारी को राहत मिले। बजट में इस पर सरकार सोचे तो बेहतर होगा।

उप्र. आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता का मानना है कि इस धारा का दुष्परिणाम सामान्य व्यापारियों पर पड़ रहा है। सरकार को अगले वित्तीय वर्ष के लिए स्थगित कर देना चाहिए।

लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष प्रभू जालान के अनुसार, माल ले जाने वाला व्यापारी भुगतान तय समय पर नहीं कर पाता है। ऐसे में 45 दिन में भुगतान की बाध्यता से व्यापारियों की दिक्कत बढ़ जाएगी। उप्र कपड़ा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने कहा कि रेडीमेड और होजरी पर जीएसटी दरें पांच प्रतिशत की जाए।

स्टेशनरी निर्माता एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान कहते हैं कि स्टेशनरी के कारोबार का यही समय है। पूरे साल की कमाई के लिए इसी दो-तीन महीने में होती है। ऐसे में भुगतान के लिए बना यह नियम कारोबार को चौपट कर देगा।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड**
**658/18 सिद्धार्थ विहार कालोनी, राजकीय कालोनी के पीछे, रायबरेली**

पत्रांक– 235 /ल0सि0/निविदा सूचना/2024–25 दिनांक – 24.06.2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0– 02/2024–25**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से लघु सिंचाई खण्ड, रायबरेली के अन्तर्गत उपखण्ड–रायबरेली एवं उन्नाव में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वाटर टैंक (हौज) विभागीय विशिष्टियों के अनुसार निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार वाटर टैंक (हौज) के निर्माण कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिचाई विभाग, उ0प्र0, में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में कार्य करने का अनुभव रखते हों, उनके विरुद्ध कोई जांच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना, निविदा प्रपत्र एवं निविदा नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 09.07.2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 16.07.2024 को सॉय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in बेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 17.07.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, लखनऊ के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता, की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 17.07.2024 को ही अपरान्ह 02:00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नानुसार है:–

| लाट सं0 | कार्य का नाम (वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना (वर्षा जल संभरण/रिचार्ज की महत्ता के दृष्टिगत शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों पर रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर 10 प्रतिशत (हजार रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य में | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रा0वि0 तेजी खेडा, कटहा विकासखण्ड असोहा, प्रा0वि0दरियार खेडा विकासखण्ड असोहा, प्रा0वि0 ऐनी बुजुर्ग विकासखण्ड मियागंज, प्रा0वि0 मुलुकगडार जिन्दाखेडा विकासखण्ड बिछिया में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य जनपद–उन्नाव। | 7.09 | 71.00 | 03 माह | 766.00 | डी अथवा उच्च |
| 02 | प्रा0वि0 गागन विकासखण्ड औरास, कम्पोजिट विद्यालय सीसी विकासखण्ड औरास, उ0प्रा0वि0 कठिघरा विकासखण्ड फतेहपुर चौरासी, में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य जनपद–उन्नाव। | 6.73 | 67.00 | 03 माह | 766.00 | डी अथवा उच्च |
| 03 | कम्पोजिट विद्यालय महेश खेडा घोघी रौतापुर विकासखण्ड सि0करन, प्रा0वि0 बल्देव खेडा मखदूरपुर विकासखण्ड मियागंज, न्यायाधीश आवास मुख्यालय, कम्पोजिट विद्यालय कटरी पीपरखेडा विकासखण्ड सि0करन, में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य जनपद–उन्नाव। | 7.87 | 79.00 | 03 माह | 766.00 | डी अथवा उच्च |
| 04 | प्रा0वि0 कम्पोजिट दुबेपुर प्रथम विकासखण्ड सि0करन, कम्पोजिट विद्यालय मेहदीपुर रानीपुर विकासखण्ड सि0करन, में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य जनपद–उन्नाव। | 5.94 | 59.00 | 03 माह | 766.00 | डी अथवा उच्च |
| 05 | कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर विकासखण्ड सतॉव, प्रा0 विद्यालय फिरोजाबाद विकासखण्ड खीरों, में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य जनपद–रायबरेली। | 5.13 | 51.00 | 03 माह | 677.00 | डी अथवा उच्च |
| 06 | ऑगनबाडी केन्द्र मलिकमऊ चौबारा विकासखण्ड सतॉव, ऑगनबाडी केन्द्र पहुरी विकासखण्ड सरेनी, ऑगनबाडी केन्द्र गुरूदत्त खेडा विकासखण्ड सरेनी, प्रा0वि0 मथुरा खेडा विकासखण्ड खीरों, में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य जनपद–रायबरेली। | 5.52 | 55.00 | 03 माह | 677.00 | डी अथवा उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट वेबसाइट http://information.up.nic.in लघु सिंचाई के वेबसाइट http:/minorirrigation.up.nic.in एवं ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.in पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी।

UP – 216924 **दिनांक** 02/07/2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**लघु सिंचाई खण्ड, रायबरेली।**


**बैठक** | ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मोहर्रम पर विशेष चर्चा

# यूसीसी हमारे पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप : शिया पर्सनल लॉ बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



शिया पीजी कॉलेज में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की मीटिंग को संबोधित करते बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहंदी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में समान नागरिक संहिता का मुद्दा पूरी शिद्दत के साथ उठा। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहंदी ने कहा कि मैं पिछले दो वर्षों से केन्द्र सरकार से बार-बार कह रहा हूं कि वह पहले हमें समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में अवगत कराए। उसका अध्ययन करने के बाद ही हम हां या न का जवाब दे पाएंगे।

मौलाना ने कहा, उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा से यह क़ानून पास करा दिया है। यह कानून लागू होने से देश में अमन और सुकून कायम नहीं रह पाएगा। बेहतर होगा कि सरकार इसे लागू न करे। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि हमारे लिए फ़िक्र की बात यह है कि यह क़ानून लागू होने के बाद हमारे अधिकारों और पर्सनल लॉ पर इसका गहरा असर पड़ेगा। यह हमारे पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप होगा। उन्होंने कहा कि सबका विकास और सबका विश्वास का नारा देने वाली सरकार इस कानून पर फिर से विचार करे और इसे देश में लागू न करे। बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पीजी कालेज के सईदुल मिल्लत हाल में बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहदी की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मौलाना साएम ने कहा कि 8 जुलाई को मोहर्रम शुरू हो रहा है। मोहर्रम के दौरान उप्र. में कांवड़ियों का कार्यक्रम भी होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि मोहर्रम के दौरान जहां ताजिये रखे जाते हैं और मजलिसें होती हैं, उन स्थानों की परम्परागत सुरक्षा व्यवस्था कराई जाए। मौलाना यासूब अब्बास ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को मोहर्रम के जुलूसों की सुरक्षा के सम्बन्ध में बोर्ड ने पत्र भेजा है।

शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में हुसैनाबाद ट्रस्ट के अंतर्गत आने वाली इमारतों की जर्जर हालत पर नाराजगी जाहिर की गई। बैठक में कहा गया कि इन इमारतों से करोड़ों रुपये की आमदनी है, लेकिन देखरेख के अभाव में यह जर्जर होती जा रही हैं। लखनऊ की पहचान इन्हीं इमारतों से है। लखनऊ की कर्बलाएं, इमामबाड़े और दरगाहें पूरी दुनिया में मशहूर हैं। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में मौलाना अनवर हुसैन, मौलाना जाफर अब्बास, मौलाना रजा अब्बास, मौलाना एजाज अतहर, मौलाना हसन अकबर, मौलाना मुमताज अली, जहीर मुस्तफा और हसन मेहदी झब्बू आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## बोर्ड बैठक : एलडीए में वादों की पैरवी करेंगे संविदा कर्मचारी

- **भू-अर्जन अनुभाग में संविदा पर की जाएगी तैनाती**
- **एलडीए के सभी न्यायालय के सौंपे जाएंगे काम**

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के न्यायालय संबंधित मामलों की पैरवी संविदा कर्मचारी करेंगे। इसके लिए भू-अर्जन अनुभाग में सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी संविदा पर रखे जाएंगे। इससे न्यायालय संबंधित मामलों का समय पर निस्तारण हो सकेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण अपने भू-अर्जन अनुभाग में संविदा पर कर्मचारी तैनात करेगा। इनमें प्राधिकरण से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी व कर्मचारी होंगे। इन्हें प्राधिकरण के सभी न्यायालयों में वाद संबंधित कार्य दिए जाएंगे। जो पैरवी करके समय पर कराएंगे। क्योंकि बराबर पैरवी न होने के कारण वादों का निस्तारण समय पर नहीं हो पा रहा है। इस वजह विहित प्राधिकारी समेत अन्य न्यायालय में हजारों वाद लंबित हैं। इससे योजनाएं प्रभावित हैं तो लोग भी मामलों का निस्तारण न होने के कारण चक्कर लगा रहे हैं। मानना है कि पैरवी करने से समय से मामलों का निस्तारण हो सकेगा। प्राधिकरण यह प्रस्ताव 5 जुलाई को बोर्ड बैठक में रखेगा। स्वीकृति मिली तो अधिकारी व कर्मचारियों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

# गर्भाशय से निकाला चार किलो का फाइब्रॉइड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ क्वीनमेरी अस्पताल में पहली बार हुई इतने बड़े ट्यूमर की सर्जरी

**अमृत विचार :** केजीएमयू के क्वीनमेरी में चिकित्सकों ने महिला के गर्भाशय में करीब चार किलो के फाइब्रॉइड ट्यूमर की सफल सर्जरी करने में सफलता पाई है। दावा है क्वीनमेरी में इतने बड़े फाइब्रॉइड की सर्जरी इससे पहले नहीं हुई थी।

क्वीनमेरी महिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता देव ने बताया कि बाराबंकी के देवा क्षेत्र की निवासी निवासी 30 वर्षीय महिला को रक्तस्राव होने पर परिजन बीते दिनों उसे लेकर यहां आए थे। महिला का पेट 36 सप्ताह की गर्भवती जितना फूला हुआ था। जांच करने पर फाइब्रॉइड की पुष्टि हुई। आपरेशन कर महिला के गर्भाशय से 30 सेंटीमीटर का फाइब्रॉइड निकाला गया। डॉ. सुजाता ने बताया महिला को यह समस्या 14 साल की उम्र से ही थी। अक्सर ब्लीडिंग होती थी, लेकिन दवा लेकर व रुक जाती थी। दो साल पहले उसकी शादी हुई। गर्भधारण न होने पर डॉक्टर को दिखाया तो फाइब्रॉइड का पता चला। ऑपरेशन टीम में प्रो. वंदना सोलंकी,डॉ. करण कौशिक, एनस्थीसिया विभाग की डॉ. निकिता, डॉ. आकांक्षा, डॉ. दीपा और डॉ. मानवी शामिल थीं।

# पथरी फंसने से फटा गॉल ब्लैडर, डॉक्टरों ने बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने सर्जरी कर बचाई युवक की जान

**अमृत विचार :** पथरी फंसने के कारण राजधानी के गांधी नगर निवासी युवक का गॉल ब्लैडर फट गया। असहनीय दर्द से परेशान युवक हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा मुखर्जी (सिविल) अस्पताल पहुंचा। यहां सर्जन डॉ. आनंद मिश्रा की टीम ने सर्जरी कर उसकी जान बचाने में सफलता हासिल की ।

डॉ. आनंद ने बताया कि मरीज के पेट में 12 जून को असहनीय दर्द शुरू हुआ। परिजन उसे लेकर 19 जून को सिविल अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। मरीज सेप्टिक शॉक में था। जांच में पता चला कि पथरी फंसने से गॉल ब्लैडर फट गया है। लिवर के नीचे काफी पस भरा हुआ है। मरीज को ओटी में शिफ्ट ऑपरेशन किया गया। करीब आधा लीटर पस और करीब तीन सेमी की पथरी निकाली गई। मरीज स्वस्थ होने पर बुधवार को छुट्टी दे दी गई।

**ऑपरेशन करने वाली डॉक्टरों की टीम**

डॉ. आनंद मिश्रा, डॉ. सचिन, डॉ. एसके सिंह, डॉ. राजेश सिंह, ओटी टेक्नीशियन किरण और सुदेश।

# सीने के ट्यूमर की जटिल सर्जरी कर दिया नया जीवन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कैंसर संस्थान में हुई सर्जरी मरीज दर्द से था परेशान

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कैंसर संस्थान के डॉक्टरों ने सीने के ट्यूमर की जटिल सर्जरी कर मरीज को नया जीवन देने में कामयाबी हासिल की है।

लखनऊ निवासी 50 वर्षीय मरीज की बीमारी बढ़ने पर बीते दिनों उसे गंभीर अवस्था में चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान लाया गया। सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अंकुर वर्मा के निर्देशन में इलाज शुरू हुआ। ट्यूमर की बायोप्सी में मीडियास्टिनल थाइमिक कार्सिनोमा की पुष्टि हुई। डॉ. अंकुर ने बताया कि ट्यूमर मरीज की सांस की नली और प्रमुख वाहिकाओं पर दबाव डाल रहा था। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि ऑपरेशन बेहद जटिल था। तीन घंटे ऑपरेशन चला। एनस्थीसिया विभाग की डॉ. अर्चना ने बताया कि सांस नली पर ट्यूमर के प्रभाव से बेहोशी देना व उसका प्रबंधन करना कठिन था। ऑपरेशन में डॉ. अशोक कुमार सिंह और डॉ. अमित कुमार का भी विशेष सहयोग रहा।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि ऑपरेशन के छह दिनों बाद मरीज की अस्पताल से छुट्टी कर दी गई।

# गर्भवती का 25 सप्ताह में करवाया प्रसव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मेदांता हॉस्पिटल में जन्मी 685 ग्राम की बच्ची

**अमृत विचार :** मेदांता हॉस्पिटल में केवल 25 सप्ताह की गर्भवती नोरी (बदला हुआ नाम) का समय से पहले न केवल सफल प्रसव कराया बल्कि मां और बच्ची की जान भी बचा ली। वहीं केवल 685 ग्राम वजन की जन्मी बच्ची उप्र. में सबसे कम उम्र की और सबसे छोटी, समय से पहले जन्मी बच्ची के रूप में दर्ज हो गई है।

नियोनेटोलॉजी एवं चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के निदेशक डॉ. आकाश पंडिता ने बताया, 25 सप्ताह की गर्भवती पूर्वांचल की रहने वाली नोरी के पेट से रिसाव हो रहा था। यहां डॉक्टरों की टीम ने नूरी की बच्ची शालिन का जन्म कराया। उसका जन्म सामान्य से 13-15 सप्ताह पहले हुआ है। जन्म के समय शिशु का वजन 2,900 ग्राम होना चाहिए, मगर इसका वजन सिर्फ 685 ग्राम था।

उन्होंने बताया कि 25 सप्ताह के गर्भावस्था में गर्भस्थ के अंग पूरी तरह से विकसित नहीं हुए थे। इसलिए उसे दो महीने से अधिक समय तक नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती रहना पड़ा।

अब, जन्म के छह महीने बाद नियमित जांच और देखभाल के साथ, वह एक स्वस्थ बच्ची है जिसका विकास सामान्य रूप में हो रहा है।

## एक नजर

### नगर निगम में जीआईएस समाधान दिवस कल

**अमृत विचार,लखनऊ :** जीआईएस समाधान दिवस शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में सुबह 9 से दोपहर 12 :30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जीआईएस सर्वे में पुनरीक्षित गृहकरण निर्धारण में बढ़ा हुआ गृहकर सही कराने के लिए भवन स्वामी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। समाधान दिवस में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, सम्बंधित जोनल अधिकारी और जीआईएस सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### कोटद्वार व रामनगर के लिए बस सेवा शुरू कराएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाक़ात कर उनसे लखनऊ से कोटद्वार और रामनगर के लिए बस सेवा शुरू कराने की मांग की। परिवहन मंत्री ने तुरंत फोन कर सम्बंधित अधिकारी को बस संचालन के लिए आदेश दिया। इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवान सिंह रावत के नेतृत्व में अशोक असवाल, अवधेश कोठारी, जगदीश बुटोला, प्रेम सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह बिष्ट और पूरन सिंह बिष्ट मौजूद थे।

### मादक पदार्थ के तस्कर को छह माह की कैद

**अमृत विचार, बाराबंकी :** मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में न्यायालय ने दोषी को छह माह का कारावास व दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। यह सजा कोर्ट संख्या-10 से सुनाई गई। अभियुक्त सर्वजीत के पास से पुलिस ने 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। न्यायालय ने सर्वजीत को छह माह के कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# रिमझिम बारिश से गिरा तापमान

## राजधानी में 4.3 मिमी रिकार्ड की गई बारिश, 5 दिन तक तेज बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बारिश का मजा लेतीं युवतियां। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजधानी में बुधवार को रिमझिम और करीबी जिले हरदोई में झमाझम बारिश हुई। राजधानी में 4.3 मिमी और हरदोई में 88 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। बारिश से अधिकतम तापमान लुढ़ककर 30 और न्यूनतम 27.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। अगले पांच दिनों में तेज बारिश होने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, बुधवार को बस्ती में सर्वाधिक 117 मिमी बारिश हुई है। वाराणसी में 74.2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। 4-5 दिनों में मध्यवर्ती एवं दक्षिणी हिस्सों में वर्षा की तीव्रता एवं क्षेत्रफलीय वितरण बढ़ने से ज्यादातर स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। राजधानी में भी मध्यम और तीव्र वर्षा होने की संभावना है। ।

**सीतापुर, हरदोई में भारी बारिश का अलर्ट :** सीतापुर, हरदोई, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, मिर्जापुर, संतरविदासनगर में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। रायबरेली,बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बागरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया और हमीरपुर में भारी वर्षा की संभावना है। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश में 24 घंटे में प्रदेश में 16.9 मिमी औसत वर्षा हुई है। ये सामान्य से 296.5 प्रतिशत है।

दो दिनों में 102.8 मिमी औसत वर्षा हुई, जो सामान्य वर्षा 112.5 मिमी के सापेक्ष 91.4 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 13 जनपदों में 30 मिमी या उससे अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

## बढ़ सकती हैं बीमारियां, रहें सतर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया के अलावा त्वचा और पेट संबंधी परेशानियां बढ़ जाती हैं। बच्चों पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरत रहती है। चिकित्सकों का कहना है कि सजग रहने से बारिश में होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

बलरामपुर अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. विष्णु कुमार ने बताया कि बारिश में डेंगू और मलेरिया के मामले बढ़ जाते हैं। इसलिए पानी जमा न होने दें और साफ सफाई रखें। मच्छर भगाने की दवाइयों का इस्तेमाल करें। फुल आस्तीन के कपड़े पहनें मच्छरदानी में सोएं। इसके अलावा घर का साफ-सुथरा पका हुआ खाना ही खाएं।

**त्वचा संबंधी समस्याएं**

बलरामपुर अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एमएच उस्मानी ने बताया बारिश में घमौरी, फोड़े-फुंसी होना सामान्य बात है। चर्म रोग भी हो सकता है। इसलिए साफ सुथरे कपड़े पहनें, स्किन को भी साफ रखें।

**पेट संबंधित समस्याएं**

सिविल अस्पताल के फिजिशियन डॉ. कुलदीप वर्मा ने बताया कि इस मौसम में पाचन प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। इससे डायरिया, उल्टी और दस्त होना आम बात है। इससे बचाव के लिए खान पान में विशेष ध्यान रखें। हल्का भोजन करें और बाहर का खाने से बचें। खाने के बाद टहलने की आदत डालें ताकि खाना पच सके।

# महिला जज की कार को मारी टक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ:** बस को ओवरटेक करते समय बीकेटी में महिला जज की कार को दूसरी अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। इंस्पेक्टर राणा ने बताया कि लखीमपुर में तैनात महिला न्यायिक अधिकारी बुधवार को लखनऊ आ रहीं थी। रात आठ बजे नवीकोट नंदना के पास सीतापुर की तरफ जा रही बस को ओवरटेक करते हुए एक दूसरी कार अनियंत्रित होकर दूसरी पटरी पर आकर महिला जज की कार से टकरा गई। हादसे में महिला जज बच गईं। जबकि दूसरी कार में सवार दो लोग घायल हो गये।

# साढ़े तीन गुना बढ़ गई 'लखनऊ आई' की लागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**700** करोड़ में बनाने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में होगा पेश

**200** करोड़ अनुमानित की गई थी 2014 में निर्माण लागत

**अमृत विचार :** लंदन की तरह राजधानी में प्रस्तावित लखनऊ आई के निर्माण में अब 700 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह पिछले प्रस्ताव से साढ़े तीन गुना अधिक है। 2014 में प्रस्ताव बना था और डिजाइन भी बनाई गई थी। उस समय 200 करोड़ लागत तय की गई थी।

डीसीपी ईस्ट आफिस के पास गोमती रिवर फ्रंट में झूले के आकार में बनाए जाने वाले ''लखनऊ आई'' की ऊंचाई 150 मीटर होगी जो लंदन आई से 15 मीटर अधिक है। इसे करीब 10 एकड़ क्षेत्रफल में बनाया जाएगा। यह कार्य लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की संस्था प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सेल (पीएमसी) करेगी। डिजाइन, भूमि के चयन से लेकर लागत तक का प्रस्ताव 5 जुलाई को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड बैठक के बाद शासन की स्वीकृति मिलने पर लखनऊ आई बनेगा। इसका निर्माण ई-टेंडर से बाहरी राज्य की एजेंसी करेंगी।

**एसी कैप्सूल में आधे घंटे की ट्रिप**

लखनऊ आई में कैप्सूल एसी होंगे जिसमें बैठने के साथ खाने-पीने की व्यवस्था होगी। इसमें लोग 25-30 मिनट में एक चक्कर लगाएंगे जिससे उन्हें हेरीटेज एरिया, बिल्डिंग, पार्क, नदी समेत पूरे शहर का नजारा दिखेगा।

# मामूली धाराओं में कार्रवाई से भड़के किन्नरों ने अर्ध नग्न हो किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** आदि शिव ट्रांसजेंडर फाउण्डेशन की अध्यक्ष प्रियंका रघुवंशी की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी (कथा वाचक) के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की। इस पर दर्जनों किन्नर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंच मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगा हंगामा करने लगा। कई किन्नर अर्द्ध नग्न हो प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद रायबरेली हाईवे जाम कर दिया। जाम से वाहन चालक परेशान रहे।

पुलिस के मुताबिक, हजरतगंज नरही निवासी किन्नर प्रियंका सिंह रघुवंशी उर्फ अंकुर के परिजनों से सोनू ने आपत्तिजनक शब्द कहे थे। प्रियंका सिंह ने बुधवार को सोनू के घर पहुंच कर एतराज जताया। इस पर विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने प्रियंका पर ईंट से हमला कर दिया। किसी तरह से वह बच कर घर पहुंची। साथियों और पुलिस को सूचना दी। इस बीच दोनों पक्ष मोहनलालगंज कोतवाली पहुंच गए। सोनू के खिलाफ पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई कर दी। इस पर किन्नर भड़क उठे और कोतवाली में हंगामा करने लगे। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इस दौरान वहां से गुजरने वाले काफी परेशान रहे।

**कार्यालयः-अधिशासी अभियन्ता जोन-6**
**बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रक: 286 / ई0ई0-6/ एल0जे0एस0, 2024-25 दिनांक 03/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 10.07.24 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 10.07.24 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनु0 धन0 | अर्नेस्टमनी | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP at Ward Maulana Kalwe Avid, Sheetla Devi Ward, Haiderganj IIIrd and Kashmeeri Mohalla | रु 201175.00 | रु 4100 | रू 250 | 7 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**
**जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

# समाजवादी छात्रसभा ने कैंडल मार्च निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




कैंडल मार्च निकालते समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ता। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार:** हाथरस में हुई घटना को लेकर समाजवादी छात्रसभा ने बुधवार को केडी सिंह स्टेडियम से कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान समाजवादी छात्रसभा के नेताओं की पुलिस से नोंक-झोंक भी हुई। कार्यकर्ता हादसे में जान गंवाने वाले परिवारों के लिए सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे।

समाजवादी छात्र सभा के नेताओं को पुलिस ने हिंदी संस्थान से पहले रविंद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा के पास रोक दिया। कार्यकर्ता यहीं पर बैठकर धरना देने लगे। कैंडल मार्च निकालने की सूचना पुलिस को पहले से नहीं दिया गया था। इसके बाद छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने सरकार के नाम ज्ञापन पुलिस को सौंपा। उन्होंने घटना की सीबीआई जांच की मांग की। समाजवादी छात्र सभा के नेताओं का कहना है कि दोषी बाबा की तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने मांग किया कि मरने वाले सभी 122 लोगों के परिवारों को नौकरी दी जाए।

# ऐशबाग में 8 घंटे गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऐशबाग क्षेत्र में बुधवार को ट्रांसफार्मर जलने के चलते तकिया, धोबीघाट,रामनगर, खजुहा,कोयला मंडी, ऐशबाग के आसपास और यहियागंज सहित कई क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। इससे करीब 30 हजार की आबादी दिनभर प्रभावित रही।

स्थानीय निवासियों के अनुसार 2 बजे के करीब ऐशबाग के कई क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। जिसे ठीक करने में कर्मचारियों को 8 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। समस्या के समाधान के लिए उपकेंद्र पर घंटों फोन करने के बाद भी उपकेंद्र का फोन नही उठा। इससे नाराज लोगों ने उपकेंद्र पंहुचकर जमकर हंगामा काटा। इस बीच उपभोक्ताओं की उपकेंद्र कर्मचारियों से सप्लाई के सामान्य होने को लेकर बहसबाजी हुई। ऐशबाग में दोपहर करीब 2 बजे अचानक सप्लाई ठप हो गई।

# समाचार पत्र वितरक राकेश पांडेय का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ:** कानपुर से प्रकाशित अखबारों के वितरक राकेश पांडे का कैंसर की बीमारी की वजह से पहली जुलाई को उनका कानपुर स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। 2 जुलाई को कानपुर के गंगा तट स्थित भैरो घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



राकेश पांडेय।

राष्ट्रीय वितरक संगठन के मुख्य सलाहकार एवं संयोजक तथा वितरक विकास मंच उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने राकेश पांडे की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। मोहन सिंह बिष्ट, श्रीराम यादव, वितरक संघ लखनऊ के नगर प्रभारी मुन्नू सिंह, सह प्रभारी नगर बालेंद्र सिंह ने राकेश पांडे को उनकी अंतिम यात्रा में कानपुर में गंगा तट पर उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)




वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

## एक नजर

### 30 आरोपियों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस ने बुधवार को 30 आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की। वहीं दो वारंटी व तीन वांछितों को गिरफ्तार किया गया।

### तमंचा व कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बड्डूपुर पुलिस ने बुधवार को ग्राम रमपुरवा मजरे पिपरौली निवासी मो. रईस को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### प्रतिबंधित पशु के वध के मामले में एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को पुलिस ने बलिया के थाना क्षेत्र भीमपुरा कसेसर पोस्ट कसौंदर निवासी संजीद कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### जुर्माना देकर छूटा दोषी

बाराबंकी, अमृत विचार : न्यायालय ने बुधवार को अश्लील हरकत करने के अभियुक्त अवधेश कुमार को पांच सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक उपस्थित रहने की सजा सुनाई।

### वांछित गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : रामनगर पुलिस ने बुधवार को रामसमुझ को एससी/एसटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर लिया।

### भाइयों ने किसान को पीटा

रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार : बांस बेचने के विवाद में दो भाइयों ने किसान को पीट दिया। इटहुवा मजरे मुसेपुरके राजलाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने अपने खेत से व्यापारी को बांस बेचा था। उसी दौरान पड़ोसी भैरव प्रसाद के पुत्र वीरेन्द्र, संतोष बांस को अपना बताकर लादने लगे। विरोध पर दोनों ने उसे पीटा।

# अपने कार्यों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें अधिकारी

## महादेवा के श्रावण मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक, कहा- बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुरक्षा मानकों के हिसाब से हो

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


बाराबंकी में कलेक्ट्रेट सभागार में श्रावण मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने कहा कि बैरिकेडिंग के कार्यों की व्यवस्था सुरक्षा मानकों को दृष्टिगत रखते हुए की जाए। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग की बल्लियों के बीच में लोहे की मजबूत जाली का प्रयोग अवश्य किया जाए। उन्होंने कहा कि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग पूर्व की भांति चयनित स्थलों पर की जाए। इसके साथ ही पार्किंग स्थल की बैरिकेडिंग व प्रकाश की समुचित व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी रामनगर को 22 जुलाई से चलने वाले श्रावण मास मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु सभी व्यवस्थाओं को नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महादेव श्रावणी मास मेला की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि बोहनिया तालाब और अभरन तालाब पर व उसके आसपास प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा रात्रि में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। इसके साथ ही जनरेटर की भी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभरन तालाब के चारों ओर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में जिन नालियों पर ढके पत्थर टूट गए हैं, उन नालियों को पत्थर से ढकने की कार्रवाई की जाए। इसके साथी जो नल खराब हो चुके हैं, उनको दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रामनगर को महादेवा मेला के दौरान होने वाली सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की एक कार्ययोजना बनाकर डायग्राम के रूप में तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे इन सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को महादेवा कॉरिडोर के प्रोजेक्ट में समाहित किया जा सके।

बैठक के दौरान खाद्य पदार्थ की जांच , पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व प्रकाश की व्यवस्था, मेला में विक्रय सामग्री के रेट का निर्धारण, मेला परिसर में छुट्टा जानवरों को हटवाया जाना, दुकानों को सुव्यवस्थित ढंग से लगवाने, अवैध अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई आदि विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संबन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले परिसर में जो भी दुकान लगाई जाए, उन समस्त दुकानों पर दुकानदार का नाम व पता पहचान पत्र सहित रेट बोर्ड लगवाने की कार्रवाई की जाए।

## लापता युवती का नदी में मिला शव

**बनीकोडर बाराबंकी, अमृत विचार :** बीते मंगलवार शाम लापता युवती का शव बुधवार को गोमती नदी में उतराता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के पूरे खाले मजरे सिल्हौर गांव के समीप गोमती नदी में बुधवार को एक युवती का शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। शव की शिनाख्त पूरे ब्रह्मदेव मजरे सिल्हौर निवासी ननकऊ रावत की पुत्री पिंका रावत (19) के रूप में हुई। ननकऊ रावत की पुत्री पिंका बीते मंगलवार को शाम लगभग पांच बजे अपने घर से खेत जाने के लिए निकली थी। दूसरे दिन दोपहर के समय सिल्हौर घाट पुल के पास लापता युवती का शव बरामद हुआ।

## लाखों के गबन की हुई पुष्टि कार्रवाई के नाम पर सिर्फ नोटिस

सतरिख बाराबंकी

**अमृत विचार :** पंचायत भवन निर्माण कार्य में सरकारी धन का गबन किया गया है। तीन अफसरों की कमेटी द्वारा मामले की जांच की गई है। जांच में इसकी पुष्टि हो गई है। कार्रवाई के नाम पर केवल सचिवों को नोटिस जारी की गई है।

हरख ब्लॉक के टिकराघाट ग्राम पंचायत में 13 लाख 40 हजार की स्वीकृति के बाद 31 जनवरी 2021 को पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। इसमें 6 लाख 70 हजार रुपए मनरेगा तथा इतनी ही धनराशि केंद्रीय एवं राज्य वित्त से स्वीकृत हुई थी। राजगीर संदीप कुमार व उमेश के अलावा ईंट और सामग्री की आपूर्ति करने वाले मालिक सहित लोगों ने डीपीआरओ को शिकायत कर आरोप लगाया था कि पंचायत भवन निर्माण कार्य में दी गई सामग्री तथा राजगीर का पैसा नहीं दिया जा रहा है। जबकि इसका भुगतान करा लिया गया है। एडीओ पंचायत,जेई एमआई के अलावा एडीओ आईएसबी तीन अफसरों की कमेटी द्वारा जांच में पाया कि सबमर्सिबल एक लगा है जबकि दो फर्मों पर एक सबमर्सिबल का दो बार भुगतान किया गया है। बीडीओ मोनिका पाठक ने बताया कि पंचायत सचिवों को नोटिस जारी की गई है। जांच रिपोर्ट उच्च अफसर को भेजी जा रही है।

## सांप के डसने से बालिका की मौत

**कोठी, बाराबंकी: बाराबंकी :** घर पर झाड़ू लगा रही एक बालिका को बुधवार सुबह सांप ने डस लिया। परिजन उसे सीएचसी कोठी लेकर पहुंचे। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोठी थाना क्षेत्र के सरायमीर गांव निवासी अंशिका (12) पुत्री अर्जुन बुधवार सुबह करीब नौ बजे घर पर झाड़ू लगा रही थी। तभी यही छिपा जहरीले सांप ने डस लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर पिता अर्जुन सीएचसी कोठी लेकर पहुंचा। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक कोठी संजीव कुमार का कहना है कि मृत अवस्था में बालिका को लाया गया था। जहरीले जानवर के काटने जैसे लक्षण थे।

## पिता की तेरहवीं के दो दिन बाद हादसे में पुत्र की मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बुधवार की शाम तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पिता की तेरहवीं के दो दिन बाद हादसे में पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र के भुडेहरी नारायणपुर गांव के पास लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर हुई। सड़क पार करते समय बाइक सवार अनुभव अवस्थी (18) पुत्र स्व. रजनीकांत अवस्थी निवासी भुडेहरी नारायणपुर को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इस घटना को देखकर आस-पास के लोग जमा हुए और जख्मी को उपचार के लिए आनन-फानन में एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। 15 दिन पहले ही अनुभव के पिता रजनीकांत अवस्थी का बीमारी के बाद देहांत हुआ था। उनकी बीते सोमवार को तेरहवीं हुई थी। अनुभव अपने माता पिता की इकलौती संतान था।

## गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगी छात्रा शिवानी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कालेज देवा की छात्रा शिवानी यादव का चयन 'प्रेरणा एक अनुभवात्मक ज्ञान' कार्यक्रम के लिये हुआ है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बड़नगर अहमदाबाद जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने छात्रा को रोली चन्दन लगाकर एवं मिशन पहचान बैज लगाकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि चयनित छात्रा 6 से 14 जुलाई तक गुजरात बड़नगर में आयोजित प्रेरणा एक अनुभवात्मक ज्ञान उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। मार्ग रक्षक के रूप में प्रवक्ता जीजीआईसी देवा नीरज भी छात्रा के साथ जाएंगी। जिला समन्वयक अखिलेंद्र सिंह ने भी छात्रा को आशीर्वाद दिया। शिक्षा नीति 2020 में निर्धारित मूल्यों के अनुरूप प्रेरणा कार्यक्रम में भारत की विविधता में एकता, वसुदेव कुटुंबकम और मूल्य पर आधारित शिक्षा का समावेश किया गया है। जिसके अंतर्गत माध्यमिक स्कूलों में भी प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को चयनित किया जा रहा है। 20 अप्रैल को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता जवाहर नवोदय विद्यालय सोनिकपुर त्रिवेदीगंज बाराबंकी में अप्रैल माह आयोजित हुई थी, जिसमें छात्रा का चयन हुआ था।

# महादेवा में मची भगदड़ में गई थी दो की जान

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

▶▶ 10 मार्च 2013 को महाशिवरात्रि पर हुई थी घटना


महादेवा धाम का प्रमुख द्वार।

**अमृत विचार :** हाथरस की घटना के बाद हर किसी का दिल दहल गया है। वहीं इस घटना ने करीब 11 साल पहले लोधेश्वर महादेवा के फाल्गुनी मेले में मची भगदड़ की याद दिला दी है। भगदड़ में दो कांवड़ियों की मौत हो गयी थी और एक दर्जन से अधिक भक्त घायल हुए थे।

10 मार्च 2013 को महाशिवरात्रि के मौके पर लोधेश्वर महादेवा मेले में कांवड़ियों की भीड़ के दबाव के चलते बैरियर टूट गया था। इसके बाद मची भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हुई थी। जबकि 16 अन्य घायल हुए थे। भगदड़ की चपेट में आए कांवड़ियों के जत्थे में ज्यादातर लोग कानपुर के रहने वाले थे। यह हादसा मुख्य मंदिर से लगभग 200 मीटर पहले भीड़ नियंत्रित करने के लिए लगाए गए बैरियर पर हुआ था। भगदड़ में विदुर (23) निवासी ग्राम कुलगांव, महराजपुर, कानपुर और रामपाल (25) निवासी ग्राम मकड़ी खेड़ा थाना कल्यानपुर, कानपुर नगर

### अगस्त 2021 में डूबने से हुई थी दो श्रद्धालुओं की मौत

अगस्त 2021 में सावन के दूसरे सोमवार पर लोधेश्वर के दर्शन को आए दो श्रद्धालुओं की तालाब में डूबने से मौत हुई थी। उनकी पहचान सीतापुर के महमूदाबाद के विशाल निवासी एवं फतेहपुर के जितेंद्र के रूप में की गई थी।

### हाथरस घटना में नहीं है जिले से कोई पीड़ित

जिला प्रशासन का कहना है कि हाथरस जिले में सत्संग के आयोजन के बाद हुई घटना में जिले का कोई भी व्यक्ति या महिला शामिल नहीं है। अभी तक ऐसी कोई सूचना प्रशासन को प्राप्त नहीं हुई है।

### मंजीठा मेले पर रहेगी पैनी नजर

नागपंचमी पर्व पर हरख क्षेत्र के मंजीठा स्थित पौराणिक नागदेवता मंदिर परिसर में मेले का आयोजन करीब एक माह तक चलता है। इस मेले में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है हालांकि इस मेले में अभी तक ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है। जिसमें भगदड़ जैसी स्थिति बनी हो। लेकिन इसके बाद भी हमेशा की तरह इस बार भी प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। इस घटना के बाद अब और सर्तकता बरती जाएगी।

## मिट्टी पटाई के विवाद में दो गुटों में मारपीट, 3 घायल

सतरिख बाराबंकी

**अमृत विचार :** मिट्टी पटाई को लेकर दो गुटों के बीच धारदार हथियार और लाठी डंडे चले। इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। एक की हालत नाजुक है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज़ किया है।

जैदपुर के पाटमऊ गांव निवासी अभिषेक कुमार दोस्त अनूप वर्मा के माध्यम से नानमऊ नहर के पास पटाई के लिए डंपर से मिट्टी गिरवा रहे थे। इसी दौरान राजू यादव, पंकज यादव, मोहित यादव व दुखीराम यादव आए और मिट्टी गिराने से रोकने लगे। कारण पूछने पर चारों ने बांका तथा लोहे की राड से हमला कर दिया। हमले में अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। जहांगीराबाद थाने के कटरा गांव निवासी राजीव कुमार उर्फ राजू और सतरिख थाने के सराय अकबराबाद गांव निवासी मोहित सिंह के साथ अपनी खनन साइट से लौट रहे थे। नानमऊ नहर पुलिया के पास भीड़ देखकर रुक गए। आरोप है कि समझाने की कोशिश की लेकिन इसी दौरान अभिषेक वर्मा व गुरुवंत वर्मा ने मिलकर हम लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में राजीव और मोहित भी गंभीर रूप से घायल हो गए है। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि मिट्टी खनन से जुड़े दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है।

## सार-संक्षेप

### प्रभात फेरी निकाल पौधे लगाने को किया जागरूक


बारिश के बीच प्रभातफेरी निकालते वनकर्मी। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी : अमृत विचार :** वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वन विभाग की तरफ से बुधवार को गाजे-बाजे के साथ प्रभात फेरी निकालकर लोगों को पर्यावरण बचाने और पौधरोपण करने का संदेश दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जगह-जगह पर रैली के माध्यम से लोगों को पौधरोपण करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। रैली में अनुभाग अधिकारी ओपी यादव, अनुभाग अधिकारी मोहम्मद आसिफ, डिप्टी रेंजर सतीश चंद्र आर्य, सदर बीट इंचार्ज ऋषभ शर्मा, जितेंद्र सिंह वनरक्षक रामसनेहीघाट व वनकर्मी उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत प्रशासन ने शुरू की नालों की सफाई

**सुबेहा बाराबंकी : अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत सुबेहा में सीमा विस्तार के बाद नव गठित वार्डों सहित पूरी नगर पंचायत के नालों की सफाई का अभियान युद्धस्तर पर चल रहा है। नवगठित वार्ड सरांय चन्देल में हैदरगढ़-सुबेहा मार्ग के किनारे बने पक्के नाले की सफाई कई वर्षों से नही हुई थी। इस बार नगर पंचायत द्वारा उसकी सफाई करायी जा रही है। जवाहर नगर वार्ड, पलिया वार्ड, सुलेमानपुर, हसनपुर, हवेली वार्ड सहित छोटे-बड़े नालों को साफ कराया जा रहा है। ईओ अशोक कुमार खरवाल ने बताया कि एक हफ्ते के भीतर सभी नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

### शिक्षण संस्थान के उद्घाटन पर काव्य समारोह आयोजित

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी : अमृत विचार :** शहर में एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत पर सुंदर कांड पाठ के बाद काव्य समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्षता डॉ. विनय दास ने की। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू के संचालन में समारोह का आगाज युवा कवि एवं गीतकार साहब नारायण शर्मा की वाणी वंदना से हुआ। डॉ. ओपी वर्मा ओम, जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. अंबरीश अंबर, दीपक दिवाकर, सियाराम रावत ने रचनाएं सुनायीं। हास्य कवि सनत कुमार वर्मा अनाड़ी एवं जितेंद्र श्रीवास्तव जीतू का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर केपी सिंह, योगेंद्र बहादुर वर्मा, राम शंकर रावत, सनोज वर्मा, शरद श्रीवास्तव आदि थे।

### अधीक्षक समेत चिकित्सक व कर्मी मिले नदारद

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की सख्ती के बावजूद स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। बुधवार सुबह लगभग 9 बजे एसीएमओ राधाकृष्ण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तो अधीक्षक समेत अधिकांश चिकित्सक और कर्मचारी नदारद मिले। मौके पर नाईट ड्यूटी के चिकित्सक के अलावा वार्डब्वाय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही मौजूद मिला। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। बताया कि रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। एसीएमओ सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड की तरफ गए। वहां सिर्फ वार्ड ब्वाय हरीश गुप्ता, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुनील कुमार व नाईट ड्यूटी कर चुके डॉ. इंद्रभूषण जायसवाल ही मिले। उन्होंने जब अन्य डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों के बारे में पूछा तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। इसके बाद एसीएमओ अस्पताल के एक्स-रे रूम पहुंचे। मौजूद स्टाफ से किए गए एक्सरे के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने अस्पताल के जच्चा बच्चा वार्ड, मलेरिया वार्ड और लैब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ही अस्पताल अधीक्षक अनिल कुमार जैसल समेत अन्य स्टाफ बारी-बारी से सीएचसी पहुंचने लगे। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ अनिल कुमार जैसल ने बताया कि समस्त स्टाफ मौजूद मिला है। निरीक्षण के दौरान आला अधिकारी संतुष्ट रहे हैं। लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि सीएचसी अधीक्षक अनिल कुमार जैसल द्वारा अधिकारियों को संतुष्ट करने के लिए समस्त स्टाफ की मौजूदगी सिर्फ कागजों पर ही दिखाई गई, जबकि हकीकत मे वह स्वयं ही मौके पर नदारद मिले और सीएचसी का 70 स्टाफ भी मौके पर नदारद था।

### सामाजिक समानता की प्राणवायु देंगे वृक्ष : प्रियंका सिंह

**रायबरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेशभर में सपा मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन के बाद से पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए पीडीए वृक्षारोपण किया जा रहा है। बुधवार को पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट स्थित समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव प्रियंका सिंह (जूही सिंह) ने पीडीए वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी गांव में पीडीए पेड़ लगाए जा रहे हैं। यह पेड़ पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता की प्राणवायु देंगे।

## ब्लॉक में बाबू बने बैठे सफाईकर्मी हटाए गए

सतरिख बाराबंकी

**अमृत विचार :** पंचायती राज निदेशक का आदेश हरख ब्लॉक में मनमानी के आगे दम तोड़ रहा था। ब्लॉक में आधा दर्जन सफाई कर्मचारी वर्षों से बाबू बने बैठे थे। जबकि इनकी तैनाती गांवो में थी। डीपीआरओ ने मामले को संज्ञान लेते हुए,सफाई कर्मियों को ब्लॉक से हटा दिया है और इनकी तैनाती अन्य ब्लॉकों में कर दी है।

हरख ब्लॉक में 124 सफाई कर्मचारियों की तैनाती है। इसमें सफाई कर्मचारी अरविंद कुमार, वीरेंद्र कुमार, प्रिंस व बलराम समेत 6 की गांवों में तैनाती है। लेकिन ये लोग करीब 10 वर्षों से ब्लॉक कार्यालय में बाबू बनकर काम कर रहे थे। इस खबर को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उसके बाद डीपीआरओ ने मामले को संज्ञान में लिया है और इन सफाई कर्मचारियों को को ब्लॉक से हटाते हुए अन्य ब्लॉकों में तबादला कर दिया है। डीपीआरओ नितेश भोंडेले ने बताया कि ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मचारियों को हटाते हुए अन्य ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में तबादला कर दिया गया है। सफाई कर्मचारियों को किसी भी कीमत पर ब्लॉक में बैठने नहीं दिया जाएगा।

# इनामी को छुड़ाने पहुंचे विधायक और समर्थकों ने 4 घंटे घेरा थाना

## डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी से हुई नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नाराज समर्थकों ने लगाए पुलिस मुर्दाबाद के नारे, परिजनों के साथ धरने पर बैठे

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में हत्या के प्रयास के वांछित आरोपी शिवा को हिरासत में लेने पर समर्थन में बिठूर से भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा सैकड़ों समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि परिजनों को बिना बताए ही प्राइवेट कार से चौकी इंचार्ज उसे थाने ले आए और छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत मांगी।

विधायक के साथ आए समर्थकों ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। रात आठ बजे से शुरू हुआ हंगामा 12 बजे तक जारी रहा। थाना प्रभारी से कई बार विधायक की तीखी नोकझोंक हुई। मामला नहीं संभला तो एसीपी कर्नलगंज को बुलाया गया। यहां उनकी भी माननीय से बातचीत विफल रही। इसके बाद डीसीपी सेंट्रल मौके पर पहुंचे और दोनों में बातचीत शुरू हुई। विधायक का कहना था कि निर्दोष युवक को छोड़ा जाए नहीं तो वह धरना देकर जेल जाने को तैयार हैं। पुलिस का कहना था गिरफ्तार युवक पर 25 हजार का इनाम है और वह गंभीर धाराओं में नामजद है। हंगामे के कारण पीएसी और भारी पुलिस बल बुला लिया गया।

घारमखेड़ा निवासी शिवा के भाई नारेंद्र निषाद की पिछले वर्ष 2023 में अगस्त में हत्या कर दी गई थी। परिजनों का कहना था कि शिवा बच्चों को कोचिंग पढ़ाता है। 30 मार्च 2024 को घारमखेड़ा निवासी गुड्डी ने शिवा समेत आठ लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले के बाद शिवा पांच माह से फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी है। ग्वालटोली पुलिस ने बुधवार को दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। परिजनों का आरोप है, कि वह पूरी तरह से निर्दोष है। चौकी इंचार्ज उसे नोटिस के बहाने प्राइवेट कार में ले गए। वे लोग थाने पहुंचे तो छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की गई। मामले की जानकारी बिठूर से विधायक अभिजीत सिंह सांगा को दी गई।

उन्होंने एक पुलिस अधिकारी को फोन कर समर्थक होने की बात कहते हुए छोड़ने के लिए कहा। लेकिन पुलिस तब तक लिखा पढ़ी में कार्रवाई कर चुकी थी।

नया प्रयोग | आईटीआई बिल्हौर में इस्तेमाल हो रही हैं ऐसी दफ्तियां

# वेस्ट कागज से बनी दफ्ती से उगेंगे पौधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** आईटीआई के शिक्षकों और प्रशिक्षुओं ने एक ऐसी तकनीक इजाद की है जिससे कागज के कूड़े से हरियाली हो सकेगी। इस तकनीक में इस्तेमाल हुए कागज से ऐसी पतली दफ्ती बनाई गई हैं जिनमें पौधों के बीज भी शामिल हैं। संस्थान में खराब हो चुके कागज से जिस दफ्ती को बनाया जाता है उसका भी उपयोग विभिन्न वस्तुओं को बनाने में किया जाता है। संस्थान में 'सीड प्रोजेक्ट' के तहत बनी वस्तुओं का प्रयोग शुरू हो गया है।

आईटीआई बिल्हौर की ओर से यह प्रयोग पूरी तरह से घरेलू उपयोग की वस्तुओं से किया गया है। इसके लिए सामग्री का चयन संस्थान में ही उपयोग हो चुके कागजों के रूप में हुआ है। संस्थान के प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बताया कि संस्थान में इस्तेमाल हो चुके वेस्ट कागज का प्रयोग किया गया। उन कागजों की लुग्दी बनाकर उन्हें लकड़ी के मामूली सांचे से बराबर कर उसमें पौधों के बीजों को मिलाया गया। इससे पतली दफ्ती या कागज तैयार हुए। ऐसे भी पौधों के बीज उसमें मिलाए गए जो कम पानी में पौधों के रूप ले लेते हैं।

इस तरह से बनाई गई दफ्ती को जहां भी फेंका जाएगा वहां पर बीज से पौधे अपने आप उग सकेंगे। इस पूरी विधि का सफल प्रयोग संस्थान में किया जा चुका है।

### प्रशिक्षुओं ने शादियों के लिफाफे भी बनाए

आईटीआई बिल्हौर में उपहार के लिए लिफाफे, बैग, कार्यालय में इस्तेमाल होने वाले लिफाफे सहित अन्य सामग्रियां भी यहीं के प्रशिक्षुओं ने बनाई हैं। संस्थान के कर्मचारी और ज्यादातर प्रशिक्षुओं को इस तरह से ही रिसाइकिल प्रक्रिया कर कागज और पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### पौधे के बदले पौधा

संस्थान की प्रशिक्षिका दीपा सोनी ने बताया कि कागज बनाने में पेड़ों का इस्तेमाल होता है। आईटीआई बिल्हौर में चल रहे 'सीड प्रोजेक्ट' के तहत प्रकृति से ली गई वस्तु को उसे दोबारा वापस करने का यह एक नया प्रयोग है।

# एचबीटीयू में प्रवेश को जेई कल से कराएं पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** एचबीटीयू में बीटेक करने के लिए जेई 5 जुलाई से पंजीकरण करा सकते हैं। जूनियर इंजीनियर को बीटेक में प्रवेश का मौका विवि प्रदान कर रहा है।

यह जानकारी देते हुए एडमिशन कोआर्डिनेटर ललित कुमार सिंह ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया 5 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगी। जूनियर इंजीनियर को इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पहले 50 किमी की परिधि में रहने वाले डिप्लोमा धारकों को बीटेक में प्रवेश मिलता था। अब अब 75 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले जूनियर इंजीनियर बीटेक में प्रवेश ले सकेंगे। बताया कि पहले साल 60 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी को 1,35,000 रुपये सालाना फीस देनी होगी। इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स और मैकेनिकल ब्रांच में जेईई प्रवेश ले सकेंगे। इनके लिए तीन साल का बीटेक होगा। कक्षाएं शाम को संचालित होंगी। उधर समर्थ पोर्टल पर पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन किए जाएंगे। विवि ने इसके लिए बदलाव किया है। पोर्टल पर प्रक्रिया 4 जुलाई से शुरू होगी। 18 विषयों पर 100 सीटों पर आवेदन किया जाएगा। उधर बीबीए, बीटेक लिट्रेल एंट्री एवं बी.फार्मा में भी प्रवेश होना है।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

## संपादकीय

# एआई के दुरुपयोग पर चिंता

दुनिया में सभी देश और समाज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न होने वाले नए खतरों तथा जोखिमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। कई देशों में एआई से संबंधित जोखिमों को कम करने से संबंधित बहुत सारी गतिविधियां हुई हैं। एक विनियमन है और यूरोपीय संघ में एक कानून पारित किया गया है। अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश पारित किया है। वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र ने एआई के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए एक अलग निकाय की स्थापना की है। क्योंकि एआई से उत्पन्न जोखिमों और खतरों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। एआई एक कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट की उन कार्यों को करने की क्षमता है जो आमतौर पर मनुष्यों द्वारा किए जाते हैं, क्योंकि उन्हें मानव बुद्धि और निर्णय की आवश्यकता होती है। हालांकि कोई भी एआई उन विविध प्रकार के कार्यों को नहीं कर सकता है जो एक सामान्य मानव कर सकता है, कुछ एआई विशिष्ट कार्यों में मनुष्यों की बराबरी कर सकते हैं। बुधवार को ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल के चुनाव में एआई के दुरूपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि शीघ्र ही एआई को लेकर मिशन को शुरू किया जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में मिशन शुरू हो जाएगा ताकि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा, फार्मास्यूटिकल्स और इन सभी क्षेत्रों में एआई की शक्ति और क्षमता का दोहन किया जा सके।

गौरतलब है कि मंत्रिमंडल ने इस वर्ष मार्च में 'इंडिया एआई मिशन' के लिए 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन को मंजूरी दी थी। इंडिया एआई मिशन भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अगले पांच वर्षों में निर्धारित यह पर्याप्त वित्तीय निवेश इंडिया एआई मिशन के विभिन्न घटकों को उत्प्रेरित करने के लिए तैयार है, जिसमें इंडिया एआई कंप्यूटर क्षमता, इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर (आईएआईसी), इंडिया एआई डेटासेट प्लेटफॉर्म, इंडिया एआई एप्लिकेशन डेवलपमेंट इनिशिएटिव, इंडिया एआई फ्यूचरस्किल्स, इंडिया एआई स्टार्टअप फाइनेंसिंग और सुरक्षित एवं विश्वसनीय एआई जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। भारत एआई मिशन के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप, इन पहलों का उद्देश्य एआई में भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करना, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, नैतिक और जिम्मेदार एआई परिनियोजन सुनिश्चित करना और समाज के सभी वर्गों में एआई के लाभों का लोकतंत्रीकरण करना है। भारत नागरिकों के लाभ और अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए एआई की शक्ति का पूरा उपयोग करने जा रहा है। यानि एआई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए गतिज प्रवर्तक बनने जा रहा है।

# कब तक फलते-फूलते रहेंगे स्वयंभू बाबा



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं।

आधुनिकता के इस दौर में स्वयंभू धार्मिक नेताओं की बाढ़ सी आ गई है और जनता भी इन्हें सिर माथे पर बैठा रही है। बीते मंगलवार को हाथरस भगदड़ मामले में केंद्र व राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिजनों और घायलों को धनराशि देने की बात कही है, लेकिन सवाल फिर यही कि क्या किसी आदमी की जान रुपयों में तोली जा सकती है? इस तरह के घटनाओं की पुनरावृत्ति साल दर साल क्यों होती रहती है? किसी एक दुर्घटना से हम सबक क्यों नहीं लेते?

सवाल बहुत सारे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल करने वाले बुद्धिजीवियों के पास इतनी सामर्थ्य कहां है कि वह इस तरह की घटनाओं को रोक सकें या इस तरह के बाबाओं का विरोध कर सकें, क्योंकि इनके संपर्क काफी दूर तक होते हैं। कहने को तो देश आर्थिक और तकनीकी मामलों में आगे बढ़ रहा है, लेकिन धर्मांधता भी बढ़ती जा रही है। इस हादसे पर अफसोस होने के साथ-साथ देश की मूढ़मति जनता की समझ पर तरस भी आता है। आस्था के सिंहासन पर बैठकर यह लोग महिलाओं की अस्मिता से तो खेलते ही हैं, साथ ही लोगों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं। बताया जाता है कि नारायण साकार विश्व हरि भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए पंडाल पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हालांकि इस आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी, मगर 80 हजार लोगों की व्यवस्था जहां पर की गई थी, वहां इससे कहीं ज्यादा अधिक लोग प्रवचन सुनने के लिए एकत्र हो गए थे। आयोजक और शासन-प्रशासन के द्वारा लोगों की संख्या पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रवचन की समाप्ति पर बाबा के निकट से दर्शन और उसकी चरण रज पाने के लिए लालायित हुए लोगों की भीड़ जब बेकाबू हो गई तब यह हादसा हुआ। लोगों का विश्वास था कि बाबा की चरण रज लेकर माथे पर लगाने उनके सारे दुख दूर हो जाएंगे। एनसीआरबी यानी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 से लेकर 2013 तक भगदड़ में



यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी।

लगभग दो हजार लोग मारे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानी आईजेडीआरआर की 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 79 फीसदी भगदड़ धार्मिक सभाओं और तीर्थ यात्राओं के कारण होती है। भारत और विकासशील देशों में भीड़भाड़ से जुड़ी अधिकांश दुर्घटनाएं धार्मिक स्थलों पर होती है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हमने देखे हैं।

भोली-भाली जनता को तरह-तरह के प्रलोभन देकर और चमत्कार दिखाकर बेवकूफ बनाने की परंपरा बहुत पुरानी रही है। हमारे देश की जनता भी उस्ताद है। कब किस इंसान को फर्श पर से अर्श पर पहुंचकर देवता बनाकर पूजने लगे, पता नहीं चलता। यह एक दुखद पहलू और इतना कटु सत्य है कि कई बार मन की आस्था डगमगाने लगती है। धर्म के मर्म को समझना अलग बात है और इस तरह के बाबाओं के कुचक्र में फंसना अलग चीज है। धर्म का मूल भाव सत्य, अहिंसा, परोपकार, दया भाव और ईमानदारी है, जबकि प्रवचन देने वाले इन बाबाओं की हिस्ट्री अजब-गजब और संदिग्ध है। अनैतिक कार्यों में इनके भागीदारी की खबरें आती रहती हैं। फिर भी देश की जनता इन पर इतना यकीन करती है कि अपना भगवान मान बैठती है। अपने अनैतिक कार्यों और कुकर्मों की वजह से कई बाबा जेल की सलाखों के पीछे गए हैं। परंतु महिलाओं की इन पर आस्था आश्चर्यजनक और चिंतनीय है।

यह देश का दुर्भाग्य ही है कि हम आज भी इस तरह के चमत्कारों में विश्वास रखते हैं। ये बाबा बीमारियों के इलाज के अलावा, संतान प्राप्ति, प्रेमी-प्रेमिका से मिलन जैसे कई चमत्कार करने का दावा करते हैं। अंधविश्वास में जकड़ी जनसंख्या इनके छलावे में आ जाती है। यह सुनकर आश्चर्य हुआ कि प्रवचन सुनने में युवा वर्ग की बालिकाएं भी अपने माता-पिता के साथ गई थीं। भारत में बच्चे और महिलाएं इस तरह के ढोंगी बाबाओं के सॉफ्ट टारगेट आसानी से बन जाते हैं। इसीलिए किसी भी तरह के हादसे में पीड़ित भी वही होते हैं। ये नहीं जानते कि जिन्हें ये लोग आध्यात्मिक गुरु मानते हैं दरअसल वे धर्म के व्यापारी होते हैं, जिनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ अपने साम्राज्य का विस्तार करना होता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में यह खुली छूट है।

यूपी के हाथरस में हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक है। कोरोना के समय भी यह बाबा भी विवादों में आया था। देश में पढ़े-लिखे लोगों का भी अंधविश्वासों में इतना भरोसा है कि वह आंख बंदकर इन बाबाओं पर यकीन करते हैं और इनका सहयोग करते हैं। बगैर राजनीतिक संरक्षण के और आर्थिक संरक्षण के इनका इस तरह पनपना और आर्थिक समृद्धि को प्राप्त कर लेना आसान नहीं है। इस तरह के आयोजन में हुई मानवीय भूलों का आंकलन करने की आवश्यकता है और भविष्य के लिए सबक लेने की भी। एक गहन जांच और उसके आधार पर की गई कार्रवाई बहुत आवश्यक है ताकि भविष्य में अवतरित होने वाले नए बाबा थोड़ा सचेत रहें। कोई भी दुर्घटना घटने के बाद एक्शन लिया जाना अलग बात है, लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि इस तरह की घटनाएं बार-बार क्यों होती हैं? इस तरह के बाबाओं का भंडाफोड़ करने की सख्त जरूरत है। साथ ही जनता को भी अपनी आंखें खोलने की जरूरत है। एक स्वघोषित बाबा जो जनता को कष्ट में डालकर खुद नौ दो ग्यारह हो जाता है, जनता को क्यों उस पर यकीन करना चाहिए? हमें गंभीरता के साथ सोचना है कि देश को इस तरह के प्रवचन या सत्संग की जरूरत है या लोगों में साक्षरता बढ़ाने की ताकि वह अपना भला बुरा सोच सकें और अपने समय को कुछ सार्थक कामों में लगा सकें। इस तरह धर्मान्धता की चादर ओढ़कर हम विकास नहीं कर सकते।

## प्रसंगवश

# एक थे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ (संप्रति मऊ) जनपद के बीबीपुर में जन्मे ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान भारतीय सैन्य अधिकारियों के उस शुरुआती बैच में शामिल थे, जिनका प्रशिक्षण ब्रिटेन में हुआ था।

1947 में भारत-पाक युद्ध के वक्त वे उस पैरा ब्रिगेड के कमांडर थे, जिसने नौशेरा में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। उन्हें 'नौशेरा का शेर' कहा जाता है। उनकी बहादुरी और कुशल रणनीति के चर्चे इतने थे कि देश के बंटवारे के बाद उन्हें मोहम्मद अली जिन्ना और लियाकत अली खान ने चीफ बनाने का प्रलोभन देकर उन्हें पाक सेना में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन उस्मान ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बंटवारे के बाद उनका बलूच रेजीमेंट पाकिस्तानी सेना के हिस्से में चला गया और वे स्वयं डोगरा रेजीमेंट में आ गए। पैराशूट ब्रिगेड की कमान संभाल रहे उस्मान सामरिक महत्व के क्षेत्र झनगड़ में तैनात हुए जिसे 25 दिसंबर, 1947 को पाकिस्तानी सेना ने कब्जे में ले लिया था। मार्च, 1948 में ब्रिगेडियर उस्मान के नेतृत्व कौशल से झनगड़ भारत के कब्जे में आ गया। झनगड़ के इस अभियान में पाक की सेना के हजार जवान मरे थे और लगभग इतने ही घायल हुए थे। झनगड़ के छिन जाने और बड़ी संख्या में अपने सैनिकों के हताहत होने से परेशान पाकिस्तानी सेना ने उस्मान का सिर कलम कर लाने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने का ऐलान किया था।

3 जुलाई, 1948 की शाम उस्मान अपने टेंट से बाहर निकले ही थे कि पाक सेना ने उन पर 25 पाउंड का एक गोला दाग दिया, जिससे उनकी शहादत हो गई। मरने के पहले उनके अंतिम शब्द थे-''हम तो जा रहे हैं, पर जमीन के एक भी टुकड़े पर दुश्मन का कब्जा न हो पाए।'' शहादत के बाद राजकीय सम्मान के साथ ब्रिगेडियर उस्मान को जामिया मिलिया इस्लामिया कब्रगाह, दिल्ली में दफनाया गया। यह सम्मान उनके बाद किसी फौजी को नहीं मिला। मरणोपरांत उन्हें 'महावीर चक्र' से सम्मानित किया गया। दुर्भाग्य है कि उनकी कुर्बानियों को देश अब विस्मृत कर चुका है।

# श्रद्धा का यह कैसा उन्माद

हाथरस के सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दिवंगत होने और घायल होने की खबर विचलित करने वाली है। भारत में ही नहीं धर्म के नाम पर धंधा करने वाले ऐसे आयोजनों में आज भी विश्व के कई देशों में लोग अपनी जान गंवाते हैं। तमाम अधर्माचारी अपने 'कल्ट' का ऐसा व्यामोह उत्पन्न करते हैं कि उनके आह्वान पर सामूहिक विषपान कर लोग प्राण गंवा बैठे हैं। धर्म के नाम पर ये पाखंड, ढोंग, जादू-टोना, सब एक ही श्रेणी में आते हैं।

आश्चर्य है कि आज जब मनुष्य ब्रह्मांड के रहस्यों के अनावरण में जुटा है, नित नए वैज्ञानिक तथ्य उद्घाटित हो रहे हैं, एक विशाल संख्या में लोग कूप मंडूक बने हुए हैं, जिनका शोषण इन पाखंडी बाबाओं द्वारा किया जाता है। इन घटनाओं में हमेशा एक सरीखा पैटर्न होता है। एक महाढोंगी द्वारा आहूत भारी भीड़, भगदड़, मौतें और फिर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला और फिर अगली ही ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति तक सब कुछ शांत। न तो मूढ़ जनता और न ही प्रशासन इनसे कोई सबक लेता है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राजनेता तो इन बाबाओं के अनुयायियों को अपना एक विशाल वोट बैंक मानकर चुप्पी साधे रहते हैं। बाबाओं पर कठोर कार्रवाई नहीं करते।

अदालतें जरूर विवेक दिखलाती हैं। वहां जो मामले पहुंचते हैं, वे आशाराम और राम रहीम में तब्दील हो जाते हैं। बशर्ते सरकारें वहां तक तत्परता के साथ मामलों को ले जाएं न कि कुछ बाबाओं के लिए एक साभिप्रायपूर्ण



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि ''सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना?

चुप्पी साधे रहें। ताजे मामले में ये कोई साकार हरि ऊर्फ भोलेबाबा या खुद का रखा गया पूरा नाम नारायण सरकार विश्व हरि भोलेबाबा, सरकारी सेवा का भगोड़ा है, जो अपनी जुगाड़ और साठगांठ से धर्म प्रचारक बन बैठा, क्योंकि यह धंधा चोखा है। कोई खास इंवेस्टमेंट भी नहीं है। सब कुछ भक्तजन कर देते हैं। समझ में नहीं आता कि आखिर इस बाबा कल्चर को पनपने देने के पीछे सबसे बड़ा दोषी कौन है? क्या भक्तगण ही सबसे बड़े दोषी हैं? कैसे कहें, वे तो जन्मजात मूढ़ हैं।

तुलसी बाबा ने भले ही कहा हो कि ''सबसे भले वे मूढ़ जिन्हें न व्यापहि जगत गति' किंतु इन हादसों में जान भी तो यही देते हैं। मूढ़ता को भी क्या दोष देना? फिर क्या दोषी वह 'कल्याणकारी राज्य' और शासन है, जहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण दुखद घटनाएं घटती हैं और जनहानि होती है? क्यों नहीं सभी राज्य महाराष्ट्र की तरह अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून बनाते और उनका कड़ाई से पालन करते हुए पाखंडी बाबाओं की नियमित धर पकड़ करते बिना वोटों की परवाह किए? हालांकि महाराष्ट्र में भी ऐसे ढोंगी बाबाओं का वर्चस्व अभी भी कायम है, क्योंकि वहां की सरकारों ने भी लागू कानून को उपेक्षा की है। आस्था के नाम पर हमें क्या आंखे मूंदे रहना चाहिए? ऐसी घटनाएं आगे न घटे इसलिए भारी भीड़ आमंत्रित करने वाले बाबाओं के ऊपर निरंतर निगहबानी रखनी होगी और हादसों को टालने का तो मूलमंत्र ही यही है कि जहां भीड़ हुई शांति व्यवस्था को खतरा हुआ और धार्मिक उन्मादियों की भीड़ तो जान ले भी सकती है और दे भी सकती है। हिंदू धर्म की चिर सहिष्णुता को भी कोसने का मन कहता है कि उसके नाम पर आज से नहीं सदियों से कैसे-कैसे पापाचार होते आए हैं।

किसको दोष दिया जाए और किसे बख्शा जाए? जो धर्म खुद को भी अनाचार से बचा न सके उसको लेकर बुद्धिजीवियों को ही कम से कम ऐसे मौकों पर मुखर होना चाहिए। हम कब तक 'सनातन' के भुलावे में रहेंगे? मगर क्या कीजिएगा हमारे आज के शंकराचार्य भी निष्प्रभावी हो गए हैं। बहुत कम असली धर्माचार्य हैं, जो धर्म के नाम पर अधर्म फैला रहे लोगों के विरुद्ध मुखर होते हैं। आशा की जानी चाहिए कि शीघ्रातिशीघ्र ढोंगी साकार हरि को सलाखों के पीछे डालकर अभियोजन आरंभ किया जाएगा। जिन लोगों की जान गई है उनकी हत्या का आरोप इसी पर होना चाहिए और सरकार को भीड़ सीमा संबंधी भी कोई प्रतिबंधात्मक आदेश लाना चाहिए या फिर भीड़ प्रबंध की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## सोशल फोरम

# गुरु बनाना एक फैशन

साधारण व्यक्ति में क्या इतना बुद्धि सामर्थ्य है कि वह अपना गुरु चुन सके। अगर इतना बुद्धि बल है उसमें तो इसे गुरु की आवश्यकता ही क्या है? आज साधारण व्यक्ति दूसरों के प्रभाव में आकर गुरु चुनता है और गुरु भी इतना गुरु है कि तुरंत उसे अपना शिष्य बनाकर इसे नाममंत्र दे देता है।

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है। आज गुरु बनाना एक फैशन है अगर आप किसी नामी गुरु के शिष्य नहीं तो आप पूर्ण नहीं और गुरुओं के पास नामी शिष्य नहीं तो वह भी पूर्ण गुरु नहीं।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

इतिहास में आज तक वही शिष्य सफल हो पाया जिसे गुरु ने स्वयं चुना। चाणक्य ने चंद्रगुप्त को चुना, समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी को चुना, रामानंद ने कबीर को चुना और उन्हें गुना। सदियों बाद भी आज शिष्य की वजह से गुरुओं का स्मरण होता है।

एक स्वनाम धन्य व्यक्तित्व एक गुरु के हाईप्रोफाइल शिष्य थे। गुरु के सत्संग में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक बार उनसे उनकी सक्रियता के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया वह राजनीतिक व्यक्ति भी हैं और गुरु जी के चेले उनके चुनाव क्षेत्र में प्रभावी है इसलिए सत्संग में क्षेत्र के लोगों को दिखाने के लिए आना पड़ता है और आज भी वह कई बार के सांसद है। आम जनता गुरुओं के ग्लैमर में भक्त बन जाती है। गुरुओं के पास कोई न कोई विद्या तो है, जिससे लाखों लोग उनके मुरीद हो जाते हैं। एक बात और जिस गुरु ने भगवान बनने की कोशिश की वह कहीं का नहीं रहता।

ऐसे बहुत से लोग जेल की अंधेरी कोठरियों में अपना सत्संग कर रहे हैं और यह गुरुगिरी हर धर्म में चल रही है। कई पीर हैं कई प्रीस्ट हैं, जो धर्म की आड़ में अपनी दुकानें चला रहे हैं। मैं तो अभी उस समय का इंतजार कर रहा हूं, कोई योग्य गुरु मुझे शिष्य के रूप में स्वीकार करे और मेरा उद्धार करे।

-फेसबुक वॉल से

# आपातकाल और निरंकुश प्रशासन

बात आपातकाल की है। मैं जनपद बरेली में डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। आपातकाल घोषित होते ही प्रशासन सहसा पूर्ण निरंकुश हो उठा। इस निरंकुशता में मेरी भी भागीदारी थी। आपातकाल के दूसरे दिन वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक मे येन केन प्रकारेण विरोधी दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा प्रशासन विरोधी पत्रकारों को जेल भेजने का निर्णय लिया गया।

अब पुलिसिया यातना का वह चक्र चल पड़ा, जिसकी आंच ने मेरे भविष्य को घातक आघात दिया। इस बैठक ने पुलिस वालों को तो मानो किसी को भी आंतरिक सुरक्षा के नाम पर बंदी बनाने का पूर्णाधिकार दे दिया। जेल विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया कि पुलिस द्वारा बंदी बनाए गए किसी भी व्यक्ति रात या दिन किसी भी समय जेल के सींखचों के भीतर ले कागजी खानापूर्ति की कार्यवाही बाद में सुनिश्चित की जाए। रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात कभी देश के स्वतंत्राता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वयोवृद्ध नेता की गिरफ्तारी का दायित्व मुझको सौंपा गया। थाना प्रभारियों में मानो इस बात की होड़ सी लग गई थी कि कौन कितनी गिरफ्तारियां करता है। इंदिरा गांधी का संभावित विरोध, राष्ट्र विरोध में परिवर्तित हो चुका था। धड़ाधड़ गिरफ्तारियों का निर्बाध दौर शुरू हो चुका था। विरोधी नेता, कार्यकर्ता, प्रशासन/पुलिस विरोधी पत्रकार, छात्र नेता आदि गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत होने लगे, जो पकड़े गए, जेल गए। अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे श्री आजाद के ड्राइंगरूम जा पहुंचा। खादी की मिर्जई एवं अंडर वियर पहने चश्मा लगाए आजाद जी के हाथ में कोई किताब थी। हंसते हुए उन्होंने मेरा स्वागत किया "आइए-आइए डॉक्टर साहब! मैं आपका ही इंतजार कर रहा था और सोच रहा था कि अभी तक मेरा नंबर क्यों नहीं आया?" उनकी विनम्रता के समक्ष शर्म से मेरा सिर झुक गया। साथ आए सब इंस्पेक्टर को बाहर भेज मैं वहीं खड़ा रह गया। अपनी जीप में लाकर आजाद जी को थाना कोतवाली के अपने कार्यालय के कमरे में बैठाया, थाना प्रभारी हाकिम राय को निर्देश दिया कि आजाद जी को तुरंत जेल पहुंचाकर लौटकर लिखा-पढ़ी करते रहें।



डॉ .अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

घटना दोपहर के लगभग दो बजे की है। इसके बाद फोन पर मैंने जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को श्री आजाद की निर्विघ्न गिरफ्तारी की सूचना दी, उनकी मौखिक बधाई को प्राप्त किया। बाद में मुझे यह जानकर कष्ट हुआ कि हाकिम राय ने आजाद एवं एक अन्य नेता पर दूसरों को नगर की दूरसंचार तथा बिजली आपूर्ति बाधित करने के उकसाने का आरोप लगा घटना का समय भी रात का दिखाया गया, जबकि मैंने लगभग दो बजे दिन ही में श्री आजाद को हाकिम राय के सुपूर्द कर दिया था। यहीं पर यह उल्लेख कर देना प्रासंगिक है कि हाकिम राय तत्कालीन बरेली रेंज के डीआईजी केडी शर्मा (कृष्णदत शर्मा) का चहेते थे और उनकी कृपा या आदेश से उपनिरीक्षक रहते हुए भी उनको बरेली नगर के सबसे महत्वपूर्ण थाना कोतवाली का प्रभारी बनाया गया था। श्री आजाद की गिरफ्तारी के कुछ ही अंतराल के बाद वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद नामक, आरएसएस तथा विद्यार्थी परिषद के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी रात में ही कोतवाली पुलिस द्वारा हुई। प्रातः काल नौ बजे हाकिम राय ने दोनों को मेरे कमरे में मेरे समक्ष पेश किया। मैंने उन दोनों की लिखा-पढ़ी के बाद यथाशीघ्र कारागार भेजवाने का आदेश दिया। दिनभर नगर में हुई घटनाओं की जानकारी पत्रकारों को दे ही रहा था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद ने मेरे कमरे में प्रवेश किया और नगर में सफल शांति व्यवस्था के लिए मुझे बधाई दी। पत्रकारों से बाहर जाने का अनुरोध करते हुए मैंने जिलाधिकारी महोदय का स्वागत किया। मुझको बड़ा आश्चर्य हुआ कि वीरेन्द्र अटल और रमेश आनंद की गिरफ्तारी पर मुझको बधाई देते हुए दोनों को अपने सामने लाने का आदेश दिया। मैंने उनको बताया कि "सर! वे दोनों तो जेल जा चुके हैं।" मैं यह सूचना दे ही रहा धा कि सहसा उपस्थित हाकिम राय बोल पड़ा, "सर! आपने आने को कहा था, इसीलिए उनको रोक रखा गया है।" उसके इतना कहने साथ दोनों अभियुक्तों को डीएम के सामने लाकर खड़ाकर दिया गया।

"क्यों डॉक्टर साहब! ये दोनों तो एक दम ठीक-ठाक हैं? साफ है थाने में इनका एक दम स्वागत नहीं हुआ।" "सर! इनसे कोई बरामदगी तो करनी नहीं थी और न ही कोई महत्वपूर्ण जानकारी ही मिलनी थी।" मेरे मुख से इतना निकला ही था कि हाकिम राय बोल उठा, "सर! मैं अभी दोनों का ठीक से स्वागत करता हूं।" मैनें शांत स्वर में कहा, " किन्तु क्या अब तक 'जीडी' में उनकी आमद नहीं हुई है? अगर आमद हुई है तो क्या इनके शरीर पर आए चोटों का तस्करा जीडी में हुआ है?" मेरी बात पूरी हुई भी नहीं थी कि हाकिम राय बोल उठा था, "सर! इसका भी उपाय मेरे पास है।" यह कहते हुए वह कमरे से निकल गया। थोड़ी देर बाद वापसी में उसके हाथ में "पिलास पेचकस" था। मेरी समझ में कुछ नहीं आया। आश्चर्य चकित मैं उसकी ओर देख ही रहा था कि मेरे जीवन की एक अत्यंत दारुण तथा मेरे लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना का अवतरण हुआ। हाकिम राय के हाथ में पेचकस देख मैं आश्चर्यचकित था। कुछ समझ पाता कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के उकसावे पर हाकिम राय ने पेचकस से बारी-बारी दोनों युवकों के हाथों के अंगुलियों के नाखूनों को दबाना शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे की यातना के सूत्रधार डीएम कोतवाली से बाहर जा चुके थे। दूसरे दिन समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुईं। उत्पीड़नकर्ता हाकिम राय को इस बात की प्रसन्नता थी कि उनको जिलाधिकारी का परम विश्वस्त होने का तथाकथित अयाचित सौभाग्य मिल चुका था। घटना की सूचना मैंने अपने एसएसपी श्री माथुर को दी। उनकी तात्कालिक प्रतिक्रिया थी, " देखो अजित! जब किसी को उसकी औकात से बाहर की चीज मिल जाती है तब उसका घमंड अनियंत्रित हो जाता है। डीआइजी के कहने पर इसको कमिश्नरी के कोतवाली की इंचार्जी क्या मिल गई, अपनी औकात भूल गया हैं।" जेल पहुंचे दोनों युवक अपने हाथ से खाने को कौन कहे, हाथ से गिलास उठा पानी पीने में भी असमर्थ थे। उसी जेल में अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक कैदियों के साथ-साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास भी बंदी थे। उन लोगों के हस्तक्षेप पर दोनों का विधिवत उपचार हुआ, किंतु उनके नाखूनों के बचाया नहीं जा सका। स्मृति चिन्ह के रूप में दोनों ने अपने-अपने नाखूनों को सुरक्षित रख लिया।

# हादसे का जिम्मेदार कौन

हाथरस हादसे में हुई 100 से अधिक लोगों की असामयिक मृत्यु की हृदय विदारक घटना से हर कोई शोक में शामिल है। धार्मिक समागम में हुई बड़ी संख्या में हुई महिलाओं और बच्चों की दुखद मौत से हाथरस की प्रशासन पर सवाल उठना लाजमी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समागम में दो लाख से अधिक लोग पहुंचे हुए थे और पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की गई थी। हालांकि रिटायर्ड जज की निगरानी में एसआईटी गठित की जा चुकी है, परंतु अभी हादसे के लिए जिम्मेदार किसी भी प्रशासनिक अधिकारी पर कोई कर्रवाई न होना आश्चर्यजनक है। समागम में कितने लोगों की अनुमति दी गई कितने लोग पहुंच गए, जिससे यह हादसा हुआ, जांच का विषय है, लेकिन उचित व्यवस्थाओं का न होना सर्व जाहिर है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हुक्मरानों को आयोजकों और अधिकारियों को सजा मिलेगी भी या नहीं यह तो पता नहीं, लेकिन किसी सामाजिक और यूनियन के आयोजन में अनुमति लेना कितना मुश्किल और कठिन होता है, यह मैं अच्छी तरह जानता हूं। हाथरस मामले में धार्मिक समागम में बड़ी संख्या में जुटे लोगों के आने से हुए हादसे के लिए आखिर कौन जिम्मेदार माना जाएगा, यह यक्ष प्रश्न है।

## एक नजर

### हनुमानगढ़ी पर छज्जा गिरने से मजदूर घायल

**अयोध्या।** रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित पौराणिक पीठ हनुमानगढ़ी के निकास द्वार के पास मार्ग पर बुधवार को छज्जा टूटकर गिरने के चलते एक मजदूर चोटिल हो गया। बिहार निवासी देव नारायण (21) का श्रीराम अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया है। आरजेबी थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि मजदूर अब ठीक है।

### एनईपी बीबीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से

**अयोध्या।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी बीबीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से शुरू होकर 12 जुलाई तक चलेंगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुल आठ केंद्रों पर 12 महाविद्यालयों की परीक्षा होगी, जिसमें 557 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह सात से नौ बजे तक होगी।

### जेल से छूटे अपराधी ने युवक को मारी गोली

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में मंगलवार रात जमानत पर जेल से बाहर आए अपराधी शोभित वर्मा ने हर्षित भदौरिया को गोली मार दी। गोली उसके कूल्हे में लगी। पुलिस ने उसे हैलट में भर्ती कराया। एसीपी सीसामऊ चित्रांश गौतम ने बताया कि घटना के बाद आरोपी शोभित को गिरफ्तार कर लिया है। शोभित समेत दो अन्य अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### बिकरू कांड: अभियोजन गवाह से की गई जिरह

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। बुधवार को मामले में अभियोजन गवाह से तीन आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की। अब अदालत ने अन्य आरोपियों की ओर से जिरह के लिए 4 जुलाई की तिथि नियत की है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि पुलिस के कई जवान घायल हो गए थे।

# लखीमपुर से हाथरस सत्संग में गए थे 300 अनुयायी

## एक महिला की गई जान, शव पहुंचने पर रो पड़ा गांव, पुलिस की मौजूदगी में किया गया अंतिम संस्कार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** हाथरस के फुलरई गांव में आयोजित भोले बाबा के सत्संग में शामिल होने लखीमपुर खीरी जिले से 300 से अधिक अनुयायी गए थे। सत्संग स्थल पर हुए हादसे की खबर मीडिया में आई तो अनुयायियों के परिजन बेचैन हो उठे। सभी अपने परिवार के सदस्यों की कुशलता जानने की कोशिश में जुट गए। हादसे में कोतवाली मोहम्मदी के पुलिस चौकी अमीर नगर के गांव बहादुरगंज की एक महिला की मौत हुई है।

जिले के गोला, मोहम्मदी, लखीमपुर, कस्ता आदि से लोग दो-दो बसों से सत्संग में शामिल होने के लिए गए थे। मोहम्मदी क्षेत्र के मानेपारा, पडरिया बहादुरगंज आदि गांवों के लोग भी भोले बाबा के सत्संग में गए थे। जिले के गोला, मोहम्मदी, पसगवां और बिजुआ के आसपास क्षेत्र के करीब 200 से अधिक लोग हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में शामिल होने गए थे। हादसे का पता चला तो इनके परिजनों ने संपर्क साधना शुरू किया। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुरगंज निवासी यशोदा (62) पत्नी स्व. नत्थूलाल की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया तो पूरा गांव रो पड़ा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शाम को शव का अंतिम संस्कार किया गया। यशोदा अपनी 12 वर्षीय पोती प्रीति और गांव के ही दिनेश, रामभरोसे, रामशंकर, द्वारिका प्रसाद, उपासना, रीता, जागेश सहित पड़ोस के गांव बस्तौली, मगदापुर के 40 लोगों के साथ चंदनापुर के दिनेश सिंह से बुक कराई गई बस से रविवार 30 जून को हाथरस के लिए निकले थे। हादसे के बाद पोस्टमार्टम के लिए डेड बॉडी को ले जाते समय साथ में मौजूद वृद्धा की पोती प्रीति से एंबुलेंस कर्मी ने घर का फोन नंबर लिया और रात में ही जशोदा के घर पर सूचना दी। खबर मिलते ही रात में ही जशोदा के पुत्र संजय कुमार हाथरस के लिए रवाना हो गए थे।



यशोदा की फाइल फोटो।

### वर्षों से सत्संग में जा रही थी यशोदा

पिछले 10 वर्षा से यशोदा साकार विश्व हरि भोलेनाथ के सत्संग में भाग लेती थी। जिले और अन्य प्रांतों में जहां भी सत्संग हुआ वह उसमें भाग लेने पहुंचती थीं। इनके सत्संग में चरण छूने और कार के टायर की मिट्टी प्रसाद के रूप में उठाने के लिए अनुयायी बेतरतीब होकर के जुट जाते हैं। अनुमान है कि भीड़ अधिक होने से वह गिर गई और तमाम श्रद्धालु उसके ऊपर से निकल गए।

### परिजनों को दो लाख की मदद, विधायक ने सौंपा चेक

**गोला गोकर्णनाथ।** मृतक महिला यशोदा देवी के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई। विधायक अमन गिरि एसडीएम विनोद गुप्ता, तहसीलदार सुखवीर सिंह राजस्व टीम संग मृतक के गांव पहुंचे, मृतक के पुत्र राजाराम को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो लाख अनुदान की चेक प्रदान की। विधायक अमन गिरी ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा अत्यंत दु:खद और हृदय विदारक है।

जशोदा की पोती प्रीती हादसे से इतना भयभीत है कि वह कुछ भी पूछने पर दहाड़ मारकर रोती है।

# राम मंदिर परिसर में 100 नए पुजारियों की होगी नियुक्ति



ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ पुजारी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन मंदिर की व्यवस्था में 100 पुजारी नियुक्त किए जाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट धार्मिक समिति के माध्यम से पुजारियों को प्रशिक्षण दिलाएगा। पहले चरण में प्रशिक्षित 20 पुजारी रविवार से रामलला की पूजन पद्धति में शामिल हो चार शिफ्टों में अपनी सेवा देंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और व्यवस्था प्रमुख गोपाल राव ने बुधवार को सभी पुजारियों के साथ बैठक कर मंदिर की गोपनीयता संबंधित जानकारी देने के साथ नियुक्ति कर दिया। चंपत राय ने बताया कि छह महीने से जिन वैदिक युवकों को यहां पर कुछ सिखाया गया। अब उसके अनुरूप उन्हें कार्य सौंपा गया है। उसके बाद नए 25 लोगों का दूसरा बैच लेंगे और फिर उन्हें छह महीने तक मंदिर के पूजा पाठ संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक पुजारी कभी भी सुबह से शाम तक नहीं रह सकता है। इसलिए भविष्य में कम से कम 100 अर्चकों की आवश्यकता पड़ेगी। उधर, रामलला के भव्य मंदिर के साथ-साथ परकोटे में छह और राम जन्मभूमि परिसर शेष अवतार मंदिर के साथ सात अन्य मंदिरों का भी निर्माण किया जा रहा है।

### बारिश में भी हो रहा मंदिर का निर्माण : चंपत राय

चंपत राय ने बताया कि बारिश के बीच राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है। दिसंबर 2024 तक निर्माणाधीन सभी मंदिरों का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# हरदोई में इस तरह हो रहा इलाज



**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार :** हरदोई के कछौना में छप्पर के नीचे कैंसर मरीज के इलाज की तस्वीर वायरल होने के करीब एक महीने बाद एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। इस बार पिहानी थाना क्षेत्र में झोलाछाप द्वारा पेड़ के नीचे तख्त पर लिटाकर मरीजों का उपचार करते हुए तस्वीर सामने आई है। झोलाछाप ने मरीज को चढ़ाई जा रही ग्लूकोज की बोतल को पेड़ की डाल से लटका रखी थी। जिले में चिकित्सा सेवाओं के इस हाल के बारे में जब जिम्मेदारों से पूछा गया तो बोले कि गांवों में तो ऐसे ही होता है इलाज। मरीज अगर अस्पताल आएगा तो उसे बेहतर उपचार और सुविधाएं मिलेंगी।

# भाजपा विधायक समेत छह ने किया सरेंडर

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा व प्रचार कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में बुधवार को लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा समेत छह आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। विशेष मजिस्ट्रेट ने आरोपियों की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया।

विशेष लोक अभियोजन वैभव पांडेय के मुताबिक 23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड्आन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी। जिस पर उड़न दस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने केस दर्ज कराया था।

# बलरामपुर में बीमा एजेंट को मारी गोली, मौत

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार।** नगर के गदुहरवा मोहल्ले में बीमा एजेंट को दिनदहाड़े गोली मार दी गई। बहराइच में इलाज के दौरान बीमा एजेंट की मौत हो गई। वारदात को उसी के दोस्त ने अंजाम दिया। एसपी ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया है। मृतक की बहन यासमीन की तहरीर पर आरोपी फरहान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें दबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर गदुरहवा मोहल्ले में टीपू मेडिकल स्टोर के सामने बीमा एजेंट मोहम्मद वसीम को उनके दोस्त फरहान ने रंजिश के चलते अचानक गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद एक ई-रिक्शा चालक ने मृतक के घर पहुंच कर मामले की सूचना दी। लोग घायल बीमा एजेंट को इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर बहराइच रेफर कर दिया। बहराइच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन फिलहाल कुछ भी बता पाने में असमर्थ हैं। आरोपी के खिलाफ दिए गए तहरीर में पुरानी रंजिश का जिक्र किया गया है। एसपी विकास कुमार ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया है। उन्होंने मातहतों को आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी तथा घटना के कारण का पर्दाफाश करने का निर्देश दिया है। नगर में दिनदहाड़े हुई इस घटना से दहशत का माहौल है।

# रामलला को समर्पित की पगड़ी

**अयोध्या, अमृत विचार:** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अपने संकल्प को पूरा करते हुए 22 महीने के बाद मुंडन कराकर मुरेठा (पगड़ी) को हटा दिया है। बिहार के कई मंत्री और विधायकों के साथ बुधवार को डिप्टी सीएम ने सरयू नदी में डुबकी लगाई। रामलला के समक्ष पहुंचकर मुरेठा समर्पित किया। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार से इंडिया गठबंधन की सरकार हटाने के लिए संकल्प लिया था। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वह अयोध्या आए और अपना वादा निभा पगड़ी रामलला को समर्पित किया।



सरयू स्नान करते बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी।

# जज ने शिकायत की तो 3 दरोगा हुए लाइन हाजिर

**संवाददाता, प्रयागराज**

**कार्रवाई**

- जज के एक निजी कर्मचारी को लूट के मामले में प्रताड़ित करने वाले दरोगाओं को कमिश्नर प्रयागराज तरुण गाबा ने किया तलब
- डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा पांडेय ने स्वीकारा- दरोगाओं ने कार्य में लापरवाही बरती है

**अमृत विचार :** प्रयागराज में एक जज के यहां निजी काम करने वाले युवक को पुलिस द्वारा प्रताड़ित करने के मामले में कमिश्नर प्रयागराज तरुण गाबा ने तीन दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया है। पीड़ित परिवार ने जज से गुहार लगाई थी कि जानबूझकर मेरे बेटे को प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके बाद जज ने कमिश्नर को शिकायत की तो कमिश्नर ने तीनों दरोगाओं को लाइन हाजिर कर मामले में जांच बैठा दी है।

जानकारी के अनुसार मांडा थाना अंतर्गत मडार गांव में बीते तीन दिन पहले 20 हजार रुपए लूट की एक घटना हुई थी। जिस मामले की जांच मांडा पुलिस कर रही थी। पुलिस ने नहवाई क्षेत्र के एक युवक को इस मामले में उठाकर पूछताछ की थी। युवक जज के यहां निजी कर्मचारी था। आरोप है कि युवक को पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के बाद प्रताड़ित किया गया। युवक के घरवालों ने इसकी गुहार जब न्यायाधीश से लगाई तो मामला पुलिस कमिश्नर के टेबल तक पहुंच गया। जिसके बाद उन्होंने मांडा थाने में तैनात दरोगा शहनवाज आलम, कपिल द्विवेदी व दिघिया चौकी के दरोगा सन्नेश बाबू गौतम को लाइन हाजिर कर दिया।

यही नहीं, तीनों दरोगाओं के खिलाफ जांच का आदेश भी दिया है। मांडा थाने में तैनात एक साथ तीन दरोगाओं को लाइन हाजिर किए जाने से विभाग में हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस अधिकारी पूरे मामले को लापरवाही से जुड़ा बता रहे हैं। वहीं डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा पांडेय का कहना है कि तीनों दरोगाओं ने कार्य में लापरवाही बरती है, जांच चल रही है।

# महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा

**संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** महाकुंभ-2025 की तैयारियों को देखने के लिए बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कुंभ मेला को सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियो संग बैठक कर तैयारियों का जायजा भी लिया। बैठक से पूर्व अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य प्रशासन), संजय सिंह ने प्रयागराज जंक्शन पर कुम्भ की तैयारियों से जुड़ी योजनाओं से अपर पुलिस महानिदेशक प्रकाश डी. को अवगत कराया। उनकी टीम के साथ प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन का संपूर्ण निरीक्षण किया। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े मानव समागमों में से एक है कुम्भ, इस अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षित यात्रा प्रदान करना सभी संस्थाओं के एक जुट हो कर कार्य करने से ही संभव होगा। मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने कहा कि सभी योजनाओं की जानकारी हर स्तर के कर्मचारी के पास होनी चाहिए। प्रबंधक ने कहा कि जिला प्रशासन सहित सभी संस्थाओं के साथ हो रही नियमित बैठके की जा रही हैं, साथ ही यदि कोई समस्या आ रही है तो उसका समाधान त्वरित रूप से किया जा रहा है।



महाकुंभ की तैयारी का निरीक्षण करने पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी।

**कुशाग्र हत्याकांड**

### अगली सुनवाई 8 को

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी के बेटे कुशाग्र कनोडिया की हत्या के मामले में बुधवार को एडीजे 17 की कोर्ट में सुनवाई हड़ताल के चलते टल गई। अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। इससे पहले 19 जून को हुई सुनवाई में मामले के वादी संजय कनोडिया ने अपने बयान दर्ज कराए, साथ ही फिरौती के पत्र की पहचान की थी। ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात शुक्ला व दोस्त शिवा गुप्ता जेल में है।

### 150 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**फतेहपुर, अमृत विचार।** ठगी कर वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को स्थानीय पुलिस व एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए ठग पर करीब 150 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है। मामला सुलतानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव का है। आरोपी पर 25,000 का इनाम भी घोषित था। इनामी ठग राजेश मौर्या को गिरफ्तार कर कर पुलिस व एसटीएफ उससे पूछताछ कर रही है। राजेश मौर्या को कर्मपुर मोड़, सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव के रहने वाले राजेश मौर्य ने लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देकर करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से इकट्ठा किया और रफूचक्कर हो गया। एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि राजेश मौर्य मध्य प्रदेश के इंदौर महानगर के नेहरू नगर में राजा सिंह के नाम से रहता था। उसने अपना हुलिया बदल कर रह रहा था। वह सरदार के भेष में रहा करता था। ताकि लोग उसकी पहचान न कर पाए।

## वर्ग पहेली-120

**बाएं से दाएं**

3. 1. नज़रबंद होने की स्थिति 2. इंद्रजाल

5. 1. पीला रंग 2. वृक्ष की छाल 3. चंपक 4. कनेर 5. केसर 6. पुष्पराज 7. इंद्र 8. गरुड़ 9. मिश्रित या उपधातु जिससे घंटे बनाए जाते हैं 10. दीप 11. मेंढक 12. चकवा, चक्रवाक पक्षी 13. हरताल 14. कुसुम 15. पीला मूंगा 16. पीला खस।

6. 1. किसी घटना या बात की दबी हुई चर्चा, अस्पष्ट चर्चा, कानाफूसी 2. उड़ती हुई ख़बर 3. टोह।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. षड्यंत्र, छल 2. किसी को संकट में डालने के लिए बनाई जाने वाली योजना 3. किसी को हानि पहुंचाने के लिए होने वाली गुप्त कार्यवाही, (प्लॉट)।


2. 1. वक्ता, बोलने वाला 2. मुकदमा दायर करने वाला 3. फ़रियादी 4. किसी वाद से संबंध रखने वाला।

3. 1. उमदा या नफ़ीस होने की अवस्था या भाव 2. मृदुलता, कोमलता 3. सुंदरता, अच्छाई 4. स्वच्छता, सफ़ाई 5. निर्मलता।

4. 1. काला सेमल 2. सफ़ेद सहिजन 3. करंज का वृक्ष 4. गोरोचन।

5. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य, मायके के लोग।

6. जिसे सुख मिल रहा हो, सुखयुक्त, सुखपूर्ण, प्रसन्न, ख़ुशहाल।



### वर्ग पहेली -119 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | नो | नि | यो | ग | |
| न | | | | | 2 सौं |
| शा | | 3 तुं | | | फी |
| | 4 रं | ग | रे | ज़ी | |
| 5 प | | ता | | | 6 क |
| र | | | | | त |
| जा | | 7 खँ | गा | ल | ना |

## सुडोकू -33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | | | 1 | | | 7 | |
| 5 | | 8 | 2 | | | 1 | | |
| 9 | | | 5 | | | 7 | | 8 |
| | 1 | | 9 | | 4 | | 6 | |
| 4 | | 2 | | | 6 | | | 3 |
| | | 6 | | | 3 | 2 | | 7 |
| | 9 | | | 7 | | | | 1 |
| | | 5 | | 6 | | | | 4 |

### सुडोकू -32 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 |
| 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 05 .54 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 5 जुलाई 04 .57 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 05 जुलाई 03 .54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष:** आज बिजनेस में आपको अपनी योजनाओं के समय रहते सुध-बुध लेनी होगी, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आप अपने भविष्य को लेकर कुछ निवेश कर सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आएगा।

**वृष:** आज आप किसी बात को लेकर तनाव रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। मन में उलझन रहने के कारण कुछ विचलित रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोग कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें, नहीं तो समस्या हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन:** आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के होने के योग बनते दिख रहे हैं। यदि आप किसी से कोई वादा करें, तो आप उसे समय रहते पूरा करें।

**कर्क:** आज आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी काम में मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए यदि सोच विचार कर रहे थे तो उसमें विघ्न आ सकता है। आपको परिवार के सदस्यों को किसी पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आपके खर्च बढ़ने से परेशान रहेंगे।

**कन्या:** आज आपको अपनों के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम करने से आपको पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी, नहीं तो वह आपके साथ कोई धोखा कर सकता है। अपने सहयोगियों से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका मन प्रसन्नता रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**वृश्चिक:** आज परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने के कारण आपको मेहनत अधिक करनी होगी। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को साथी की बातों को सुनकर उन पर ध्यान देना होगा।

**धनु:** आज वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना चाहिए। आपका कोई कानूनी विवाद आपको परेशान करेगा, जिसमें आपको धन खर्च अधिक करना पड़ेगा। बिजनेस में भी आपको नुकसान होने के योग बनते दिख रहे हैं, इसलिए आप बहुत ही सोच विचार कर कदम बढ़ाएं।

**मकर:** आज का दिन व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपके लिए गए निर्णय बेहतर साबित होंगे। आप संतान के करियर को लेकर चिंतित रहेंगे और आपकी वह चिंता भी दूर होगी। अपनी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कुंभ:** आज आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। किसी पुराने वाद विवाद से छुटकारा मिलेगा। आपकी संतान को शारीरिक कष्ट होने के कारण आप परेशान रहेंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोग कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**मीन:** आज आपको किसी विशेष व्यक्ति के मिलने से अच्छा लाभ मिलने की शुरुआत संभावना है। बिजनेस में आप किसी नई योजना की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोग किसी पार्ट टाइम कार्य को करने की योजना बनाएंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्लेटफॉर्म — सुबह : 09 .00
बादशाह — रात : 09 .00

**&pictures**
केदारनाथ — सुबह :10 .44
तनु वेड्स मनु रिटर्न्स — रात : 08 .00

**Sony Pix**
द डार्क नाईट राइसेस — सुबह : 09 .02
क्लैश ऑफ द टाइटंस — रात : 07 .10

**Zee Cinema**
हम आपके हैं कौन — दोपहर : 12 .44
पाथु थाला — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
सनम बेवफा — सुबह : 08 .29
जुग जुग जियो — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .44 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं ना।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

## एक नजर

### फ्रिज में करंट आने से मां-बेटी की मौत

**देवरिया :** जिले के रुद्रपुर कस्बे में फ्रिज में करंट आने से मां-बेटी की मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि कस्बे के आजाद नगर वार्ड की रहने वाली अफसाना खातून (25) ने दोपहर में किसी काम से फ्रिज खोला तो उसमें करंट आने की वजह से वह उससे चिपक गई। उन्होंने बताया कि यह देख मां शायदा खातून (50) अपनी बेटी अफसाना को बचाने के लिए गई तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच कर फ्रिज को बिजली की आपूर्ति बंद की और दोनों को सरकारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव परिजनों को सौंप दिए।

### नोएडा: नकली दवा बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नोएडा :** नोएडा में नकली आयुर्वेदिक दवा बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फेज-वन थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बुधवार को बताया कि एक कंपनी के मालिक की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनीस अहमद और मोहम्मद शमी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कंपनी के मालिक अजीजुल हसन ने शिकायत में कहा कि उनकी कंपनी का पूर्व कर्मचारी अहमद सेक्टर-10 स्थित एक कारखाने में उनके उत्पाद से मिलती-जुलती दवा बनाकर बेच रहा है। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि आरोपी अहमद, हसन की कंपनी के नाम से मिलती-जुलती नकली दवा बना रहा है। मौके से रैपर, हॉलमार्क, पैकेजिंग सामग्री आदि बरामद की गयीं।

### बच्ची को अश्लील वीडियो दिखाने वाला गिरफ्तार

**नोएडा :** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में रहने वाली एक बच्ची को अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के मुताबिक 48 वर्षीय शिक्षक नृत्य और संगीत सिखाने के लिए 10 वर्षीय बच्ची के घर आता था और उसे सिखाने के बहाने हर दिन नए-नए वीडियो बच्ची के कंप्यूटर पर अपलोड कर देता था। बताया कि बच्ची के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री जी... अनाथालय ही हमारा घर है, इसे छोड़कर कहां जाएं

## आर्य समाज अनाथालय में रह रही तीन लड़कियों ने पत्र लिखकर की फरियाद, प्रधान और मंत्री पर लगाए साजिश रचने समेत कई गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- कहा- भूमाफिया की साठगांठ से 140 वर्ष पुराने अनाथालय को कर रहे हैं बंद
- डराकर और दबाव डालकर साइन कराया एग्रीमेंट, अब रोज करते हैं बदसलूकी

**अमृत विचार :** आर्य समाज अनाथालय की लड़कियों ने अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अपनी करुण गाथा बयां की है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने जब होश भी नहीं संभाला था, तब अनाथालय में आई थीं। अनाथालय ही अब उनका घर बन गया है। और कहीं न रहने का ठिकाना है न सुरक्षा का भरोसा। इसके बावजूद प्रबंध कमेटी के लोग भूमाफिया की साठगांठ से उन्हें बाहर निकालकर 140 साल पुराने अनाथालय की जमीन खुर्दबुर्द रचने की साजिश रच रहे हैं।

अनाथालय में रह रही मंजू पाल, शीलू और मोहिनी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उनका आश्रय न छिनने देने की फरियाद की है। उन्होंने कहा है कि होश संभालने के बाद से उन्होंने अनाथालय में निराश्रित बच्चों का पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई होते देखी है, लेकिन 2023 की शुरुआत से एकाएक सबकुछ बदल गया। ओमकार आर्य के अनाथालय का प्रधान बनने के बाद प्रबंध कमेटी ने भूमाफिया से साठगांठ कर अनाथालय की संपत्ति को खुर्दबुर्द करने का षडयंत्र रचना शुरू कर दिया। तमाम बेसहारा लड़कियों को यह सोचे बगैर अनाथालय से निकाल दिया गया कि वे कहां जाएंगी, कैसे पेट भरेंगी और उनकी सुरक्षा कैसे होगी।

लड़कियों का कहना है कि कूट-कपट और दबाव डालकर उनसे भी एकपक्षीय एग्रीमेंट करा लिया गया। अब 30 जून से अनाथालय खाली करने के लिए जबर्दस्ती की जा रही है। प्रबंध कमेटी लगातार दान ले रही है लेकिन एग्रीमेंट की आड़ में प्रधान और मंत्री ने पूरी तरह निराश्रित होने के बावजूद उनकी सभी सुविधाएं खत्म कर दी हैं। अनाथालय छोड़ने के लिए उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही है। अनाथ लड़कियों ने कहा है कि वे जब तक पूरी तरह अपना भरण-पोषण करने के लिए सक्षम नहीं हो जातीं. तब तक अनाथालय में ही रहना चाहती हैं।

### अनाथालय पहुंची जांच टीम, लड़कियों ने प्रधान और मंत्री पर लगाए दबाव डालकर एग्रीमेंट कराने और जबरन निकालने के आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम के आदेश पर लड़कियों को बाहर निकालकर नियमावली के विरुद्ध आर्य समाज अनाथालय को बंद करने की दोबारा जांच शुरू हो गई है। जांच टीम ने अनाथालय पहुंचकर तीनों लड़कियों से अलग-अलग पूछताछ की तो उन्होंने प्रबंध कमेटी पर जबरन अनाथालय से निकालने की कोशिश के साथ उनके साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए। मंजू, शीलू और मोहिनी ने जांच टीम को बताया है कि प्रधान और मंत्री ने 30 जून तक अनाथालय छोड़ने का एग्रीमेंट दबाव डालकर जबरन कराया है। कई दिनों से लगातार अनाथालय न छोड़ने पर उन्हें अलग-अलग तरह की धमकियां भी दोनों दे रहे हैं। कहा कि वे लोग जब तक अपने भरण-पोषण के लिए आत्मनिर्भर नहीं हो जातीं, तब तक अनाथालय से नहीं जाना चाहतीं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रबंध कमेटी गलत तरह से अनाथालय बंद करने की कोशिश कर रही है।




### कितना क्षेत्रफल... किसके नाम

जांच टीम ने अनाथालय में काफी देर रहकर अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की। टीम ने जांच के दौरान यह भी देखा कि अनाथालय कुल कितने क्षेत्रफल में बना है और किस गाटा नंबर पर किसका नाम दर्ज है।

### प्रधान ने कीं गोलमोल बातें, बयान दर्ज कराने के लिए मांगा समय

बरेली, अमृत विचार : जांच टीम ने अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य से भी कई सवाल किए लेकिन उसने कभी गोलमोल जवाब दिया तो कभी जवाब देने से ही इन्कार कर दिया। उसने इसे भी गलत बताया कि वह अनाथालय बंद करने जा रहा है और इसके लिए लड़कियों को जबरन बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम ने प्रधान से अनाथालय को बंद करने, लड़कियों को नोटिस देने, जबरन एग्रीमेंट कराने और अभद्रता कर अनाथालय से निकलने का दबाव डालने जैसे कई सवाल किए। बताया जा रहा है कि प्रधान ने किसी बात का स्पष्ट जवाब नहीं दिया। मौखिक तौर पर उसने कहा कि अनाथालय बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। लड़कियों को भी जबरदस्ती निकालने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। हालांकि जांच टीम ने लिखित बयान देने को कहा तो उसने इसके लिए समय मांग लिया।

# शपथ के दौरान सदस्य अब नहीं लगा सकेंगे नारे

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नियम में किया संशोधन

लोकसभा के कुछ सदस्यों द्वारा शपथ के दौरान नारेबाजी करने के बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने नियम में संशोधन किया है। जिसके मुताबिक निर्वाचित सांसद सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेते समय कोई भी अतिरिक्त टिप्पणी नहीं कर सकेंगे।

बिरला ने सदन के कामकाज से संबंधित कुछ मामलों को विनियमित करने के लिए 'अध्यक्ष के निर्देशों' में निर्देश-1 में एक नया खंड जोड़ा है, जो नियमों का हिस्सा नहीं था। निर्देश-1 में संशोधन के अनुसार, नया खंड-तीन अब यह कहता है कि एक सदस्य शपथ या प्रतिज्ञान करेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा और शपथ के रूप में उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में किसी भी शब्द का उपयोग या अभिव्यक्ति नहीं करेगा अथवा कोई टिप्पणी नहीं करेगा। यह संशोधन पिछले सप्ताह शपथ लेते समय कई सदस्यों द्वारा जय संविधान और जय हिंदू राष्ट्र जैसे नारे लगाने की पृष्ठभूमि में आया है। एक सदस्य ने जय फलस्तीन का नारा भी लगाया था, जिस पर भी कई सदस्यों ने आपत्ति जताई थी। लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से शपथ लेते समय निर्धारित प्रारूप पर कायम रहने का आग्रह किया था, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आरोप लगाया था कि कई सदस्यों ने शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने के महत्वपूर्ण अवसर का इस्तेमाल राजनीतिक संदेश भेजने के लिए किया।

### कोई भी बचने की उम्मीद नहीं कर सकता : रीजीजू

नई दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण में कथित अशुद्धियों को लेकर भाजपा द्वारा उनके खिलाफ नोटिस दिए जाने के एक दिन बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सदन को गुमराह करने की कोशिश करने वाला कोई भी सदस्य आसानी से बच नहीं पाएगा और नियम अपना काम करेंगे। रीजीजू भाजपा सदस्य बांसुरी स्वराज द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत एक नोटिस का जिक्र कर रहे थे जिसमें लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान गांधी के भाषण में कुछ अशुद्धियों के खिलाफ उनके नोटिस पर संज्ञान लें। रीजीजू ने इस मुद्दे पर सवालों के जवाब में कहा कि जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष तथ्यों और आंकड़ों सहित कई चीजों पर झूठ बोलते रहे, तो अध्यक्ष को एक नोटिस दिया गया और हमने अध्यक्ष से उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। नियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं क्योंकि सदन में कोई भी सदस्य अध्यक्ष से ऊपर नहीं होता है।

## बर्ड फ्लू से मुर्गियों को बचाने के लिए वैज्ञानिक करेंगे शोध

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट सौंपा गया है। जिसका उद्देश्य बर्ड फ्लू से मुर्गियों को सुरक्षित रखना है। इस प्रोजेक्ट के तहत एक करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिसका उपयोग मुर्गियों की जीन स्टडी पर किया जाएगा, ताकि उन्हें बर्ड फ्लू से प्रभावी रूप से बचाया जा सके।

कैरी के निदेशक डॉ अशोक तिवारी के अनुसार इस प्रोजेक्ट के माध्यम से वैज्ञानिक यह समझने का प्रयास करेंगे कि किस प्रकार की जीन संरचना मुर्गियों को बर्ड फ्लू के प्रति प्रतिरोधक क्षमता प्रदान कर सकती है। अध्ययन के सफल होने पर मुर्गियों की नई नस्लें विकसित की जा सकेंगी, जो बर्ड फ्लू से प्रभावित नहीं होंगी, जिससे पोल्ट्री उद्योग को लाभ होगा। इस प्रोजेक्ट से मुर्गियों को बर्ड फ्लू से बचाया जा सकेगा, जिससे उनकी मृत्यु दर में कमी आएगी।

## इसरो अध्यक्ष ने की गगनयान के प्रमुख परीक्षणों की घोषणा

# अंतरिक्ष कार्यक्रम को उड़ान देंगे तीन परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बुधवार को घोषणा की कि इस वर्ष गगनयान मिशन के लिए तीन महत्वपूर्ण परीक्षण किए जाएंगे। ये परीक्षण भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण हैं। सोमनाथ ने अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के उपलक्ष्य में ग्रह रक्षा पर एक कार्यशाला में आगामी प्रयोगों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष हमारे पास तीन महत्वपूर्ण परीक्षण हैं। ये दिसंबर के लिए निर्धारित पहला मानव रहित गगनयान (जी 1) मिशन, टेस्ट व्हीकल (टीवी) टी-2 मिशन है, जो एक निरस्त परिदृश्य का प्रदर्शन करेगा और लॉन्च पैड पर आपातकालीन निरस्तीकरण का अनुकरण करने के लिए पैड निरस्तीकरण परीक्षण होगा। उन्होंने ग्रहों की सुरक्षा में वैश्विक सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 2029 के अपोफिस मिशन जैसे अंतर्राष्ट्रीय मिशनों में योगदान देने की इसरो की इच्छा पर जोर दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत नासा, ईएसए और जेएक्सए जैसी एजेंसियों के नेतृत्व वाले संयुक्त मिशनों को उपकरण या अन्य सहायता प्रदान कर सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी एक देश क्षुद्रग्रहों के खिलाफ व्यापक ग्रह सुरक्षा प्रणाली विकसित नहीं कर सकता है और इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है। सोमनाथ ने अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले देशों के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि इसरो ने ग्रह रक्षा की दिशा में केंद्रित गतिविधियां शुरू की हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी अंतरिक्ष-यात्रा करने वाले देशों को सहयोग करना चाहिए और साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने वैश्विक ग्रह रक्षा प्रयासों में योगदान देने के लिए इसरो की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इसरो द्वारा आयोजित कार्यशाला में छात्रों, इसरो प्रतिनिधियों और शैक्षणिक संस्थानों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि 2016 में संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 30 जून, 1908 की तुंगुस्का घटना की याद में मनाया जाता है जब एक विशाल क्षुद्रग्रह विस्फोट ने रूस के साइबेरिया में लगभग 2,200 वर्ग किलोमीटर के जंगल को तहस-नहस कर दिया था। इस दिन का उद्देश्य क्षुद्रग्रह प्रभाव के खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।


जानकारी देते इसरो प्रमुख एस सोमनाथ।

▸▸ इसरो प्रमुख ने आगामी योजना पर डाला प्रकाश

# प्रतिशोध के लिए की गई आपराधिक कार्यवाही हाई कोर्ट ने की खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ पारिवारिक उत्पीड़न मामले में पीड़िता को दी राहत

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक पारिवारिक उत्पीड़न मामले में एक महिला के खिलाफ जारी समन आदेश और आरोप पत्र को रद करते हुए कहा कि उक्त कार्यवाही एक जवाबी कार्यवाही है जो प्रतिशोध लेने के मकसद से शुरू की गई है।

कोर्ट ने कहा, क्योंकि आरोपी महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ कथित क्रूरता और दहेज की मांग के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी इसलिए यह जवाबी कार्यवाही की गई। कोर्ट ने यह भी देखा कि आरोपी महिला के खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और 506 के तहत मामला नहीं बनता है और आक्षेपित प्राथमिकी लगभग 11 महीने बाद बिना किसी स्पष्टीकरण के दर्ज करवाई गई है। अतः सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कोर्ट ने इसे उपयुक्त मामला माना, जहां अंतर्निहित शक्ति का प्रयोग करते हुए आपराधिक कार्यवाही को रद किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने याची की सास द्वारा थाना शिवराजपुर, कानपुर नगर में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में जारी समन आदेश और आरोप पत्र को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल शुरू में याची ने शिकायतकर्ता, पति और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ आईपीसी तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें दहेज को लेकर उसके साथ क्रूरता करने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद जवाबी कार्यवाही करते हुए याची की सास ने याची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी। हालांकि कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि केवल गाली गलौज, अशिष्टता, असभ्यता या अहंकार को आईपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान के अर्थ में नहीं माना जा सकता है। रिकॉर्ड पर उपलब्ध बयान से यह स्पष्ट नहीं होता है कि याची द्वारा प्रयोग की गई कथित अपमानजनक भाषा शिकायतकर्ता को शांति भंग करने के लिए उकसाने के लिए पर्याप्त थी। अंत में कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए आक्षेपित आदेश और आरोप पत्र को रद कर दिया।

## मायके नहीं जाने दिया तो महिला ने की आत्महत्या

**मिलक (रामपुर), अमृत विचार:** ज्योहरा गांव में पति ने मायके नहीं जाने दिया तो पत्नी ने घर में ही फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।

क्षेत्र के गांव ज्योहरा निवासी विक्रम सिंह का चार वर्ष पहले गांव निवासी शोभा (24) के साथ प्रेम विवाह हुआ था। इसके पश्चात दोनों के परिवारों में अनबन रहने लगी। मंगलवार दोपहर शोभा मायके जाने की जिद कर रही थी। इसको लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। दोपहर बाद विक्रम बाइक ठीक कराने चला गया। घर में अकेली शोभा ने दोनों बच्चों को सुला दिया। वह कमरे में जाकर फंदे पर लटक गई। घर के लोग जब कमरे में पहुंचे तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। उन्होंने शोभा को फंदे से नीचे उतारा, सांस चलती देख परिजनों ने उसे मिलक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार देर रात उपचार के दौरान शोभा ने दम तोड़ दिया।

# हाई कोर्ट में हापुड़ एसपी की बिगड़ी तबीयत

▸▸ छह माह पुराने मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट में हुए थे पेश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान सरकार का पक्ष रखने के लिए हापुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक आईपीएस अभिषेक वर्मा बुधवार को कोर्ट नंबर 5 में उपस्थित हुए। यहां अचानक उन्हें स्पॉन्डिलाइटिस का अटैक आ गया। जिस मामले की सुनवाई के लिए वह कोर्ट आए थे, वह लगभग 6 महीने पुराना पुलिस विभाग से संबंधित मामला है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ के समक्ष हो रही थी। आईपीएस अफसर के खराब स्वास्थ्य को देखकर न्यायमूर्ति ने पहल करते हुए डॉक्टर की व्यवस्था कराई और एसपी अभिषेक वर्मा को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। जानकारी के अनुसार वह काफी समय से स्पॉन्डिलाइटिस की बीमारी से पीड़ित हैं। उन्हें पहले भी दो-तीन बार अटैक आ चुका है। हालांकि इस बार उनकी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी कुछ अधिक थी, इसलिए डॉक्टरों ने तत्काल एमआरआई कराने की सलाह दी थी। आईपीएस अफसर की पहले से बिगड़ी तबियत कोर्टरूम में पहुंचते-पहुंचते गर्मी और उमस के कारण और अधिक बिगड़ गई। हालांकि वर्तमान जानकारी के अनुसार एसपी अब खतरे से बाहर हैं।

### वजूखाने के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 9 को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाना क्षेत्र के एएसआई सर्वेक्षण की मांग लेकर दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन मुस्लिम पक्ष के कोर्ट में उपस्थित न होने के कारण मामले की सुनवाई टाल दी गई। अब इसे 9 जुलाई को सूचीबद्ध किया गया है। मालूम हो कि वजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग को लेकर श्रृंगार गौरी पूजा वाद 2022 (वाराणसी न्यायालय में लंबित) की मुख्य याची राखी सिंह की ओर से हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि न्याय के हित में वजूखाने का सर्वेक्षण आवश्यक है। इससे वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों को लाभ होगा और कोर्ट को 2022 के मुकदमे में न्यायसंगत निर्णय पर पहुंचने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि 2 साल पहले शिवलिंग मिलने के बाद वजूखाने को सील कर दिया गया था। मुस्लिम पक्ष की ओर से इसे फव्वारा बताया गया, लेकिन हिंदू पक्ष ने इसके शिवलिंग होने का दावा किया है।

### अफजाल अंसारी के मामले की सुनवाई आज भी रहेगी जारी

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाई कोर्ट में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी के मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने अंसारी की सजा बढ़ाये जाने को लेकर तर्क प्रस्तुत किया। हालांकि अंसारी के अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया। अब गुरुवार को फिर से मामले पर बहस होगी। मालूम हो कि पिछले साल गाजीपुर एमपी/ एमएलए कोर्ट से गैंगस्टर एक्ट के तहत मिली 4 साल की सजा के आदेश को वर्तमान सपा सांसद अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दूसरी ओर उन्हें मिली सजा को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और बीजेपी के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय के परिवार की ओर से भी अर्जी दी गई है।

## असम में बाढ़ से बिगड़े हालात आठ की मौत

**गुवाहाटी :** असम में बाढ़ से लगातार बिगड़ते हालात के बीच बुधवार को आठ और लोगों की मौत हो गयी जबकि बाढ़ से 27 जिलों के 16.25 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गयी।

मंगलवार तक राज्य के 23 जिलों में 11.50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित थे। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, सोनितपुर जिले के तेजपुर राजस्व क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई जबकि मोरीगांव के मायोंग, डिब्रूगढ़ के नहरकटिया, दरांग के पब मंगलाडी, गोलाघाट के देरगांव, बिश्वनाथ के हलेम और तिनसुकिया के मार्गेरिटा में एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हुई। इसके साथ ही इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 56 हो गई है।

## उत्तराखंड

# कुमाऊं में भारी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

संवाददाता, हल्द्वानी

- टनकपुर-तवाघाट हाईवे पर भूस्खलन, दर्जनों सड़कें अवरुद्ध
- लालकुआं में रेलवे ट्रैक डूबा, घंटों तक बाधित रहा रेल यातायात


लालकुआं में पानी में डूबा रेलवे ट्रैक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाऊं में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बरसाती नाले, नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। टनकपुर-तवाघाट हाईवे भूस्खलन की वजह से कई घंटे बंद रहा। समूचे मंडल में छोटी-बड़ी दर्जनों सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। लालकुआं में रेलवे ट्रैक पानी में डूब जाने से रेल यातायात बाधित रहा।

मंगलवार रात समूचे कुमाऊं में बारिश होती रही। बुधवार दोपहर में कुछ स्थानों पर बारिश थमी, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश जारी थी। लगातार बारिश की वजह से बरसाती नाले, नदियों में जलस्तर बढ़ गया है। गौला, नंधौर, कोसी नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। लगातार बारिश की वजह से निचले हिस्से की बस्तियों में पानी भर जाने से लोगों को खासी दिक्कतें हुई। लालकुआं में काशीपुर-लालकुआं रेलवे ट्रैक व स्टेशन पानी में डूब गए। जिससे कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

बारिश की वजह से भूस्खलन की वजह से समूचे कुमाऊं में यातायात बाधित हुआ। नैनीताल जिले में काठगोदाम सिमलिया बैंड साननी राजमार्ग भूस्खलन की वजह से बंद है, जबकि 13 अन्य ग्रामीण मार्ग भी अवरुद्ध हैं। अल्मोड़ा जिले में छह सड़कें भूस्खलन की वजह से बंद हो गई। बागेश्वर जिले में 24 और चंपावत में 10 सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई है। पिथौरागढ़ जिले में धारचूला गुंजी मोटर मार्ग तवाघाट, एलागाड़ और मालघट पर बंद है। थल नाचनी मोटर मार्ग हरड़िया पर बंद है। जबकि बलुवाकोट धारचूला मोटर मार्ग निगालपानी पर बंद है।

टनकपुर-तवाघाट हाईवे पर बोल्डर व मलबा आ जाने से कई घंटे तक यातायात बाधित रहा। इस हाईवे पर बुधवार सुबह 8.30 बजे धारचूला से 16 किलोमीटर दूर राउती पुल के पास भूस्खलन हो गया। विशालकाय चट्टान काली नदी में समा गई।

# मलबा आने से स्टेट हाईवे समेत छह सड़कें बंद

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जुलाई शुरुआती दिनों में मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। बीते मंगलवार देर रात से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते मलबा आने से जिले के आधा दर्जन मार्गों में यातायात ठप पड़ गया। जिस कारण लोगों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि बंद मार्गों को खोलने के लिए प्रशासन की ओर से जेसीबी तैनाती कर दी गई।

बुधवार को भी दिन भर बादलों के जमवाड़े के बीच झमाझम बारिश हुई। भारी बारिश के बीच जिले में एक स्टेट हाइवे और पांच ग्रामीण सड़कें बंद हो गई हैं, जिन्हें खुलवाने के लिए जेसीबी भेजी गई हैं। स्टेट हाइवे 57 काफलीखान भनोली मलबा आने से बंद हो गया है। वहीं अल्मोड़ा सहित सल्ट और लमगड़ा क्षेत्र की कुल पांच ग्रामीण सड़कें भी मलबा आने से अवरुद्ध हो गई हैं। इन ग्रामीण सड़कों में सल्ट की चमकाना-अधथात और पेसिया-मल्ला गड़कोट सहित अल्मोड़ा की सदर-सकनाणा, दशोल मेल्टा व लमगड़ा की जैंती-नाया-संग्रोली सड़कों में भारी मलबा आने से वो बंद रही।



# चलते ट्रक में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, टनकपुर

- दो आरोपियों को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा, तीसरा फरार
- बहला-फुसला कर घर से अगवा किया गया था किशोरी को

अमृत विचार : चंपावत जिले में नाबालिग के साथ ट्रक में सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जबकि तीसरा आरोपी फरार होने में सफल रहा। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है।

पीड़िता के भाई की ओर से इस मामले में चंपावत कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वादी के अनुसार मंगलवार को संजय भट्ट पुत्र मनोहर दत्त भट्ट निवासी ग्राम अमोड़ी, रविन्द्र उर्फ रविश पुत्र शंकर दत्त भट्ट निवासी कोट अमोड़ी तथा योगेश थ्वाल पुत्र मोहन चन्द्र थ्वाल निवासी ग्राम कोट अमोड़ी उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन को घर से बुलाकर जबरन अपने ट्रक (कैंटर) (यूके 05 सीए 1541) में बैठाकर ले गए। घटना को देख अमोड़ी के ग्रामीण शोर मचाते हुए ट्रक के पीछे दौड़े तो योगेश थ्वाल ट्रक से कूदकर भाग गया। जबकि संजय भट्ट और रविन्द्र उर्फ रविश उसकी बहन को लेकर ट्रक समेत चंपावत की ओर भाग गए। बाद उन्होंने उसकी बहन को धौन गधेरे के पास उतार दिया और चंपत हो गए।

उधर, पीछा कर रहे ग्रामीणों ने आर्मी कैंट के पास बमुश्किल ट्रक को रोक लिया। ट्रक रुकते ही रविन्द्र उर्फ रविश कूदकर भाग गया जबकि संजय भट्ट को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में ग्रामीणों ने रविन्द्र उर्फ रविश को भी पकड़ लिया। फिर उन्होंने दोनों को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 137 (2) 127 (2), 142 के तहत गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच उपनिरीक्षक राधिका भण्डारी को सौंपी गई। तत्पश्चात उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर धारा 180 बीएनएसएस के तहत पीड़िता के बयान दर्ज किए। बयान के मुताबिक आरोपी संजय भट्ट तथा रविन्द्र उर्फ रविश ने ट्रक में पीड़िता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया तथा तीसरे आरोपी योगेश थ्वाल ने उसके साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 701(2),74 बीएनएस तथा 5/6,7/8 पोक्सो अधिनियम को भी जोड़ दिया गया। इधर, पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई है।

### चिकित्सक बोले- शिनाख्त के बाद अधिकांश शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले गए परिजन

# पोस्टमार्टम में खुलासा दम घुटने से मौतें



‹‹ अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करतीं महिलाएं। ● एजेंसी

संवाददाता, एटा /हाथरस

**अमृत विचार:** हाथरस में आयोजित भोले बाबा के सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में हुई मौतों का कारण स्पष्ट हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश लोगों की मौत दम घुटने से हुई हैं।

एटा के जिला अस्पताल में भगदड़ में मारे गए लोगों के शवों को लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा कि लोगों की मौत का प्रमुख कारण दबाव से दम घुटना था। अस्पताल ने एक दिन में सामान्य संख्या से चार गुना अधिक पोस्टमार्टम किए। मंगलवार को भगदड़ के बाद जिला अस्पताल में 27 शव लाए गए। कुल मृतकों की संख्या 121 बताई जा रही है। शवों को एटा और अलीगढ़ सहित आसपास के इलाकों के अस्पतालों में ले जाया गया।एटा के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मोहन तिवारी ने बताया कि यहां लाए गए शवों का पोस्टमार्टम हुआ। कुछ शवों की पहचान हो गई, जबकि कुछ की बाकी है। लगभग सभी की मौत का कारण दबाव से दम घुटना पाया गया है।

उन्होंने कहा कि मरने वालों में अधिकतर 40 से 50 आयु वर्ग की महिलाएं थीं। अस्पताल की स्थिति पर वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि वह जिले में औसतन प्रतिदिन चार से पांच पोस्टमार्टम देखते हैं। मंगलवार को शवों की संख्या औसत से काफी अधिक थी, जिससे अस्पताल कर्मचारियों और अधिकारियों को नियमित समय से अधिक काम करना पड़ा। उपचाराधीन पीड़ितों के बारे में उन्होंने कहा कि यहां चार मरीज लाए गए थे, जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दो अन्य खतरे से बाहर हैं और एक गर्भवती महिला का उपचार चल रहा है, लेकिन उसकी हालत स्थिर है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि एटा सरकारी अस्पताल में लाए गए 27 शवों में से 21 की आधी रात तक पहचान हो गई थी। मरने वालों में ज़्यादातर महिलाएं थीं। शव एक-दूसरे के ऊपर रखे गए।



अपने स्वजनों की मौत पर विलाप करता व्यक्ति। ● एजेंसी

### सैंडल उठाने के चक्कर में मौत के आगोश में समा गई प्रियंका

**गंजडुंडवारा।** मंगलवार को गांव बहोट की प्रियंका अपने माता पिता के साथ पहली बार सत्संग जाने को निकली थी, लेकिन उसे क्या पता था की पहली बार का सत्संग ही उसके लिए काल का कारण बन जाएगा। वह भीड़ के पैरों तले दबी रही। रोती, चीखती, चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने भी उसकी चीख नहीं सुनी। प्रियंका के पिता रामसेवक ने बताया कि सत्संग में पुरुष और महिलाओं के अलग अलग बैठने की व्यवस्था के कारण परिजनों के अलग थे। सत्संग समापन पर रेलवे स्टेशन पर आकर परिजन प्रियंका का इंतजार कर रहे थे कि अचानक सत्संग में भगदड़ की सूचना मिली। सत्संग स्थल पर पहुंचे पर पता चला बेटी प्रियंका हादसे का शिकार हो गई और उसको एटा चिकित्सालय भेज दिया है। वहां पहुंचने पर पता चला की बेटी काल के गाल में समा गई। प्रियंका के साथ गई गांव की बबिता ने बताया कि एक बार प्रियंका गिर गई तो लोगों ने बचा लिया, हम लोग आगे बढ़ रहे थे कि अचानक से उसकी पैर का सैंडल गीली मिट्टी में फंस गया। उसे उठाने के लिए जैसे ही झुकी कि पीछे से आ रही भीड़ उपर से निकल गई। हम लोग भी बिछड़ गए। थोड़ी देर बाद जानकारी हुई कि प्रियंका भी हादसे का शिकार हो गई। शाम को गांव में शव पहुंचा था। एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह और सीओ वीके राना पहुंच गए। उन्होंने हर संभव भरोसा दिलाया।

## भोले बाबा खुद को बताता है भगवान मैनपुरी में है सबसे बड़ा आश्रम

**कासगंज।** स्वयं को भगवान के बराबर बताने वाला विवादास्पद उपदेशक भोले बाबा के अनुयायियों की संख्या लाखों में है और हाथरस में हुई घटना को लेकर आसपास के क्षेत्रों में मातम का माहौल है। भोले बाबा का सबसे बड़ा आश्रम उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में है। बाबा ने अपना नाम नारायण हरि और साकार विश्व हरि भोले बाबा रखा है। घटना के लिए दर्ज प्राथमिकी में आरोपियों की सूची में उसका नाम नहीं है, हालांकि शिकायत में उसका नाम है। भोले बाबा ने दो दशक पहले पुलिस की नौकरी छोड़ी थी। उसके कई आश्रम हैं। इनमें सबसे बड़ा आश्रम मैनपुरी का है जिसके बाहर बुधवार को पुलिस ने घेरा डाल दिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि बाबा आश्रम में है या नहीं। अपने उपदेशों वाले वीडियो में वह खुद को भगवान का अवतार बताता है। इसमें वह यह कहत हुआ दिखाई देता है कि मैं मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों और गिरजाघरों में जाता हूं। मुझे जहां बुलाया जाता है, मैं पहुंच जाता हूं और अगर मुझे नहीं बुलाया जाता तो मैं नहीं जाता।

### बाबा ने असामाजिक तत्वों को ठहराया जिम्मेदार

भोले बाबा ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में हाथरस में मंगलवार को हुई भगदड़ की घटना में 121 लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया और दावा किया कि उसके सत्संग छोड़ने के बाद हुई भगदड़ के पीछे असामाजिक तत्व जिम्मेदार है। उसने आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उच्चतम न्यायालय के एक वकील को नामित किया। आगरा में उसके दो आगामी समागम अब अधिकारियों ने रद कर दिए गए हैं।

### आगरा पुलिस ने भोले बाबा के दो सत्संग रद किए

**आगरा।** हाथरस में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत के बाद जिला पुलिस ने बुधवार को भोले बाबा का दो सत्संग रद कर दिया है। इनमें से एक 4 से 11 जुलाई तक सैयां में तथा दूसरा 13 से 23 जुलाई तक शास्त्रीपुरम में होने वाला था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) सोनम कुमार ने कहा कि सैयां के सत्संग की अनुमति रद कर दी गई है। आगरा शहर के सिकंदरा स्थित शास्त्रीपुरम में भी होने वाले कार्यक्रम को भी रद कर दिया गया है।



मैनपुरी जिले के बिछवा में उपदेशक भोले बाबा के आश्रम राम कुटीर चैरिटेबल ट्रस्ट के बाहर खड़ी पुलिस की गाड़ी।

**अंधभक्ति की पराकाष्ठा...**



नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा उर्फ सूरज पाल सिंह के प्रति उसके अनुयायियों की अंधश्रद्धा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाथरस में बड़ी घटना होने के बावजूद वे उसके आगरा स्थित आवास के बाहर सिर झुका रहे हैं। उसके अनुयायियों में शामिल ज्यादातर महिला उसकी सलामती की कामना कर रही हैं। ● एजेंसी

### हाईकोर्ट में याचिका दायर, सीबीआई जांच की मांग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पत्र के जरिए जनहित याचिका बुधवार को दायर कर हाथरस में भगदड़ की घटना की सीबीआई से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता गौरव द्विवेदी ने मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को संबोधित अपनी याचिका में लिखा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि हाथरस में सत्संग के बाद मची भगदड़ में सौ से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है और अनेक लोग घायल हुए हैं। इसके लिए जिले के अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका, विशेषज्ञ समिति करे जांच

**नई दिल्ली।** हाथरस में मची भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर की गई। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में इस घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लापरवाही बरतने के लिए अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है। याचिका में सभी राज्य सरकारों को भी यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए प्रखंड/तहसील से लेकर जिला स्तर तक राज्य में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की जानकारी दें। साथ ही धार्मिक या ऐसे अन्य आयोजन के दौरान भगदड़ या अन्य घटनाओं को रोकने को दिशानिर्देश जारी करें, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र होते हैं।

### हादसों को रोकने की बनाएं योजना : प्रियंका गांधी वाड्रा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाथरस में भगदड़ की घटना में लोगों के मारे जाने पर बुधवार को दुख जताया और सवाल किया कि इस दुखद घटना का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने यह भी कहा कि लीपापोती करने की बजाय सरकार का दायित्व होता है कि कार्रवाई करे और ऐसे हादसों को रोकने की योजना तैयार करे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अनुमति से तीन गुना ज्यादा भीड़, मौके पर प्रशासन नहीं, भीड़ मैनेजमेंट का इंतजाम नहीं, भीषण गर्मी से बचने का कोई उपाय नहीं, कोई मेडिकल टीम नहीं, घटना के बाद एंबुलेंस नहीं, मदद के लिए फोर्स नहीं, अस्पताल में डॉक्टर और सुविधाएं नहीं... लापरवाहियों की इतनी लंबी लिस्ट लेकिन किसी की कोई जवाबदेही नहीं।

**दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं**



लगातार हो रही बारिश के बीच मुख्यमंत्री सिकंदराराऊ घटनास्थल के निरीक्षण से लेकर मृतकों और घायलों के परिजनों से जानकारी लेने तक पैदल ही दौड़ते रहे और उन्हें बारिश से बचने के लिए सुरक्षाकर्मी छाता लेकर लगे रहे। उन्होंने पहले पुलिस लाइन पहुंचकर अधिकारियों से बात की, बोले- दोषी कोई भी हो बचेगा नहीं, फिर मृतकों का विवरण और घायलों की स्थिति जानी और अस्पताल पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। ● एजेंसी

### सिकंदराराऊ में रेलवे ने किए व्यापक इंतजाम, ट्रेनों का होगा विशेष ठहराव

**कासगंज, अमृत विचार:** हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में सत्संग के बाद हुए हादसे के बाद रेलवे ने भी अलर्ट जारी किया है। कासगंज से चिकित्सकों का दल निगरानी में लगा है। कासगंज रेलवे जंक्शन पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। सिकंदराराऊ स्टेशन पर सुपरफास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनों का विशेष ठहराव सुनिश्चित किया है। भीड़ के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे ने ये निर्णय लिया है।

कासगंज-मथुरा रेल खंड पर सिकंदराराऊ स्टेशन पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। इस खंड पर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। नियमित के साथ ही विशेष ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव भी हो रहा है। यहां पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने के साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती हुई है। यात्रियों की सुविधा पानी तथा खान-पान की व्यवस्था की गई है।

> सिकंदराराऊ में हुए हादसे के बाद अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेन चलाने एवं विशेष ट्रेनों का ठहराव करने का निर्णय लिया है। उसके तहत समय सारणी जारी कर दी गई है। **-पंकज कुमार सिंह,** जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

### डीएम को दी रिपोर्ट में एसडीएम ने बताया पूरा वाकया, चरणरज के लिए बाबा के पीछे दौड़ी भीड़, फिर हुआ हादसा

## पंडाल में 2 लाख से अधिक थे लोग : एसडीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हाथरस

**अमृत विचार :** हाथरस कांड के दूसरे दिन एसडीएम सिकंदराराऊ रावेंद्र कुमार ने प्राथमिक रिपोर्ट जिलाधिकारी हाथरस आशीष कुमार को सौंपी है। एसडीएम ने मृतकों और घायलों का विवरण भी अपनी रिपोर्ट में डीएम को सौंप दिया है।

एसडीएम ने रिपोर्ट में कहा कि एटा रोड पर स्थित मुगलगढी के ग्राम फुलरई में नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोग पांडाल में मौजूद थे। सत्संग 12:30 बजे शुरू हुआ और 1:40 बजे समाप्त हुआ। इसके बाद भोले बाबा पांडाल से बाहर निकला। चरण रज लेने के लिए भीड़ उसके वाहन की तरफ दौड़ पड़ी। जीटी रोड और डिवाइडर की तरफ भी लोग खड़े थे जो डिवाइडर पार कर वाहन की तरफ भागे। इस पर बाबा के निजी सुरक्षाकर्मियों और सेवादारों ने भीड़ को वाहन के पास जाने से रोकने के लिए धक्का मुक्की की। इससे कई महिलाएं गिर पड़ीं और भीड़ उन पर से गुजर गई। भीड़ और गर्मी के बीच सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो कुछ लोग खेतों की तरफ भागे मगर ढलान के कारण वह गिरते चले गए, जिससे उन्होंने एक-दूसरे को कुचल दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस प्रशासन ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सिकों ने 89 को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायलों का इलाज हाथरस के अलावा अलीगढ़, आगरा और एटा के अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस ने भी हादसे के लिए सेवादारों और आयोजकों को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### घटना के लिए कहीं न कही सेवादार जिम्मेदार

**हाथरस।** एसडीएम ने दी हुई अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि बाबा के ब्लैक कमांडो और सेवादार इस घटना के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। उन्होंने भीड़ के साथ धक्का मुक्ति की। सिकंदरराऊ एसडीएम ने रिपोर्ट में लिखा कि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद महिला, पुरुष, बच्चे चरणरज के लिए बाबा के वाहन की बढ़े तो निजी सुरक्षा कर्मी (जिन्हें ब्लैक कमांडो कहते हैं) और सेवादारों ने उनको रोकने के लिए भीड़ से धक्का मुक्की की, जिससे कुछ लोग नीचे गिर गए और अफरा तफरी मच गई।



हादसे के बाद घटना स्थल पर बिखरी पड़ी अनुयायियों की चप्पलें। ● एजेंसी

## बाबा करता है दूध से स्नान, फिर उसे बनाता है प्रसाद

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भोले बाबा को उसके अनुयायी भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं। अगर सेवादारों की मानें तो भोले बाबा दूध से स्नान करता है। स्नान के बाद वह दूध प्रसाद के रूप में अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। उनके साथ रहने वाली महिला सेवादार उसके चमत्कार का प्रसार कर लोगों को उसका अनुयायी बनने के लिए प्रेरित करती है।

भोले बाबा के नाम से विख्यात सूरजपाल जिले की तहसील पटियाली के गांव बहादुरनगर का निवासी है। बाबा बनने के बाद वह अपने अनुयायियों के बीच अध्यात्मक गुरु ही नहीं बल्कि विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाने लगा है। शहर में उसका कई बार समागम हुआ। सत्संग के दौरान एक बार हुए साक्षात्कार के लिए उसके अनुयायियों ने एकांत में मुलाकात कराई। मुलाकात के दौरान महिला सेवादार ने बाबा के महिमा का गुणगान किया। उसने बताया कि बाबा दूध से स्नान करता है और प्रसाद के रूप में यह दूध अनुयायियों के बीच बांट दिया जाता है। महिला सेवादार ने बाबा की अंगुली की ओर देखने को कहा। आंखें बंद कर एक साथ खोलने की बात कही, लेकिन अंगुली पर कोई चमत्कार दिखाई नहीं दिया। इसी तरह महिला सेवादार ने बाबा के मात्थे पर मध्य में निहारने को कहा। बाबा के माथे पर मणि जैसी चमक दिखाई देगी, लेकिन ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। जब सेवादार के दावे का प्रतिरोध किया तो वह चली गई। बाबा ने संदेश दिया कि मानव धर्म सत्य था, सत्य है और सत्य रहेगा। इसके बाद बाबा भी कक्ष से उठकर चला गया।



- **महिला सेवादार करती हैं बाबा के चमत्कार का प्रसार**
- **हाथों में चक्र तो कभी माथे पर दिखाई देती है मणि सी चमक**

### नौकरी के दौरान दीवारों पर सिर पटकने लगा था सूरजपाल: सोनकली

**कासगंजअ।** सूरजपाल सिंह उर्फ भोले की बहन सोनकली के अनुसार उनका भाई पुलिस में नौकरी करता था, लेकिन नौकरी के दौरान ही वह पागलों जैसी हरकत करने लगा। उस पर कोई ऊपरी शक्ति दिखाने लगी और वह दीवारों पर सिर पटकने लगा था। गांव में जब अमृत विचार की टीम पहुंची तो सोनकली घर पर थीं। उन्होंने पूरा वाक्या सुनाया। कहा कि सूरजपाल उनसे छोटा है, लेकिन उन्हें न अपनी उम्र के बारे में पता है और न ही यह पता है कि सूरजपाल कितनी उम्र का है। बहन ने कहा कि वह नौकरी के दौरान पागलों जैसी हरकत करने लगा। उसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी और दैवीय शक्ति पाने में जुट गया। धीमे-धीमे वह ईश्वर की आराधना करने लगा और भोले बाबा बनने का लक्ष्य तय किया। वह पढ़ी लिखी तो नहीं हैं, लेकिन इतना पता है कि उन्होंने अपनी आंखों से अपने भाई के चमत्कार देखे हैं। उनकी उंगली पर चक्र घूमता देखा है। ऐसा अपनी आंखों से देखकर अचंभित रह गईं। जब उनके पास कोई न कोई शक्ति है तभी तो लोग उनकी पूजा करते हैं और मन्नत मांगते हैं। यदि कोई शक्ति नहीं होती तो लोग क्यों पूजते। हाथरस वाली घटना को लेकर बहन ने कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं यह सब कैसे हुआ है। उनका भाई काफी समय से गांव बहादुर नगर नहीं आया है।



- **पागलों की तरह करता था हरकत, बाद में आ गई थी शक्ति**
- **भोले बाबा के नाम से देश भर में बनाई पहचान**

### 1997 में यौन शोषण में जेल गया था बाबा

बाबा साकार विश्व हरि का जन्म कासगंज के बहादुर नगर में हुआ। वह पुलिस में भर्ती हुआ। बाबा ने इंटेलीजेंट टीम में सेवाएं दी। बाबा के खिलाफ 1997 में यौन शोषण का मुकदमा दर्ज हुआ है। वह जेल भी गया था। बाद में वह साकार विश्व हरि बाबा बनकर सत्संग करने लगा।

### 23 मई 2023 से नहीं आए हैं पैतृक गांव बाबा

गांव में बाबा का नाम सूरजपाल है। उनकी पत्नी का नाम कटोरी देवी है। सूरजपाल तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। इनसे छोटे भाई रामप्रसाद की मृत्यु हो चुकी है। तीसरे नंबर के भाई का नाम राकेश है। ये गांव में खेती करते हैं। सूरजपाल से बने साकार विश्व हरि बाबा अपने पैतृक गांव में बने आश्रम पर आखिरी बार 23 मई 2023 को आए थे हालांकि उनके आश्रम पर हर मंगलवार को लोगों की भीड़ लगती है।

### बाबा की गैर हाजिरी में जहां लगती थी भीड़, वहां सन्नाटा

भोले बाबा का मुख्य आश्रम उनके पैतृक गांव पटियाली के गांव बहादुर नगर में है। वहां हमेशा भीड़ रहती है। बाबा आश्रम पर हों तब भीड़ ज्यादा होती है। भोले बाबा की बहन का कहना है कि प्रतिदिन लोग यहां से धूल और पानी ले जाते हैं, जिससे उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, आश्रम में सदैव रौनक रहती थी। हाथरस की घटना के बाद अब वहां सन्नाटा है।



आश्रम के बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### इटावा में दर्ज हुआ था यौन शोषण का केस

भोले बाबा उर्फ सूरज पाल जिन दिनों एलआईयू में इटावा में तैनात था। उस दौरान उसके ऊपर यौन शोषण की एफआईआर दर्ज हुई थी। ये बात करीब 1997 के आस पास की है। जब यौन शोषण के इल्जाम की वजह से सूरज पाल उर्फ एसपी सिंह को जेल तक जाना पड़ा था। सिर्फ इतना ही नहीं, बाबा भोले के खिलाफ अब तक पांच मुकदमें दर्ज हो चुके हैं जिनमें से एक -एक केस आगरा, इटावा, कासगंज, फर्रूखाबाद और राजस्थान के दौसा में दर्ज हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि पुलिस में होने के बावजूद जेल जाने के बाद ही एसपी सिंह उर्फ सूरज पाल सिंह जाटव का पुलिस महकमें की नौकरी से मोह भंग हो गया था और उसके बाद वीआरएस ले ली थी। अचानक 1998 में स्वैच्छिक सेवानिवृति यानी वीआरएस लेने के बाद एक रोज बाबा ने ऐलान कर दिया कि परमात्मा के साथ उनका साक्षात्कार हो गया और देखते ही देखते वो बाबा बन गए।

### बेटी का शव जिंदा करने का रचा था नाटक

आगरा के जिस मकान की चौखट पर लोग मत्था टेकना अपना सौभाग्य समझ रहे हैं उसी मकान में सूरज पाल सिंह ने बहुत पहले कानून को ठेंगा दिखाने की जुर्रत की थी। 29 साल पहले सूरज पाल सिंह को पुलिस ने इसलिए गिरफ्तार किया था गोद ली हुई बेटी के शव को दो दिन तक रखे रहे थे। जिंदा करने के जतन करने की अफवाह पर पहुंची पुलिस से बाबा ने कहा था कि ये मैं नहीं, मेरे अनुयायी कह रहे हैं। हालांकि, बेटी जिंदा नहीं हुई थी। दो दिन तक शव को घर में यह कहते हुए रखा रहा कि उसे जिंदा किया जा रहा है। इस पर उत्सुकतावश भीड़ जमा हो गई। पुलिस से भोले बाबा ने कहा था कि बेटी को जिंदा कर दूंगा, मेरा ऐसा कहना नहीं है, ये तो लोग मान रहे हैं। यहीं से भोले बाबा चर्चा में आ गए थे। हालांकि, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मल्ल का चबूतरा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार करा दिया था।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 79,986.80 | 24,286.50 |
| बढ़त | 545.35 | 162.65 |
| प्रतिशत में | 0.69 | 0.67 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1090 बोल्ड 1140 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000
**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500
**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000
**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# भारत में गरीबी घटकर 8.5 प्रतिशत पर आई

## आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर की ओर जारी शोधपत्र में कही गई बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आर्थिक शोध संस्थान एनसीईआर के एक शोधपत्र में कहा गया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च (एनसीईआर) के एक शोधपत्र में भारत मानव विकास सर्वेक्षण (आईएचडीएस) की हाल ही में पूरी हुई तीसरी शृंखला के आंकड़ों के साथ पहली और दूसरी शृंखला के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया गया है। यह शोधपत्र बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार पर केंद्रित है। शोधपत्र कहता है कि 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई और यह 38.6 प्रतिशत से घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई। महामारी से पैदा हुई चुनौतियों के बावजूद इसमें गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। शोधपत्र के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि और गरीबी की स्थिति में कमी से एक गतिशील परिवेश पैदा होता है जिसके लिए कारगर सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की जरूरत होती है। सामाजिक बदलाव की रफ्तार के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को बनाए रखना भारत के लिए एक प्रमुख चुनौती होगी। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने कुछ महीने पहले कहा था कि नवीनतम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि देश में गरीबी घटकर पांच प्रतिशत रह गई है और ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों के पास पैसे आ रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने फरवरी में वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू उपभोग व्यय के आंकड़े जारी करते हुए कहा था कि 2011-12 की तुलना में 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू व्यय दोगुने से भी अधिक हो गया है।


### भारत पर फिलहाल स्थिरता की समस्या नहीं: पूनम



एनसीईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि भारत का सार्वजनिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 82 प्रतिशत के बराबर है, लेकिन उच्च वृद्धि दर तथा भारतीय मुद्रा में ऋण अधिक होने से देश को ऋण स्थिरता की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। एनसीईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि भारत का उच्च ऋण स्तर फिलहाल सतत है, क्योंकि वास्तविक या नाममात्र जीडीपी अधिक है और अधिकतर कर्ज रुपये में है। गुप्ता ने कहा कि कुल ऋण में से एक तिहाई राज्यों के पास है। सामान्य स्थिति में, अगले पांच वर्षों में उनके ऋण स्तर में और वृद्धि ही होगी। उन्होंने कहा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में ऋण-जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

## सोशल मीडिया मंच 'कू' होगा बंद, संस्थापकों ने अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच एक्स को एक समय टक्कर देने वाला घरेलू सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने 'कड़े फैसलों' के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा और इसे अलविदा कहा। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में मंच के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने घोषणा की कि मंच जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा। कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों और मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के लिए बातचीत से वांछित परिणाम नहीं निकले। उन्होंने लिखा है, हमने कई मीडिया घरानों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशी, लेकिन इन वार्ताओं से वह परिणाम नहीं निकला जो हम चाहते थे।




# अभी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत है, आगे और संभावना




मलिहाबाद में इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट प्रोडेक्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन व अन्य। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- जर्मन राजदूत ने यूरोपीय देशों में लागत कम करने के लिए जलमार्ग से निर्यात का दिया सुझाव
- सचिव कृषि और किसान कल्याण विभाग के साथ मलिहाबाद में बागवानों को किया प्रोत्साहित

**अमृत विचार:** जर्मनी से मलिहाबादी दशहरी आम के निर्यात की शुरुआत हुई है आगे और यूरोपीय देशों में संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग का खर्च अधिक है, जो कम करने के लिए आम जलमार्ग से प्रोटोकाल के तहत भेजा जाए तो सस्ता पड़ेगा। यह बातें जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन ने बुधवार को मलिहाबाद के आम के बागों का निरीक्षण करते हुए कही।

इंडो-जर्मन सरकार के सहयोग से एग्री कल्चर मार्केटिंग डेवलपमेंट (एएमडी) प्रोडेक्ट की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन, अतिरिक्त सचिव, कृषि और किसान कल्याण विभाग फैज अहमद किदवई के साथ शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले एएमडी के डिप्टी टीम लीडर प्रत्यूष रंजन, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के उपनिदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ला व सहायक निदेशक संजय कुमार के साथ बागों का निरीक्षण किया। एक बाग में मैंगो हारवेस्टर से आम तोड़ा और बागवानों से पैदावार के तरीके, गुणवत्ता, लागत, बिक्री आदि तरीके पूछे। इसके बाद कार्यक्रम में इरादा फार्मर्स प्रड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के 10 बागवान और समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। जिन्होंने पहली बार 14 जून को जर्मनी आम का विश्वस्तरीय ग्लोब गैप सर्टिफिकेट लेकर निर्यात किया था।

इसके बाद डॉ. फिलिप एकरमैन ने अधिकारियों के साथ निर्यात पर चर्चा की। कहा जर्मनी से निर्यात की शुरुआत हुई है। यूरोपीय देशों में आगे और संभावना है। लेकिन, वायुमार्ग से जो आम गया वह 600 रुपये किलो पड़ा। वायुमार्ग में खर्च अधिक है इसे कम करने के लिए जलमार्ग से प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भेजा जाए तो दाम कम होंगे। अधिकारियों ने इस सुझाव पर सहमति जताई। इस दौरान खाद्य और कृषि विभाग की प्रमुख काउंसलर इंगेबोर्ग बेयर और जर्मन दूतावास नई दिल्ली के प्रवक्ता कैस्पर मेयर भी रहे।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,350 |
| चांदी पक्की | 887 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

## जीएसटी परिषद के संशोधनों को वित्त विधेयक में शामिल किया जाएगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि पिछले महीने जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को इस महीने के अंत में बजट के साथ संसद में पेश किए जाने वाले वित्त विधेयक में जगह दी जाएगी। अग्रवाल ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर एनएसीआईएन-भोपाल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में कुछ वस्तुओं और सेवाओं पर दर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।

# संचालन मानकों, जोखिम प्रबंधन को मजबूत बनाएं बैंक

**मुंबई, एजेंसी**

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बैठक में बोले आरबीआई गवर्नर



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को बैंकों से संचालन मानकों, जोखिम प्रबंधन गतिविधियों और अनुपालन संस्कृति को और मजबूत बनाने को कहा। दास ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं चुनिंदा निजी बैंकों के प्रबंध निदेशकों (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठकों में यह बात कही।

आरबीआई के दायरे में आने वाली संस्थाओं के शीर्ष प्रबंधन के साथ निरंतर संपर्क रखने के रिजर्व बैंक की पहल के तहत ये बैठकें आयोजित हुईं। रिजर्व बैंक ने कहा कि गवर्नर ने अपने शुरुआती भाषण में बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता, ऋण प्रावधान, पूंजी पर्याप्तता और लाभप्रदता में निरंतर सुधार का उल्लेख किया। आरबीआई ने कहा, बैंकिंग क्षेत्र में मजबूती को स्वीकार करते हुए दास ने बैंकों में कामकाजी मानदंड, जोखिम प्रबंधन की गतिविधियों और अनुपालन संस्कृति को और भी मजबूत करने की अहमियत पर बल दिया। बैठक में कर्ज एवं जमा वृद्धि के बीच फासला बने रहने, तरलता जोखिम प्रबंधन, संपत्ति एवं देनदारी प्रबंधन (एएलएम) से संबंधित मुद्दों और असुरक्षित खुदरा ऋण में रुझान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। दास ने बैंकों द्वारा मजबूत साइबर सुरक्षा नियंत्रण करने और तीसरे पक्ष के जोखिमों के प्रभावी प्रबंधन की जरूरत पर भी जोर दिया।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### धनशोधन मामले में दो आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार दो व्यक्तियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमनातुल्ला खान भी कथित रूप से शामिल हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने आरोपियों जीशान हैदर और दाऊद नासिर की जमानत की अर्जियां यह कहते हुए खारिज कर दीं कि धनशोधन के तहत जमानत देने पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर, 2023 में इन दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने एक जुलाई को जारी अपने आदेश में कहा कि जैसा कि आरोप है, अमानतुल्ला खान ने बेनामीदारों हैदर और नासिर के नाम पर अचल संपत्तियां उनके असली दाम को छिपाकर खरीदीं तथा उन्होंने क्रयमूल्य की राशि को भी छिपा लिया जो विक्रेता को नकद में भुगतान की गई।

#### लद्दाख में 4.4 तीव्रता का आया भूकंप

**लेह/जम्मू।** लद्दाख में बुधवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण जान-माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 12 बजे मिनट पर आया था।

# आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार मौलिक है

## सुप्रीम कोर्ट ने जमानत अवधि कम करने के उड़ीसा हाईकोर्ट के आदेश की आलोचना की

**नई दिल्ली,एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के उस आदेश को त्रुटिपूर्ण करार दिया है जिसमें स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को दी गई जमानत की अवधि दो महीने के लिए सीमित कर दी गई थी। फैसला सुनाते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आरोपी का त्वरित सुनवाई का अधिकार संविधान के अनुसार उसका मौलिक अधिकार है।

पीठ ने शीर्ष अदालत द्वारा पूर्व में पारित एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यह अब पूरी तरह से स्थापित हो चुका है कि त्वरित सुनवाई के अधिकार को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है तथा यह जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से निकटता से जुड़ा हुआ है। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और उज्ज्वल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में एक जमानत अर्जी दायर की थी तथा अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि याचिकाकर्ता 11 मई 2022 से हिरासत में है और अब तक केवल एक गवाह से जिरह हुई है। पीठ ने कहा-इन परिस्थितियों में, उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना उचित समझा, लेकिन केवल दो महीने की अवधि के लिए।'' शीर्ष अदालत ने एक जुलाई के आदेश में कहा-हमारे विचार से, यह एक त्रुटिपूर्ण आदेश है। यदि उच्च न्यायालय का मानना था कि याचिकाकर्ता के त्वरित सुनवाई के अधिकार का हनन हुआ होगा, तो उच्च न्यायालय को याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देना चाहिए था।

### कुकी समुदाय के एक व्यक्ति को अस्पताल नहीं ले जाने पर उच्चतम न्यायालय ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर की एक जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी को महज अल्पसंख्यक 'कुकी' समुदाय से संबंधित होने के चलते इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जाने के मामले का बुधवार को कड़ा संज्ञान लिया और नाराजगी जताते हुए कहा कि उसे राज्य (सरकार) पर भरोसा नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने लुनखोंगाम हाओकिप की याचिका पर सुनवाई करते हुए मणिपुर सरकार के खिलाफ सख्त टिप्पणियां कीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसे बवासीर और तपेदिक है एवं उसकी पीठ में भयंकर दर्द है, इसके बाद भी जेल अधिकारी उसे अस्पताल नहीं ले गये। पीठ ने कहा-हमें राज्य पर भरोसा नहीं है।... आरोपी को बस इसलिए अस्पताल नहीं ले जाया गया क्योंकि वह कुकी समुदाय से है। बहुत दुखद। हम निर्देश देते हैं कि उसका अभी मेडिकल परीक्षण कराया जाए।

## हेमंत सोरेन को जमानत देने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन को धन शोधन के एक मामले में जमानत देने के उच्च न्यायालय के हालिया आदेश को विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) के जरिए चुनौती देते हुए जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकता है। ईडी न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ द्वारा 28 जून को पारित आदेश को चुनौती दे सकती है। ईडी के मुताबिक, अदालत का यह कहना कि सोरेन दोषी नहीं हैं, गलत है और आरोपी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा दोहरी शर्तों पर खरा नहीं उतरते हैं। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा था कि इस तथ्य को स्वीकार करने का कारण है कि ईडी ने जो आरोप लगाए हैं, सोरेन उस अपराध के दोषी नहीं हैं।

# अग्निवीरों को आर्थिक सहायता को लेकर राजनाथ ने बोला झूठ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राहुल बोले-रक्षामंत्री को मांगनी चाहिए माफी



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'अग्निवीर' की मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सहायता मिलने के बारे में संसद के भीतर झूठ बोला। उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री को संसद, देश और सेना से माफी मांगनी चाहिए।

गांधी ने पंजाब के एक दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के पिता का वीडियो भी जारी किया जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता नहीं मिली, जबकि सरकार ने जान गंवाने वाले अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये की मदद दिए जाने की बात संसद में कही है। कांग्रेस नेता गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, संसद में मैंने अपने भाषण में कहा था कि सत्य की रक्षा हर धर्म का आधार है! लेकिन जवाब में रक्षा मंत्री सिंह ने शहीद अग्निवीर के परिवार को आर्थिक सहायता मिलने के बारे में संसद में झूठ बोला। उन्होंने कहा कि उनके झूठ पर शहीद अग्निवीर अजय सिंह के पिता जी ने खुद सच्चाई बताई है।

**रक्षा मंत्रालय ने कहा-अग्निवीर अजय सिंह के परिजनों को 98 लाख रुपये से अधिक की अनुग्रह राशि मिली:** रक्षा मंत्रालय ने अग्निवीर अजय सिंह की मौत के बाद उनके परिवार को सहायता राशि नहीं मिलने की खबरों का खंडन करते हुए कहा है कि उनके परिवार को अब तक 98 लाख रुपए से अधिक की अनुग्रह राशि मिल चुकी है और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद बाकी बचा पैसा भी दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार देर रात सहायता राशि के संबंध में स्थिति स्पष्ट की।

### पुलिस ने राहुल के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ाई

दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा अशांति फैलाये जाने संबंधी खुफिया सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिसकर्मियों के साथ अर्धसैनिक बलों की एक प्लाटून को भी गांधी के आवास के निकट तैनात किया गया है। भाजपा के खिलाफ गांधी की टिप्पणी को लेकर सोमवार को लोकसभा में हंगामा हुआ था। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्य अशांति फैला सकते हैं।

## गैंगस्टर अबू सलेम ने जेल स्थानांतरण को उच्च न्यायालय में दी चुनौती

**मुंबई।** गैंगस्टर अबू सलेम ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर एक विशेष अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक केंद्रीय कारागार स्थानांतरित करने की योजना के खिलाफ उसकी अर्जी पिछले महीने खारिज कर दी गई थी। सलेम ने अपनी जान को खतरा होने का दावा करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। उसने दावा किया कि तलोजा जेल से दूसरी जेल में भेजने का फैसला उसे जान से मारने की ''साजिश'' है, क्योंकि उसे कुछ महीनों में रिहा किये जाने की संभावना है। सलेम की याचिका बुधवार को न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आने पर, पीठ ने कोई कारण बताये बिना इसकी सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

# केंद्रीय कैबिनेट की समितियों के सदस्यों के नाम का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन किया, जिनमें सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक मामलों से संबंधित देश की सर्वोच्च निर्णायक समितियां शामिल हैं। समितियों में राजग के सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी तरजीह दी गई है।

अधिसूचना के अनुसार, सुरक्षा मामलों से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हैं। आर्थिक मामला संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। इस समिति में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी शामिल हैं। संसदीय मामले से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति में मोदी के अलावा रक्षामंत्री, गृहमंत्री, वित्तमंत्री, पंचायती राजमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा आदि विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- दिल्ली के मुख्यमंत्री की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई

दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि बुधवार को 12 जुलाई तक बढ़ा दी।

केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश हुए। इस बीच, अदालत ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को उनकी स्वास्थ्य जांच के दौरान सहायक के रूप में उपस्थित रहने की अनुमति देने संबंधी आवेदन पर अपना आदेश 6 जुलाई तक सुरक्षित रख लिया। वहीं दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर 5 जुलाई को सुनवाई करेगा। बुधवार को केजरीवाल के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामले का उल्लेख किया, जिस पर अदालत ने कहा कि शुक्रवार को सुनवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान केजरीवाल ने कहा कि उनकी पत्नी ने वर्षों से उनके स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसलिए उन्हें हर सप्ताह उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देना आवश्यक है।

### सिसोदिया, के. कविता की हिरासत 25 तक बढ़ी

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया और बीआरएस की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों को न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश किया गया था। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।

## नीट-यूजी लीक मामला: धनबाद से सह-साजिशकर्ता किया गया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में कथित सह-साजिशकर्ता अमन सिंह को झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को कथित तौर पर प्रश्न पत्र लीक में शामिल झारखंड में सक्रिय मॉड्यूल के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद सिंह को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ने छठी गिरफ्तारी की है।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सिर मुंडवाए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### नीट यूजी विवाद

- जंतर-मंतर पर जताया विरोध, नए कानूनों के तहत मामला दर्ज

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के घटक दलों के छात्र सगठनों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी तथा कुछ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। उधर, कांग्रेस की युवा इकाई भारतीय युवा कांग्रेस ने भी इसी मुद्दे को लेकर अलग से विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने मोदी विरोधी नारे लगाए और विरोध स्वरूप अपने सिर मुंडवाए।

पिछले सप्ताह एनटीए कार्यालय में घुसने और उसके प्रवेश द्वार पर ताला और चेन लगाने के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। बीते एक जुलाई को तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हुए। वाम समर्थित ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सहित समाजवादी छात्र सभा और कांग्रेस की छात्र शाखा भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के सदस्यों ने मार्च निकाला। छात्र समूहों के मार्च का उद्देश्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को खत्म करने, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रवेश परीक्षाओं के विकेन्द्रीकरण की अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाना था।

### इंडिया यूथ फ्रंट 8 को करेगा विरोध प्रदर्शन

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की युवा शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख छात्र समूह इंडिया यूथ फ्रंट ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ 8 जुलाई को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेगा। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि भारतीय युवा मोर्चा मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक की कथित घटनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगा और आगे की रणनीति 8 जुलाई को तय की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे।

# पेरिस डाइमंड मेरे कैलेंडर का हिस्सा नहीं था : चोपड़ा

सारब्रकेन (जर्मनी), एजेंसी

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रविवार को होने वाली पेरिस डाइमंड लीग इस साल कभी उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि चोपड़ा ने जांघ में मामूली चोट के कारण इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है जो पिछले कुछ महीनों से उन्हें परेशान कर रही थी।



इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर कहा कि जब उन्होंने अपना नाम प्रतियोगिता के लिए भेजा ही नहीं तो नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने लिखा सभी को नमस्ते। बस स्पष्ट करने के लिए पेरिस डाइमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी इसलिए मैंने इससे नाम वापस नहीं लिया है। मैं ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। चीजों को समझने और समर्थन के लिए धन्यवाद, और प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। पिछले सप्ताह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने उन्हें राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से छूट दे दी थी जो सभी भारतीय एथलीटों के लिए अनिवार्य प्रतियोगिता थी। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा था हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक एथलीट भारत में अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेगा, लेकिन पेरिस डाइमंड लीग अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से टकरा रही है और हमें लगता है कि ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस डाइमंड लीग उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी इसलिए वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे फेडरेशन कप में भाग लेने की विशेष अनुमति दी गई है। चोपड़ा ने हालांकि पिछले महीने संकेत दिया था कि उनका कार्यक्रम उनके शरीर की स्थिति के अनुसार तय होगा। चोपड़ा ने कहा था चर्चा हुई कि मैं अंतर राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में खेलूंगा और यह हरियाणा के पंचकुला में होगी लेकिन पेरिस ओलंपिक और इसके बीच कम समय है। मैं दोहा में खेल रहा था तो भारत के करीब है। राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप और ओलंपिक के बीच पेरिस डाइमंड लीग (7 जुलाई) है। इसलिए हमने यहां (फेडरेशन कप) हिस्सा लेने का फैसला किया।

### ओलंपिक में पदक जीतने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नीरज : मैके

विजयनगर (कर्नाटक)। इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस) में स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग कोच स्पेंसर मैके का कहना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। वह पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा। मैके ने कहा वह शारीरिक रूप से बेहतर स्थिति में है और पूरी तरह से तैयार है। जब ओलंपिक फाइनल शुरू होगा, तब नीरज देश के लिए एक और पदक जीतने के लिए शानदार स्थिति में होंगे। एक खिलाड़ी के लिए हर समय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की वारंटी नहीं दी जा सकती, विशेषकर नीरज जैसे एथलीट के लिए जो शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, उसकी योजना स्पष्ट है कि खुद को फिट, मजबूत और संतुलित रखना ताकि ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ कर सके।

# सर्विस वैरिएशन की चुनौती से पार पाने के बाद अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद : सात्विक-चिराग

नई दिल्ली, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सर्विस वैरिएशन चुनौती से पार पाने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से शारीरिक और मानसिक अनुकूलन पर फोकस बनाये हुए हैं।

सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (26 वर्ष) की जोड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस में बहुत सारी विविधता जैसे टंबल, स्पिन और वाइड से परेशानी होती रही है जिसमें विशेष रूप से कोरियाई और इंडोनेशियाई जोड़ियां शामिल हैं जिन्होंने हाल के टूर्नामेंट में इनका इस्तेमाल किया। चिराग ने कहा कि



उन्होंने इस नयी चुनौती से पार पा लिया है और पेरिस ओलंपिक के दौरान इससे निपटने के लिए आत्मविश्वास से भरे हैं। चिराग ने कहा जहां तक सर्विस वैरिएशन का संबंध है तो यह नई चुनौती है लेकिन इसे पूरी तरह से महत्वपूर्ण मानना भी सही नहीं होगा। उन्होंने कहा ऐसा भी समय था जब हम इसका सामना करने से जूझते रहे थे लेकिन हमने आखिरकार इससे पार पा लिया है। हम जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है, हम इसका अभ्यास कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि हम ओलंपिक में इसका सामना करने में मजबूत साबित होंगे। दुनिया की मौजूदा तीसरे नंबर की जोड़ी पिछले ओलंपिक में अपने ग्रुप के तीन में से दो मैच जीतने के बावजूद क्वार्टरफाइनल में पहुंचने से चूक गई थी। सात्विक ने कहा तोक्यो ओलंपिक में खेलने का अनुभव पेरिस ओलंपिक की हमारी तैयारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस तरह के ऊंचे स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने से हमें महत्वपूर्ण सीख मिली कि दबाव से कैसे निपटा जाये, फोकस कैसे रखा जाये और खेलने की विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल किस तरह हुआ जाए।

## खेल डायरी

### एशियाई बिलियर्ड्स में आडवाणी की विजयी शुरुआत

**रियाद।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया। एशियाई बिलियर्ड्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।

### प्रज्ञानानंदा ने डीएक बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला अलीरेजा चमके

**बुकारेस्ट।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिक के वेस्लो सो को पराजित किया। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश की लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और ड्रॉ खेलने में कामयाब रहा। इस 350,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के महज तीन दौर बाकी हैं और अमेरिका के फैबियानो कारूआना (4अंक) शीर्ष पर बने हुए हैं।

### अभय-वेलावन को एशियाई युगल स्क्वाश में शीर्ष वरीयता

**जोहोर (मलेशिया)।** अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है। रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

### मलेशिया के पर्वत को फतह करने उतरेंगी लक्ष्मी झा

**नई दिल्ली।** अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो को फतह करने के बाद पर्वतारोही लक्ष्मी झा ने बोर्नियो और मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह करने का लक्ष्य बनाया है। पिछले साल 41 घंटे के सबसे कम समय के साथ माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने का महिला विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली बिहार की लक्ष्मी माउंट किनाबालु को फतह करने के लिए चार जुलाई को मलेशिया रवाना होंगी। माउंट किनाबालु की समुद्र तल से ऊंचाई 4095 मीटर (13,435 फीट) है और यह दक्षिण पूर्व एशिया की 28वीं सबसे ऊंची चोटी है। सत्ताइस साल की लक्ष्मी 2023 में तुर्किये की सबसे ऊंची चोटी अरारत पर चढ़ने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही भी बनीं थीं।

### विनेश को स्पेन दौरे के लिए शेंगेन वीजा मिला

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट को स्पेन का दौरा करने के लिए सरकार की मदद से बुधवार को शेंगेन वीजा मिल गया। फोगाट को स्पेन ग्रां प्री 2024 में भाग लेना है। उन्हें बुधवार की रात रवाना होना है लेकिन आज सुबह तक उन्हें वीजा नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने खेल मंत्री मनसुख मांडविया और विदेश मंत्रालय से मदद मांगी। इसके तीन घंटे बाद फोगाट ने सूचित किया कि उन्हें शेंगेन का वीजा मिल गया है। इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार भी व्यक्त किया। स्पेन में अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद फोगाट पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए फ्रांस में 20 दिन तक अभ्यास करेगी।

# गिल की अगुआई वाली टीम पहुंची हरारे

## जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मैच 6 को, साई सुदर्शन, जितेश और हर्षित को मिली टीम में जगह

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल की अगुआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए)के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए यहां पहुंच गई। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया।

टीम मंगलवार को मुंबई से रवाना हुई थी जबकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के रूप में जुड़े हुए गिल ब्रेक के बाद न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने मंगलवार रात एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम टी-20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं। श्रृंखला के दौरान भारत के लिए पदार्पण करने वाले शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज रियान पराग ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा करने का सपना था। पराग ने कहा भारत की जर्सी पहनने और टीम के साथ यात्रा करने का अनुभव अलग होता है। मैं वाकई बहुत खुश हूं। जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के साथ मेरा एक खास रिश्ता होगा। उन्होंने कहा यह उस मैदान और मेरे लिए एक खास पल होगा, जो बहुत पवित्र होगा। मेरा पासपोर्ट खोने के बाद हम आखिरकार 20 घंटे की यात्रा के बाद यहां पहुंचे हैं। अब मैं इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

एक और नए खिलाड़ी मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है और देश के लिए खेलना बहुत खास बात है। देशपांडे ने कहा टीम के साथ यात्रा करना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें जानना, टीम के माहौल को जानना और मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान होने वाली मौज-मस्ती है।

भारत हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर सिकंदर रजा की कप्तानी वाले जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला मैच 6 जुलाई को खेलेगा। बाकी चार मैच भी इसी मैदान पर खेले जाएंगे। श्रृंखला का समापन 14 जुलाई को होगा। टी-20 विश्व कप टीम में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे को जिम्बाब्वे आने वाली टीम में शामिल होना था लेकिन वे तूफान बेरिल के कारण बारबडोस में फंस गए हैं। साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल तीनों खिलाड़ियों की जगह टीम में शामिल किया गया। सैमसन, जायसवाल और दुबे अन्य सीनियर खिलाड़ियों के साथ गुरुवार सुबह चार्टर विमान से भारत पहुंचेंगे।



### ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे पंड्या, पहले भारतीय बने

दुबई। हार्दिक पंड्या बुधवार को आईसीसी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। हाल में संपन्न टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के बाद भारत के क्रिकेटरों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। टी-20 विश्व कप के फाइनल में 29 जुलाई को अर्धशतक जड़ने वाले हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को आउट करके दक्षिण अफ्रीका पर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंड्या दो स्थान के फायदे से श्रीलंका के स्टार वानिंदु हसरंगा के साथ पुरुष टी-20 ऑलराउंडर की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पंड्या ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 विश्व कप में वापसी करते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया। पंड्या ने निचले क्रम में बल्ले से प्रभावी पारियां खेली और गेंद से भी उम्दा प्रदर्शन किया तथा जब टीम को जरूरत थी तो विकेट चटकाए। उन्होंने टूर्नामेंट में 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए और 11 विकेट भी चटकाए।



टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष 10 में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मोहम्मद नबी चार स्थान के नुकसान से शीर्ष पांच से बाहर हो गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्किया दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद शीर्ष पर हैं।



# भारतीय टीम बारबाडोस से स्वदेश रवाना

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- आज दिल्ली पहुंचेंगे खिलाड़ी, मुंबई में होगा रोड शो, प्रधानमंत्री आवास पर भव्य स्वागत की तैयारी, मोदी करेंगे सम्मानित

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी चार के तूफान के कारण तीन दिन यहां फंसे रहने के बाद अंततः बुधवार को ग्रांटली एडम्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गई। एयर इंडिया के विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी (एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप) ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 04:50 बजे उड़ान भरी और गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग 06:20 बजे पर दिल्ली पहुंचेगा।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विमान के उड़ान भरने से पहले ट्रॉफी के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा घर आ रहे हैं। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ बीसीसीआई के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। एक सूत्र ने बताया, खिलाड़ियों को स्वदेश लाने के लिए बीसीसीआई से करीबी समन्वय स्थापित करके एयर इंडिया ने विशेष विमान भेजा। दिल्ली पहुंचने के कुछ ही घंटों के भीतर खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म करने वाली विजयी टीम के सम्मान में मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने की भी योजना है।



### चैंपियंस ट्रॉफी

### भारत-पाक मैच 1 मार्च को बीसीसीआई की सहमति बाकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल 1 मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। आईसीसी के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा जिसमें 10 मार्च रिजर्व डे होगा। पीसीबी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें 7 मैच लाहौर में, 3 मैच कराची में और 5 मैच रावलपिंडी में रखे गए हैं। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।


# जीत के बावजूद बाहर हुआ कोस्टा रिका

ऑस्टिन (अमेरिका), एजेंसी

कोपा कप

फ्रांसिस्को कैल्वो और जोसिमार अलसोसेर के शुरुआती सात मिनट में दागे गोल से पराग्वे को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

कोस्टा रिका ग्रुप डी में चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोलंबिया और ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला। कोलंबिया सात अंक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि ब्राजील ने पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे अपने शुरुआती दो मैच गंवाकर पहले ही बाहर हो गया था। कोस्टा रिका की टीम 1997, 2011 और 2016 के बाद चौथी बार ग्रुप चरण से बाहर हुई। टीम 2001 और 2004 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।



पराग्वे और कोस्टा रिका के मैच में गेंद के लिए जूझते खिलाड़ी।

### कोलंबिया-ब्राजील ने 1-1 से ड्रॉ खेला, दोनों क्वार्टरफाइनल में

**सेंटा क्लारा (अमेरिका)।** डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया। कोलंबिया की टीम तीन मैच में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक के साथ शीर्ष पर रही। ब्राजील ने एक जीत और दो ड्रॉ से पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।


### यूरो कप 2024

### 16 साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा नीदरलैंड

**म्यूनिख।** नीदरलैंड ने यूरो 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। नीदरलैंड ने शुरुआत में गोल करने के कुछ मौके गंवाए जबकि कप्तान वर्जिल वान डिक का शॉट भी गोल पोस्ट से टकरा गया। टीम ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नीदरलैंड की टीम अब क्वार्टर फाइनल में शनिवार को तुर्की से भिड़ेगी जिसने अंतिम 16 के एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रिया को 2-1 से हराया। वहीं, पहले ही मिनट में गोल और फिर अंतिम लम्हों में शानदार बचाव करते हुए तुर्की ने मंगलवार को ऑस्ट्रिया को प्री क्वार्टर फाइनल में 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के अंतिम आठ में जगह बनाई। मेरिह डेमिरल ने तुर्की की ओर से दोनों गोल दागे जिसमें सिर्फ 57 सेकेंड में किया गोल भी शामिल है। गोलकीपर मर्ट गुनोक ने इसके बाद इंजरी टाइम में शानदार बचाव करते हुए तुर्की की जीत सुनिश्चित की। गुनोक ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में क्रिस्टोफ बोमगार्टनर के हैडर से लगाए शॉट को दाईं ओर गोता लगाते हुए नाकाम किया।

### अर्जेंटीना की ओलंपिक टीम में मेस्सी को जगह नहीं

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।



# गॉफ तीसरे दौर में, अल्कराज आगे बढ़े

लंदन, एजेंसी



जीत के बाद कोको गॉफ।

पुरुष वर्ग में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज़ और महिलाओं में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। गॉफ ने बुधवार को कोर्ट 1 पर रोमानिया की क्वालीफायर एंका टोडोनी को 6-2, 6-1 से शिकस्त दी। 19 वर्षीय टोडोनी अपना ग्रैंडस्लैम पदार्पण कर रही थीं। गॉफ ने कहा यह वही कोर्ट है जहां मैंने अपना पहला विंबलडन शुरू किया था। कोर्ट 1 हमेशा मेरे लिए विशेष रहेगा। वहीं, अल्कराज पहले सेट में एक समय 6-5 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने शानदार वापसी करते हुए एलेक्सेंडर वुकिक को 7-6 (5), 6-2, 6-2 से हराया। अगले दौर में उनका सामना 29वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो से होगा जिन्होंने अमेरिका के बोर्ना कोरिच को 7-6 से हराया।

### नागल पहले दौर में बाहर

विंबलडन। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाउमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गये थे। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलियाई मैथ्यू एब्डेन नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रोबिन हासे की जोड़ी से भिड़ेगी।

### राडुकानु के साथ जोड़ी बनाएंगे मरे

**लंदन।** एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे। वर्ष 2013 और 2016 में यहां एकल खिताब जीतने वाले 37 साल के मरे ने कहा है कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। राडुकानु ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### पुतिन ने उप्र में भगदड़ में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में एक धार्मिक समागम में हुई भगदड़ में लोगों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया। इस हादसे में 122 लोगों की मौत हुई है। भारत में रूसी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा रूस के राष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में हुई दुखद भगदड़ पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शोक संदेश भेजा है कृपया दुखद दुर्घटना पर हार्दिक संवेदना स्वीकार करें।

### ऑस्कर विजेता लेखक रॉबर्ट टाउन का निधन

**न्यूयॉर्क।** चाइनाटाउन फिल्म के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले अमेरिका के जाने माने लेखक एवं फिल्म निर्देशक रॉबर्ट टाउन का लॉस एंजिलिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। रॉबर्ट की प्रचारक कैरी मैक्कलर ने बताया कि टाउन का निधन सोमवार को हुआ। उन्होंने यह नहीं बताया कि टाउन की मौत का क्या कारण था। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित लेखकों में से एक माने जाने वाले टाउन को चाइनाटाउन के लिए ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### विरोध प्रदर्शन से संबंधित प्रकरण में इमरान खान बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अयोग्य घोषित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन से संबंधित मामले में बुधवार को खान और उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को बरी कर दिया। जिला एवं सत्र न्यायालय ने जिन अन्य नेताओं को बरी किया है, उनमें शाह महमूद कुरैशी, शेख रशीद, असद कैसर, शहरयार आफरीदी, फैसल जावेद, राजा खुर्रम और अली नवाज अवान शामिल हैं। जियो न्यूज की खबर के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट यासिर महमूद ने यह फैसला सुनाया।

### यूक्रेन में अपने ही साथी सैनिक पर चलाई गोलियां

**लुगांस्क।** यूक्रेन के एक सैनिक ने अपने दो साथी सैनिकों को पीछे से गोली मारने की कोशिश की। अपराधी सैनिक ओलेक्सी डेविडेन्को को कीव क्षेत्र में पकड़ लिया गया। डेविडेन्को ने कहा कि कुछ लोग उनके ठिकाने पर हमला करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तभी उनके एक साथी सैनिक ने उन्हें और एक अन्य सैनिक को गोली मारने की कोशिश की। सैनिक ने कहा मैंने केवल पीछे से एक बंदूक फटने की आवाज सुनी और हम दोनों गिर गए।

### यूक्रेन को लेकर हिचकिचा रहे नाटो के सहयोगी देश

**वाशिंगटन।** यूक्रेन को अगले सप्ताह वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन में बताया जाएगा कि वह गठबंधन में शामिल होने के लिए बहुत भ्रष्ट है। टेलीग्राफ ने अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए बुधवार को यह रिपोर्ट दी। नौ-11 जुलाई को संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन में, नाटो सहयोगी सदस्यता वार्ता से पहले भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए कीव से कदम उठाने का अनुरोध करेंगे।

## मुंबई आतंकवादी हमले का आरोपी भारत होगा प्रत्यर्पित

वाशिंगटन, एजेंसी

- वांछित अपराधी तहव्वुर राणा प्रत्यर्पण संधि के तहत लाया जा सकता है भारत

मुंबई में 2008 के आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के लिए भारत में वांछित अपराधी तहव्वुर राणा को अमेरिका-भारत प्रत्यर्पण संधि के स्पष्ट प्रावधानों के तहत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। अमेरिका के एक अटॉर्नी ने एक संघीय अदालत में यह बात कही।

सहायक अमेरिकी अटॉर्नी, आपराधिक अपील प्रमुख ब्राम एल्डेन अमेरिकी की एक अदालत में अंतिम दलीलें दे रहे थे जहां राणा ने कैलिफोर्निया में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील की है। कैलिफोर्निया की अदालत ने बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट को अस्वीकार कर दिया था। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी राणा (63) ने मई में अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट याचिका दायर की थी।



## ओडिशा में हाथियों के लिए रेस्तरां खेल के मैदान और स्नान क्षेत्र

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के वन विभाग ने यहां चंदका वन्यजीव प्रभाग के कुमारखूंटी में स्थित कुमकी हाथी प्रशिक्षण केंद्र में हाथियों के लिए कई सुविधाएं प्रदान की हैं, जिनमें रसोई, रेस्तरां, रैन बसेरा, स्नान क्षेत्र और खेल का मैदान शामिल हैं। इस साल छह मार्च को खोले गए केंद्र में फिलहाल मामा, चंदू, उमा, कार्तिक, मास्टर जागा और शंकर नामक छह हाथी हैं। ओडिशा और असम के 13 महावत इन हाथियों की देखभाल कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि अपने झुंड से अलग हुए इन हाथियों को मानव बस्तियों से जंगली झुंडों को दूर भगाकर मानव–हाथी संघर्ष रोकने में सहायता करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चंदका वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) शरत चंद्र बहेरा के अनुसार, ये हाथी सिमिलिपाल और कपिलास समेत ओडिशा के विभिन्न वन क्षेत्रों से लाए गए हैं। चंदका वन्यजीव प्रभाग के वन अधिकारी सौम्य रंजन बेउरा ने बताया कि हाथियों के प्रभावी प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र ने प्रत्येक हाथी के लिए रेस्तरां समेत कई विशेष सुविधाएं स्थापित की हैं।

# नेपाल में खेला : मंत्रियों के इस्तीफे देउबा ने मांगा प्रचंड से त्यागपत्र

### सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी सीपीएन-यूएमएल ने नेपाल कांग्रेस से मिलाया हाथ

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में सत्ता की लड़ाई को लेकर बुधवार को प्रचंड सरकार के साथ सियासी खेला हो गया। सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी मंत्रियों ने प्रचंड देर शाम सरकार को इस्तीफा सौंप दिया। वहीं नेपाली कांग्रेस के प्रमुख शेर बहादुर देउबा ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' से इस्तीफा देने व नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने को कहा। अब प्रधानमंत्री प्रचंड के पास सरकार को बचाने के रास्ते लगभग बंद हो चुके हैं। क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड को हटाने के लिए सबसे बड़ी पार्टी (नेपाली कांग्रेस) के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते के बाद समर्थन वापस ले लिया है।

देउबा ने काठमांडू के बाहरी इलाके में बूढ़ानीलकंठ स्थित अपने आवास पर हुई एक अहम बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि सबसे बड़ी पार्टियों नेपाली कांग्रेस और यूएमएल ने कहा है कि वे साथ मिलकर नई सरकार बनाएंगे। दोनों पूर्व प्रधानमंत्री, देउबा (78) और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली (72), ने नई सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझेदारी समझौते पर सोमवार रात हस्ताक्षर किए। वे संसद के शेष कार्यकाल के लिए बारी-बारी से प्रधानमंत्री पद साझा करने पर सहमत हुए। यूएमएल की प्रचार समिति के उप प्रमुख बिष्णु रिजाल ने कहा हमारी पार्टी ने समर्थन वापस ले लिया है। यूएमएल के सभी मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बैठक में मुख्य रूप से नई गठबंधन सरकार के गठन के एजेंडे और तौर-तरीकों पर चर्चा हुई।



शेर बहादुर देउबा और केपी औली समझौता पत्र दिखाते हुए।

### देउबा और ओली के बीच हुए सात-सूत्री समझौते

सोमवार रात देउबा और ओली के बीच हुए सात–सूत्री समझौते में दोनों दलों के बीच संसद के शेष तीन साल के कार्यकाल को साझा करना, विभागों का बंटवारा, प्रांतीय नेतृत्व की भूमिकाएं और प्रधानमंत्री का पद बारी–बारी से संभालना शामिल हैं।

### नेपाल में कुल 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा

नेपाल में कुल 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के 89 सदस्य हैं, जबकि सीपीएन–यूएमएल के 78 सदस्य हैं। इस तरह, उनका संयुक्त संख्या बल 167 है जो निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 सीट से अधिक है। वहीं, प्रचंड की पार्टी के 32 सदस्य हैं।

### दो साल में तीसरी बार होगा सत्ता परिवर्तन

**काठमांडू।** नेपाल में 20 नवंबर 2022 को आम चुनाव हुए थे। इस चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। 275 सीटों में से नेपाली कांग्रेस ने 89 जीती, सीपीएन–यूएमएल ने 78 और प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ने 32 सीटें जीती थीं। तीन बड़ी पार्टियों में सबसे कम सीटें जीतने के बावजूद प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को गठबंधन के सहारे प्रधानमंत्री बने थे। उन्हें देउबा की नेपाली कांग्रेस का समर्थन मिला था। हालांकि, ये गठबंधन ज्यादा समय तक नहीं टिक पाया, 15 महीने बाद ही मार्च 2024 में दोनों में फूट के बाद गठबंधन टूट गया। प्रचंड ने फिर केपी ओली का सहारा लेकर सरकार बनाई, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी सीपीएन–यूएमएल ने प्रचंड को हटाने के लिए सबसे बड़ी पार्टी (नेपाली कांग्रेस) के साथ सत्ता–साझेदारी समझौते के बाद समर्थन वापस ले लिया है। पिछले 2 साल में तीसरी बार सत्ता परिवर्तन हो गया।


## इटली में भारतीय की मौत के मामले में कंपनी का मालिक गिरफ्तार

**रोम।** इटली की पुलिस ने एक भारतीय श्रमिक की मौत के मामले में एक कृषि कंपनी के मालिक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एक भारी मशीन से कृषि श्रमिक का हाथ कटने के बाद उसे चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के बजाय ऐसे ही सड़क पर छोड़ दिया था। भारतीय कृषि श्रमिक की मौत से पूरे इटली में आक्रोश है और देश के नेतृत्व ने स्वयं इस पर शोक जताया है।

एएनएसए समाचार एजेंसी की खबर में बताया गया कि पिछले माह रोम के निकट लाजियो क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी पैक करने वाली मशीन से भारतीय कृषि श्रमिक सतनाम सिंह (31) का हाथ कट गया था जिसके बाद उसके मालिक ने उसे ऐसे ही सड़क पर छोड़ दिया और अत्यधिक रक्त बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

अंततः सिंह का इस हालत में पता लगने के बाद उसे हवाई मार्ग से रोम के एक अस्पताल में लाया गया, जहां दो दिन बाद उसने दम तोड़ दिया। अभियोजकों ने एक बयान में कहा कि सिख कृषि श्रमिक की मौत अत्यधिक रक्त बहने के कारण हुई थी, यदि उसे तुरंत चिकित्सा सहायता मिल जाती तो संभवतः उसे बचाया जा सकता था। लाजियो-भारतीय समुदाय के प्रमुख गुरमुख सिंह ने कहा मौत की खबर से लोगों में रोष है।

## भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा



रूसी समकक्ष से मिलते विदेश मंत्री एस. जयशंकर। ● एजेंसी

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी

- शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी विदेश मंत्री से मिले

कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक में पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को यहां रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के समक्ष युद्ध क्षेत्र में रूसी सेना के लिए लड़ रहे भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। अभी इस यात्रा की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है लेकिन ऐसी जानकारी है कि मोदी अगले सप्ताह मॉस्को की यात्रा कर सकते हैं। जयशंकर ने एक पोस्ट में कहा रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर खुशी हुई। जयशंकर ने कजाखस्तान की राजधानी में पुश्किन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### यूएन प्रमुख व बेलारूस के विदेश मंत्री से भी मिले

**कजाकिस्तान।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार समेत विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने तथा विभिन्न द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए यहां आए जयशंकर ने बेलारूस के अपने समकक्ष मैक्सिम रेजेनकोव और ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री सिराजुद्दीन मुहरिद्दीन से भी मुलाकात की।

## ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों का दबदबा

लंदन, एजेंसी

**ब्रिटेन में आम चुनाव आज**

- वर्ष 2019 में चुने गए थे भारतीय मूल के 15 सांसद,
- राष्ट्रपति सुनक और लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर के बीच है मुकाबला

ब्रिटेन के 4 जुलाई को आम चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। यहां मुख्य मुकाबला राष्ट्रपति ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के उम्मीदवार कीर स्टार्मर के बीच होगा। भारतीय मूल के मतदाताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बार के आम चुनाव में देश के इतिहास में अब तक की सबसे विविध संसद देखने को मिल सकती है, जिनमें देशभर से भारतीय मूल के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या हो सकती है। ब्रिटिश फ्यूचर थिंक टैंक के एक विश्लेषण के अनुसार, अगर लेबर पार्टी बहुमत हासिल करती है तो उसमें जातीय अल्पसंख्यक सांसदों की अभी तक की सबसे अधिक संख्या हो सकती है।

विश्लेषण में कहा गया है कि इस बार करीब 14 प्रतिशत सांसद जातीय अल्पसंख्यक समुदायों के थे, जबकि नई संसद में उनकी संख्या अधिक रह सकती है। वर्ष 2019 में हुए पिछले आम चुनाव में भारतीय मूल के 15 सांसद चुने गए थे, जिनमें से कई दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।



प्रचार के दौरान समर्थकों के बीच ऋषि सुनक। ● एजेंसी

### भारतीय मूल के मतदाताओं की तादाद से मुकाबला होगा दिलचस्प

भारतीय मूल के मतदाताओं की अच्छी–खासी तादाद वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि गोवा मूल की पूर्व सांसद कीथ वाज भी यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। इस बीच, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड और नॉर्थअलर्टन की अपनी सीट बरकरार रखने की उम्मीद है। साथ ही उनके मंत्रिमंडल की पूर्व सहयोगी प्रीति पटेल के एसेक्स में विथम और सुएला ब्रेवरमैन के फारेहैम तथा वाटरलूविले में जीतने की उम्मीद है।

## भारतीय अमेरिकी वैकल्पिक डेलिगेट हुआ नियुक्त

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता एवं अटॉर्नी जनरल हरदाम त्रिपाठी को इस महीने विस्कॉन्सिन में होने वाले रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए एक आधिकारिक वैकल्पिक डेलिगेट के तौर पर चुना गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुनने के लिए होने वाले सम्मेलन को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन कहा जाता है और डेलिगेट वह व्यक्ति होता है जिसे अमेरिका की किसी राजनीतिक सभा में लोगों के एक समूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाता है। ट्रंप (78) राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन (81) से होने की संभावना है। विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में 14 से 18 जुलाई तक होने वाले रिपब्लिकन नेशनल पार्टी के इस सम्मेलन में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप को औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार नामित किया जाएगा।

## खराब प्रदर्शन के बावजूद चुनाव लड़ने पर अड़े बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

**अमेरिका में चुनाव**

- डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर बढ़ रहे दबाव को खारिज कर दिया

अमेरिका में आगामी चुनाव के लिए ट्रंप से पहली डिबेट हारने के बावजूद राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। बाइडेन ने तैयारियों पर उठ रहे सवालों और दावेदारी को वापस लेने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर बढ़ रहे दबाव को खारिज कर दिया है। उन्होंने बुधवार को फिर से चुनाव लड़ने का संकल्प लिया और कहा कि शीर्ष पद की दौड़ से बाहर करने के लिए उन्हें मजबूर नहीं किया जा सकता। बाइडेन ने कहा मैं चुनाव लड़ रहा हूं। मैं डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार हूं। घटनाक्रम से परिचित तीन लोगों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के बुलावे पर बाइडेन और हैरिस दोनों ही अचानक पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस दौरान संक्षिप्त और उत्साह बढ़ाने वाली बातचीत हुई, इसमें चुनाव के दांव-पेंच पर जोर दिया गया और पिछली बहस के बाद बाइडेन की टिप्पणियों पर विचार किया गया।



### बाइडन की तुलना में कमला राष्ट्रपति पद के लिए बेहतर

**वाशिंगटन।** भारतीय–अफ्रीकी मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस यदि राष्ट्रपति पद के चुनाव में खड़ी होती हैं तो राष्ट्रपति जो बाइडेन की तुलना में उनके जीतने की संभावना अधिक है। सीएनएन के एक हालिया सर्वेक्षण में यह कहा गया है। बाइडेन (81) की देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में स्वीकृति की रेटिंग पिछले सप्ताह अटलांटा में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप साथ हुई बहस में उनके निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गिर गई।



## चीन बोला- चालक दल की हिरासत की कार्रवाई में हस्तक्षेप न करे ताइवान

**ताइपे।** ताइवान ने बुधवार को दावा किया कि चीन ने उसके (ताइवान के) तटरक्षक बलों को मछली पकड़ने वाली एक ताइवानी नौका रोके जाने के मामले में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी है। इसे ताइवान के क्षेत्र पर अतिक्रमण करने के चीन के नवीनतम प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। तटरक्षक ने नौका और उसके चालक दल के सदस्यों को छोड़े जाने की फिर से मांग की, जिन्हें मंगलवार रात चीनी तट के पास ताइवान नियंत्रित किनमेन द्वीप के जलक्षेत्र से हिरासत में लिया गया था, लेकिन चीन ने ताइवान की सरकार से संवाद करने से इनकार कर दिया है। ताइवान के समुद्री अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि दो चीनी जहाजों ने दाजिनमैन 88 को मंगलवार शाम किनमेन द्वीपसमूह पर रोक लिया। दाजिनमैन 88 को बचाने के लिए तीन पोत भेजे, लेकिन चीनी नावों ने उन्हें रोक दिया और हस्तक्षेप नहीं करने की चेतावनी दी।

## बॉलीवुड हलचल

### एकता कपूर की बायोपिक बनाना चाहती निवेदिता बासु

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार निवेदिता बासु अपनी दोस्त और फिल्मकार एकता कपूर की बायोपिक बनाना चाहती है। निवेदिता ने बतौर क्रिएटिव डायरेक्टर 15 सालों तक एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स में काम किया है। उन्होंने बताया कि एकता को मैं अपना गुरु मानती हूं। मैंने उनके साथ 15 साल तक काम किया और इस दौरान, मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। यह तय है कि एकता कपूर पर बायोग्राफी कभी–न–कभी जरूर बनेगी। हालांकि, इसके राइट्स को फिलहाल उन्होंने खुद ही होल्ड किया हुआ है। निवेदिता बासु ने बताया, एकता अपने आप में एक ब्रांड है। उनकी कहानी पर फिल्म बनाने के लिए कई लोग तैयार बैठे हैं।

### कुबेर में रश्मिका मंदाना का ऑफिशियल लुक आया सामने



**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित सामाजिक ड्रामा, शेखर कम्मुला की कुबेर का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। कुबेर को आगामी पैन इंडिया फिल्मों में से एक माना जा रहा है। इस फिल्म से रश्मिका मंदाना के ऑफिशियल पहले लुक की झलक सामने आई है। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए पोस्टर में रश्मिका के किरदार को गुलाबी सूट पहने और अपने पीछे एक सूटकेस खींचते हुए दिखाई गई है, जो एक सुनसान जगह लगती है।

### रणवीर ने कल्कि की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने फिल्म कल्कि 2898 एडी की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। बॉलीवुड से लेकर साउथ स्टार्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं।

## हंगरी ने यूक्रेन से युद्ध विराम पर विचार करने को कहा

**यूक्रेन।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की से रूस के साथ युद्धविराम पर विचार करने का अनुरोध किया, ताकि शांति वार्ता में तेजी आ सके। ओरबान ने यूक्रेन की राजधानी कीव में जेलेंस्की से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने जेलेंस्की से युद्धविराम पर दूसरे दृष्टिकोण, संघर्ष विराम और वार्ता जारी रखने पर विचार करने के लिए कहा। युद्ध विराम वार्ता को गति दे सकता है। ओरबान के प्रवक्ता, बर्टलान हवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में शांति प्रयासों और उनके द्विपक्षीय एजेंडे पर चर्चा करने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जेलेंस्की के साथ बातचीत पर एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और इसे यूरोपीय संघ की परिषद को सौंपेंगे।

**मौसम** — मानसूनी बारिश में गहरा असर डाल सकता है ला नीना

# मानसून के मध्य सत्र से ला नीना होगा सक्रिय

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अल नीनो के प्रभाव से सूखा व भीषण गर्मी की मार झेलने के बाद अब ला नीना का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। मौसम विशेषज्ञों की माने तो भारतीय जमी पर अगस्त से बारिश व ठंड के रूप में ला नीना अपनी लीला दिखानी शुरू कर देगा। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी।

मई से अल नीनो का प्रभाव शीथिल पड़ने के बावजूद देश को प्रचंड गर्मी की मार झेलनी पड़ी थी। जिससे निजात मिलने के बाद अब सर्द मौसम को झेलने के लिए तैयार रहना है। ला नीना मानसून की बारिश में खासा प्रभाव डालने जा रहा है। जिसकी संभावना 85 प्रतिशत तक जताई जा रही है। इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (आईएमडी) के अनुसार मानसून के मध्य सत्र से ला नीना भारत में सक्रिय होने जा रहा है, जो मानसून पर गहरा असर छोड़ सकता है। जिसके चलते मध्य अगस्त से सितंबर तक मानसून सामान्य से अधिक बरस सकता है। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश की संभावना रहेगी। साथ ही भूस्खलन जैसी आपदाओं की संभावनाओं के मद्देनजर पूर्व तैयारियां करनी होगी। मानसून सत्र समाप्त होने के बाद सर्दी संभवतः सामान्य से अधिक सताएगी। अल नीनो के चलते गत वर्ष शीतकाल का अधिकांश समय सूखे की चपेट में रहा। मगर इस बार मौसम की परिस्थितियां ला नीना के कारण विपरित रहेंगी। जो कृषि क्षेत्र के लिए लाभदायक होगी। पर्वतीय क्षेत्रों में परिस्थितियां अनुकूल होंगी।



### उत्तराखंड में ला नीना के असर की संभावना

उत्तराखंड मौसम विभाग के निदेशक डा बिक्रम सिंह के अनुसार ला नीना के उत्तराखंड में सक्रिय रहने की संभावना 61 प्रतिशत है। जिसका असर मानसून के साथ शीतकालीन मौसम में भी रहने की संभावना है। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी और शीत में उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में अधिक हिमपात की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

### वायु प्रदूषण पर अंकुश जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा कारण वायु प्रदूषण है, जो पश्चिमी विक्षोभ, मानसून के साथ वैश्विक स्तर पर असर डालने वाले ला नीना व अल नीनो जैसे प्राकर्तिक स्रोत को प्रभावित कर रहा है। भविष्य ने भयावह मौसमी दुष्परिणाम का सामना करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।